1986-2024 39 वर्ष स्वर्ण जयंती की ओर अग्रसर

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व नई दिल्ली से प्रकाशित

स्वतंत्र चेतना

प्रयागराज
वर्ष 33,अंक 280
बुधवार 19 जून,2024
पृष्ठ 12 ₹4.00

www.swatantrachetnanews.com

गोरखपुर , लखनऊ , प्रयागराज , कानपुर , नई दिल्ली , हरिद्वार , वाराणसी ,आजमगढ़ व अयोध्या से प्रकाशित

कृषि व किसान का कल्याण पीएम एनडीए सरकार की प्राथमिकताः शिवराज

मां गंगा ने मुझे गोद लिया,तीसरी बार चुना जाना ऐतिहासिकः मोदी

प्रधानमंत्री ने देशभर के 9.27 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की,स्वयंसहायता समूहों की 30 हजार महिलाओं को कृषि सखी प्रमाण पत्र दिया

स्वतंत्र चेतना

वाराणसी। वाराणसी से तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को काशी पहुंचे। उन्होंने देशभर के किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके बाद काशी की जनता का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री मंगलवार को वाराणसी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पहली बार मैं काशी आया हूं। बाबा विश्वनाथ, मां गंगा और काशी की जनता के आशीर्वाद से मुझे तीसरी बार देश का प्रधानसेवक बनने का मौका मिला है। काशी की जनता ने मुझे जिताकर धन्य कर दिया। ऐसा लगता है कि अब तो माता गंगा ने भी मुझे गोद ले लिया और मैं यहीं का हो गया हूं। मैं आपका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि इस बार देश के चुनावों ने नया इतिहास रच दिया है। दुनिया के

लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहली बार है कि किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना गया हो। भारत की जनता ने यह कर दिखाया है। उन्होंने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि वे दिन-रात ऐसे ही मेहनत करेंगे और लोगों के सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए हर प्रयास करेंगे।

तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अपने पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी ने आज प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के अंतर्गत लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी की। अब तक 11 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों को पीएम-किसान योजना के अंतर्गत 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिला है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना बन गई है। उन्होंने कहा कि हम पैकेज्ड फूड के वैश्विक बाजार में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उनका सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कुछ अनाज या फल उत्पाद होना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक कृषि सखी महिलाओं को

● 2014 के बाद पहली बार देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना अन्नदाताः योगी

प्रमाण पत्र प्रदान किए। कृषि सखी कन्वर्जेंस कार्यक्रम (केएससीपी) का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं का कृषि सखी के रूप में सशक्तिकरण करते हुए कृषि सखी महिलाओं को पैरा-एक्सटेंशन वर्कर के रूप में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करके, ग्रामीण भारत की तस्वीर को बदलना है। यह प्रमाणन पाठ्यक्रम लखपति दीदी कार्यक्रम के उद्देश्यों के भी अनुरूप है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के बाद 2014 में पहली बार अन्नदाता किसान देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना। स्वायल हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तक अनेक योजनाओं के जरिए किसानों के जीवन में परिवर्तन कर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए, आज उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने जब तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो सबसे पहले अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित फाइल पर हस्ताक्षर किया और पीएम मोदी के द्वारा आज करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सौगात मिल रही है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को वाराणसी मेहंदीगंज में आयोजित किसान सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.26 करोड़ किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त (20 हजार करोड़ रुपये से अधिक) का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। साथ ही कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

डाकघर अधिनियम 2023 हुआ लागू

नयी दिल्ली,वार्ता। नागरिक केन्द्रित सेवाओं, बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने के लिए एक सरल विधायी ढांचा तैयार करने तथा पत्रों के संग्रह, प्रोसेसिंग और वितरण के विशेषाधिकार जैसे प्रावधानों को समाप्त करने वाला डाकघर विधेयक, 2023 प्रभावी हो गया है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार डाकघर अधिनियम, 2023 प्रभावी हो गया है और भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 को निरस्त हो गया है।

इससे संबंधित विधेयक को 10 अगस्त 2023 को राज्यसभा में पेश किया गया था और 04 दिसंबर 2023 को राज्यसभा ने इसे पारित किया था।

मोदी 30 को करेंगे मन की बात,देशवासियों से मांगे सुझाव

नयी दिल्ली,वार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्र में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद आगामी 30 जून को एक बार फिर आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में देशवासियों के साथ विचार साझा करेंगे।

श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खुद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा ,आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीने के अंतराल के बाद मन की बात की एक बार फिर से वापस हो रही है।

रेल हादसे पर कांग्रेस ने कहा रेलमंत्री तुरंत हों बर्खास्त

नयी दिल्लीःप्र कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार की लापरवाही के कारण रेल यात्रा सबसे असुरक्षित तथा चुनौतीपूर्ण बन गयी है और रेल मंत्री का ध्यान रेल सुधार पर नहीं है, इसलिए उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रेल दुर्घटनाएँ तेजी से बढ़ रहीं हैं और सरकार इससे निपटने पर ध्यान नहीं दे रही है।

नीट विवाद पर एनटीए व केन्द्र को सुप्रीमकोर्ट का नोटिस

0.001 फीसदी भी गड़बड़ी हुई हो तो उचित कार्रवाई करें

● केंद्र से कहा कोई गलती हुई हो तो उसे स्वीकार करें अगर धोखधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डाक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा ● हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है, हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं,अगली सुनवाई 8 को

नयी दिल्ली,वार्ता। उच्चतम न्यायालय ने गंभीर अनियमितताओं के आरोपों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 रद्द कर इसे दोबारा आयोजित कराने की मांग वाली एक याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले से पूरी तरह निपटाया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से आगे कहा, ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं।

शीर्ष अदालत ने पांच मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर चार जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए

को नसीहत देते हुए कहा, एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो हाँ कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।

शीर्ष अदालत ने मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए आयोजित नीट यूजी 2024 में अनियमितता के आरोप लगाने वाली इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, वह (एनटीए) इस मामले में आत्ममंथन करे।

न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान केंद्र और एनटीए से कहा कि वे निष्पक्षता से काम करें और अगर नीट यूजी 2024 में कोई गलती हुई है तो उसे स्वीकार करें और छात्रों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित कार्रवाई करें।

पीठ ने कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने और परीक्षा की तैयारियों में अन्य अनियमितताओं के कारण नीट यूजी 2024 को रद्द करने की मांग वाली इस याचिका पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई अन्य संबंधित याचिकाओं के साथ आठ जुलाई को करेगी।

गौरतलब है कि नीट यूजी 2024 विवाद पर इससे पहले शीर्ष अदालत ने देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को 13 जून को मंजूरी दी थी। पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की (ग्रेस अंक पाने वाले विद्यार्थियों के पुनः परीक्षा कराने) की याचिकाओं पर केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद यह अनुमति दी थी।

शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने तब यह भी कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी निर्धारित तारीख पर दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इस प्रकार से नई रैंकिंग के साथ परीक्षा परिणाम जारी किए जाएंगे।

नीट पेपर लीक मामले पर हैरान करती है मोदी की चुप्पी : राहुल

नयी दिल्ली,वार्ता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ

● कहा देश के 24 लाखस बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और मोदी चुप्पी साधे हुए हैं

खिलवाड़ हुआ है और श्री मोदी इस पर हैरान करने वाला मौन साधे हुए हैं।

श्री गांधी ने मंगलवार को कहा, नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। इसको लेकर बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में

योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं।

उन्होंने कहा, हमारे न्यायपत्र में पेपर लीक के विरुद्ध सख्त कानून बना कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की हमने गारंटी दी थी। विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए हम देश भर के युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठा कर और सरकार पर दबाव डाल कर ऐसी कठोर नीतियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बिहार के अररिया में बकरा नदी पर 12 करोड़ की लागत से बना पुल नदी में समाया

अररिया। बिहार में अररिया जिले के सिकटी अन्तर्गत पड़रिया में बकरा

नदी पर कुल 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल मंगलवार को बकरा नदी में समा गया।पुल का तीन से चार पाया नदी में समा गया।

पुल के नदी में समाने को लेकर सांसद प्रदीप कुमार सिंह और सिकटी भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने इसे संवेदक और विभागीय लापरवाही का नतीजा करार दिया। सांसद और विधायक ने बताया कि पुल की पाइलिंग में गड़बड़ी बरतने के साथ रात में संवेदक के द्वारा गुणवत्ता विहीन काम करने का नतीजा है पुल का गिरना।

सांसद ने मामले की जांच उच्च स्तरीय टीम के साथ कराने के साथ जिम्मेवार संवेदक और विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही। पुल निगम के अधिकारी इस बाबत कुछ भी नहीं बोल रहे हैं।

यूपी में पछुआ हवाओं से भीषण लू बरकरार

स्वतंत्र चेतना

कानपुर। सूरज की आग उगलती लपटें और पछुआ हवाओं से उत्तर प्रदेश में भीषण लू का प्रकोप बरकरार है। हालत यह है कि सुबह 10 बजे के

● 20 जून से बारिश के आसार

बाद लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि मानसून की गतिविधियां अनुकूल होती दिखाई दे रही हैं और 20 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार बन रहे हैं। इस बीच प्रयागराज से लेकर बुन्देलखण्ड और मध्य उत्तर प्रदेश में मेघ गर्जन व आकाशीय बिजली चमकने के साथ तेज धूल भरी आंधी चलेगी, हालांकि स्थानीय स्तर पर बौछारें भी पड़ सकती हैं।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। दक्षिणी मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना, सिक्किम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, दक्षिणी ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, तटीय कर्नाटक और केरल में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, आंतरिक कर्नाटक, दक्षिण गुजरात, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड के कुछ हिस्सों, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

उत्तराखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, रायलसीमा, मराठवाड़ा और दक्षिणपूर्व राजस्थान में हल्की बारिश हो सकती है।

सीडीएस जनरल चौहान ने साइबर स्पेस अभियानों के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया

नयी दिल्ली,वार्ता। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को यहां साइबर स्पेस अभियानों के संचालन में कमांडरों का मार्गदर्शन करने वाला संयुक्त सिद्धांत जारी किया ।



रक्षा मंत्रालय के अनुसार जनरल चौहान ने यहां चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी की बैठक में यह सिद्धांत जारी किया । संयुक्त सिद्धांत एक प्रमुख दस्तावेज है जो मौजूदा जटिल सैन्य संचालन माहौल में कमांडरों का मार्गदर्शन करेगा।

संयुक्त सिद्धांतों का विकास तीनों सेनाओं के एकीकरण और उनमें एकजुटता को बढावा देने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत सशस्त्र बलों में एकीकरण की प्रक्रिया को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। थल, जल और हवाई युद्ध के पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा, साइबरस्पेस आधुनिक युद्ध में एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरा है।

थल, जल और हवाई क्षेत्र में क्षेत्रीय सीमाओं के विपरीत साइबरस्पेस एक वैश्विक साझा क्षेत्र है और इसलिए इसकी साझा संप्रभुता है।

साइबरस्पेस में किसी भी तरह की शत्रुतापूर्ण कार्रवाई किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, एकजुटता, राजनीतिक निर्णय लेने और राष्ट्र की अपनी रक्षा करने की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं।

यूपी में विकास कार्य को गति देने के लिए मातृ अर्पण योजना शुरु

स्वतंत्र चेतना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के लिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश मातृ अर्पण योजना शुरू की है, जिसे अब तेजी से क्रियान्वित किए जाने की ओर कदम बढ़ाए गए हैं।

नगर विकास विभाग की ओर से नगरीय क्षेत्रों में योजना के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार किसी नगरीय निकाय में विकास कार्य के लिए दानदाता 60 प्रतिशत अंश देगा तो 40 प्रतिशत सरकार की ओर से दिया जाएगा। ये 40 प्रतिशत या उससे कम राशि की व्यवस्था कार्य से संबंधित विभागों के बजट प्रावधानों की जाएगी। इसके अतिरिक्त दानदाता के द्वारा संबंधित कार्य के लिए दान की गई राशि इस योजना के तहत खुलवाए गए एस्क्रो अकाउंट में जमा कराई जाएगी। दान की राशि जमा करवाने के 30 दिनों के अंदर संबंधित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित जिलाधिकारी द्वारा संपन्न कराई जाएगी एवं कार्य की प्रगति की रिपोर्ट शासन को दी जाएगी। योजना

● इस योजना के तहत 30 दिन में मिलेगी कार्य की मंजूरी

का प्रस्ताव नगर निगमों द्वारा नगर आयुक्तों के माध्यम से तथा अन्य नगरीय निकायों (नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत) के अधिशासी अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारियों के माध्यम से शासन को प्रेषित किया जाएगा।

निर्देशों के अनुसार, यदि कोई दानदाता स्कूल व इंटर कॉलेज की कक्षाओं या स्मार्ट क्लास के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराता है तो शेष धनराशि बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के बजट से प्रदान की जाएगी। इसी तरह सामुदायिक भवन के लिए नगर विकास विभाग से, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के लिए चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग से, पुस्तकालय और खेलकूद के लिए व्यायाम भवन और उपकरण हेतु खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग से धनराशि ली जाएगी। वहीं सीसीटीवी कैमरा, सर्विलांस सिस्टम, फायर सर्विस स्टेशन के विकास के लिए गृह विभाग को, अत्येष्टि स्थल के विकास और जल की व्यवस्था एवं सीवरेज, एसटीपी आदि के लिए नगर विकास विभाग शेष धनराशि देगा। बस स्टैंड और सोलर एनर्जी स्ट्रीट लाइट और पेयजल योजनाओं, आरओ प्लांट के लिए अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत व नगर विकास विभाग सहायक की भूमिका में होगा।

योजना को प्रभावी तरीके से लागू करने का कार्य उत्तर प्रदेश मातृभूमि सोसायटी का होगा, जो नगरीय क्षेत्रों में निदेशक नगर निकाय निदेशालय के माध्यम से कराया जाएगा।

सजा नहीं न्याय केंद्रित हैं 3 नये आपराधिक कानून : डीजीपी

स्वतंत्र चेतना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस के महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मंगलवार को नए आपराधिक कानूनों

● कहा भारतीय न्याय संहिता 2023 कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शीता व पीड़ित की भागीदारी को बढ़ावा देता है

को लेकर जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एक जुलाई से पूरे देश में नये आपराधिक कानून लागू हो जाएगा। इन नये कानून के लागू होने के बाद इंडियन पीनल कोड यानि आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड यानि सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होंगे। इन नये आपराधिक कानूनों के ज़रिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले। इसके लिए नई तकनीकों को पूरी प्रक्रिया में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और पीड़ित की भागीदारी को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही न्याय वितरण में कानून प्रवर्तन की भूमिका को और मजबूत बनाता है।

डीजीपी ने कहा कि आज के समय की मांग को देखते हुए ये नये आपराधिक कानून लाए जा रहे है। इन नये कानूनों में दण्ड पर नहीं

बल्कि न्याय पर जोर दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में ये सुनिश्चित किया गया है कि अपराध के मामले में पीड़ित को तय समय सीमा में न्याय मिले। नए आपराधिक कानूनों में आतंकवाद और संगठित अपराध जैसे नए विषय भी शामिल किए गए है।

डीजीपी ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी शिकायत के समाधान में उससे जुड़े किसी भी पक्ष का उत्पीड़न ना हो। उन्होंने बताया की नये आपराधिक कानूनों में महिला और बच्चों से जुड़े सभी अपराधों को एक साथ पांचवें अध्याय में रखा गया है। 18 साल से कम उम्र की लड़कियों के खिलाफ होने वाले अपराध के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। वहीं इनमें पीड़ित को अब एफआईआर की एक प्रति मुफ्त हासिल करने का अधिकार दिया गया है। साथ ही 90 दिन के अंदर जांच की प्रगति की जानकारी देने को जरूरी बनाया गया है। भारतीय न्याय संहिता, श्रम या वेश्यावृति के लिए बच्चों की खरीद-फरोख्त को दंडनीय अपराध बनाती है।

डीजीपी ने कहा कि अक्सर कई ऐसे मामले सामने आते हैं जिनमें अपराध गंभीर होने पर भी कम उम्र होने के कारण आरोपी बच जाते थे। लेकिन अब मानसिक परिपक्वता के आधार पर तय होगा की अपराधी वयस्क है कि नहीं और उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

डीजीपी ने यह बताया कि मानव तस्करी एक बड़ी चुनौती है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में इससे निपटने के लिए कानूनों को और मजबूत किया गया है। किसी भी व्यक्ति की तस्करी, वेश्यावृति और फिरौती के लिए मानव तस्करी को इनमें शामिल करते हुए आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक के प्रावधान किए गए हैं, इनमें भिक्षावृत्ति को भी जोड़ा गया है।

वित्त प्रबंधन सूचना अधिकार अधिनियम आपदा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

प्रयागराज। वी.के.गर्ग, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, प्रयागराज के मार्गदर्शन, रजत पुरवार, उप महाप्रबंधक (सा.)/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के निर्देशन, संतोष बाजपेयी, सहायक उप महाप्रबंधक, प्रयागराज के नेतृत्व एवं मुख्य कार्य अध्ययन

सुपरवाइजरों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण 130वें प्रबंधन विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

निरीक्षकों पुष्पेंद्र सिंह, चन्द्र प्रकाश राय एवं मनदीप कुमार के कुशल प्रबंधन द्वारा 130वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम, बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यात्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर में 10 जून से 14 जून के बीच आयोजित किया गया। बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यात्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्यालय उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल, झाँसी मंडल, आगरा मंडल, कारखाना झाँसी तथा कारखाना सिथौली से आए सुपरवाईजरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन के .आर. चौधरी, मण्डल रेल प्रबन्धक, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर के द्वारा बिमल टोपनो, निदेशक,

बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यात्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर की उपस्थिति में हुआ। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिमल टोपनों, निदेशक, बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यात्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर, बी.के.मिश्रा, मुख्य परिचालन प्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता, चेतन तनेजा, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक(गुड्स), उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, डॉ.एस.के.हांडू, विकित्सा निदेशक/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, मन्नू प्रकाश दुबे, अपर महाप्रबंधक (ओपी व बीडी)/डीएफसीसीआइएल/प्रयागराज, संतोष बाजपेयी, सहायक उप महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, डॉ. स्वामी प्रकाश पाण्डेय, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (पीयू), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, एच के मोहंती, उप मुख्य परिचालन प्रबन्धक (सेफ्टी एवं एफओआईएस), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा क्रमश: मिशन कर्मयोगी, प्रेरणा एवं भावनात्मक बुद्धि, पर्यवेक्षकों के मध्य सामंजस्य एवं उपयोगकताओं के लिए बेहतर सुविधाएं/कार्य नैतिकता, स्वास्थ्य प्रबंधन, वित्त प्रबंधन, सूचना अधिकार अधिनियम, आपदा प्रांबधन, आचरण नियम एवं एचओईआर विषयों पर व्याखान दिए गए।

उक्त कार्यक्रम में पर्यावरण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक के साथ पुरस्कार राशि तथा चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना राशि का पुरस्कार प्रदान किया गया तथा निदेशक, बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यात्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर महोदय को उत्तर मध्य रेलवे की तरफ से मोमेंटो भेंट में प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम का समापन बिमल टोपनों, निदेशक, बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यात्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर की उपस्थिति में सुश्री मनीषा गोयल, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।

युवक का हाथ-पैर काटकर बेरहमी से की हत्या,धड़ की तलाश जारी

प्रयागराज। एक युवक की बेरहमी से हाथ-पैर काटकर हत्या कर दी गई है। मंगलवार सुबह उसके शव के कटे हुए टुकड़े बहरिया-मुबारकपुर मार्ग पर मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक का सिर और धड़ का पता नहीं चला। डीसीपी ने प्रयागराज से प्रतापगढ़ मार्ग तक सिर और धड़ की तलाश में टीम लगाई है। शक जताया जा रहा है कि युवक की हत्या कहीं और कर शव के टुकड़ों को अलग-अलग फेंका गया है।

बहरिया थाना के केवटा बांध में मुबारकपुर-बहरिया सड़क के किनारे एक प्लॉट पर मंगलवार को कटा हुआ एक हाथ और एक पैर मिला। शरीर के दोनों टुकड़े काले पड़े गए थे। ऐसा लग रहा था जैसे उसे जलाया गया हो। वहां से 100

बहरिया मे युवक की हत्या के बाद गंगानगर डीसीपी पहुंचे और अरोपी की गिरफ़्तारी के लिए कई टीम गठित

मीटर दूरी पर दूसरा हाथ और पैर मिला। कपड़े के नाम पर सिर्फ अंडरवियर पड़ा मिला। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताड़ की तो दिखा की कटे दाहिने हाथ पर शिवनाथ साहू और जुलम देवी का नाम गोदा था। इससे आशंका जाहिर की जा रही है कि मृतक का का नाम शिवनाथ साहू हो सकता है। बहरिया थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने शव के टुकड़े को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि प्रयागराज से लेकर जौनपुर और प्रतापगढ़ मार्ग तक शव के टुकड़ों की तलाश की जा रही है। आसपास के जिलों की पुलिस को भी सूचना दे दी गई है कि कहीं कोई व्यक्ति रात से लापता तो नहीं हुआ है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि शिवनाथ साहू नाम का व्यक्ति को गायब नहीं है।

जल ही जीवन है पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़कर किया प्रतिभाग

चित्रों के माध्यम से बच्चों ने लोगों को किया जागरूक, हुए पुरस्कृत एवं सम्मानित

प्रयागराज। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय के आदेशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय बाल ग्रह शिशु, खुल्दाबाद प्रयागराज में जल ही जीवन है पर बच्चों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर जल ही जीवन है पर पेंटिंग बनाई।

सचिव द्वारा सभी बच्चों को जल ही जीवन है के संबंध में जागरूक किया गया और बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप चॉकलेट व अन्य सामग्री वितरित की गई तथा उन्हें उनके भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। आगामी कार्यक्रम में बच्चों से कविता व संगीत की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इसके संबंध में अधीक्षिका श्रीमती रूबी मिराज को बताया गया। सभी बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अगले कार्यक्रम के लिए हुए बहुत उत्सुक दिखे।

प्रयागराज मंडल में भीड़ प्रबंधन के लिए वाणिज्यिक निरीक्षक, पर्यवेक्षकों और मुख्य टिकट निरीक्षकों की तैनाती

प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक, हिमांशु बडोनी के निर्देशन में मण्डल में चलने वाली विभिन्न गाड़ियों में ग्रीष्मकाल में होने वाली भीड़ के प्रबंधन का प्रयास किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को असुविधा न हो। वाणिज्य निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक द्वारा गाड़ियों में 14 से 28 जून तक आरक्षित श्रेणियों के कोचों में सघन जाँच करने का अभियान चलाए जाएंगे। प्रयागराज मंडल ने ग्रीष्मकालीन भीड़ को देखते हुए विशेष ट्रेनों के सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए एवं भीड़ प्रबंधन और ओवर चार्जिंग को रोकने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर वाणिज्यिक निरीक्षक, पर्यवेक्षकों और अधिकारियों को तैनात किया गया है।

इस अभियान के अंतर्गत 14 से 17 जून तक 363 गाड़ियों की जाँच कर 740 अनियमित यात्रियों को गाड़ी से उतारा गया, प्रतीक्षा सूची वाले 794 यात्रियों को आरक्षित कोच से अनारक्षित कोच में भेजा गया एवं 376 बिना टिकट वाले यात्रियो को प्रभारित किया गया। भारतीय रेलवे सभी यात्रियों से अनुरोध करती है कि वैध टिकट के साथ उचित श्रेणी में ही यात्रा करें। बिना टिकट यात्रा करना दण्डनीय अपराध है।

42वर्ष पूर्व 1982 मे हुए हत्याकांड के आरोपियों को बरी करने का सत्र अदालत का फैसला सही करार,राज्य सरकार की अपील खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 42 साल पहले 1982 में एटा की कोतवाली क्षेत्र में हुई हत्या के तीन आरोपियों को बरी करने के सत्र अदालत के फैसले को सही करार दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि अभियोजन संदेह से परे अपराध साबित करने में विफल रहा है। सत्र अदालत ने गवाहों व सबूतों का गहन परीक्षण कर आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया है। कोर्ट ने कहा,मृत शरीर से बरामद बंदूक के छर्रे, बंदूक और खाली कारतूस को जांच के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला नहीं भेजा गया। जिससे अपराध साबित करने में सफलता नहीं मिली।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता तथा न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील पर दिया।

सतदेव सिंह ने 10 मार्च, 1982 को सुघर सिंह, सहदेव सिंह, नागेन्द्र सिंह एवं अशोक के विरुद्ध हत्या व अन्य आरोपों में एफआईआर दर्ज कराया था।कहना था कि उसके पिता गोपाल सिंह की आरोपियों से सने के खेत में बह रहे पानी को लेकर झगड़ा हुआ और आरोपियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी।

दोहरीकरण के चलते ट्रेनों का निरस्तीकरण

प्रयागराज। रेल प्रशासन ने मालखेडी जं. व महादेवखेडी जं. स्टेशन पर एनआई वर्क/दोहरीकरण कार्य के कारण रेलवे द्वारा पूर्व सूचित गाडियों की निरस्तीकरण की तिथि में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। जिन ट्रेनों का निरस्तीकरण किया गया था उनके तिथि में संशोधन किया गया है। गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-निजामुद्दीन 23, 26, 30 जून एवं 03, 07 जुलाई 22168 निजामुद्दीन-सिंगरौली 24, 27 जून, 1, 4, 8 जुलाई, 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद 6 जून, 7, 8, 10 जुलाई निरस्तीकरण तिथि संशोधित की गयी है।

ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर हुआ श्री बड़े हनुमान जी का फूलों और फल से भव्य श्रृंगार

प्रयागराज। ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर श्री बड़े हनुमान जी मंदिर में भक्तो का तांता लगा रहा। प्रयागराज के श्री बड़े हनुमान मंदिर में बड़े हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार हुआ। बाघंबरी मठ और बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरी जी महाराज महाआरती की। वहीं अखण्ड रामायण, सुंदरकांड का पाठ किया गया।

बड़े मंगल के अवसर पर श्री बड़े हनुमान मंदिर में विशेष पूजन हुआ। मंदिर को फूलों से सजाया गया। साथ ही बड़े हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार भी हुआ। सुबह मंगला काल में श्री बड़े हनुमान जी का अभिषेक और आरती की गई। गर्मी को देखते हुए शरबत वितरण और भंडारा भी लगाया गया। ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार पर भगवान श्री बड़े हनुमान जी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। देर शाम तक भीड़ लगी रही। शाम साढ़े चार बजे महाआरती हुई। इसके बाद अखण्ड रामायण, सामूहिक सुंदरकांड का पाठ हुआ। वहीं, भक्तों को धूप से बचाने के लिए टेंट की भी व्यवस्था की गई थी। महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने बताया कि बड़े हनुमान मंदिर में लेटे बजरंग बली को प्रयागराज के नगर कोतवाल के रूप में माने जाते हैं।

दशाश्वमेध घाट पर आज होगा योगाभ्यास व प्राणायाम

प्रयागराज। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की कड़ी में पूरे देश में योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को है। लोगों को स्वस्थ एवं निरोग रखने के लिए योग प्राणायाम अपने दैनिक जीवन में ढालने के लिए शासन व प्रशासन विशेष बल दे रहा है। नगर में जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयोंऱ्ख महाविद्यालयों द्वारा योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

योग सप्ताह के अन्तर्गत 19 जून को गंगा विचार मंच नमामि गंगे के प्रांत सहसंयोजक मेजर सुनील निषाद की अगुवाई में प्रात: 6 बजे से योगाभ्यास एवं प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास किया जायेगा। प्रशिक्षु अपना मैट व विज्ञान लेकर समय से योग स्थल पहुंच जाएं।

बड़ौदा यूपी बैंक एससी/एसटी इम्प्लाईज एसोसिएशन का हुआ तीसरा वार्षिक महाधिवेशन

प्रयागराज। होटल युगांतर सिविल लाइंस में बड़ौदा यूपी बैंक एससी/ एसटी एवं बुद्धिस्टइम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन का तृतीय महा अधिवेशन संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न प्रस्ताव, लम्बी चर्चा के बाद पारित किये गये। जिसके मुख्य अतिथि छोटेलाल पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक एवं विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार पांडे क्षेत्रीय प्रबंधक प्रयागराज तथा विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार कंचन क्षेत्रीय प्रबंधक कौशांबी रहे ।

इस संगठन के अध्यक्ष शिवकुमार ,कार्यकारी अध्यक्ष श्री डीके चौधरी महासचिव जियालाल कनौजिया थे नई कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें पुन: अध्यक्ष श्री शिवकुमार कार्यकारी अध्यक्ष डीके चौधरी महामंत्री सती राम निर्वाचित हुए कार्यक्रम का संचालन महामंत्री जियालाल कनौजिया ने किया इस मौके पर मुख्य प्रबंधक राम कृपाल सरोज के केशव लाल चंद्र प्रकाश हरि प्रकाश मौजूद रहे।

मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ लोगों ने ली योग की शपथ

मनुष्य को मनुष्य बनाने का प्रयास है योग-प्रोफेसर सत्यकाम

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में विश्व योग दिवस 2024 के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को ऑनलाइन योग शपथ का आयोजन विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि गिनीज बुक में रिकॉर्ड बनाना सबका सामूहिक प्रयास है। भारत योग को कितना महत्वपूर्ण मानता है यह इसी से सिद्ध हो जाता है कि हमने भारत को विश्व गुरु के रूप में आगे बढ़ाने की संकल्पना ले रखी है। इसके साथ ही विकसित भारत की संकल्पना में भी योग का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं है बल्कि यह मनुष्य को मनुष्य बनाने का प्रयास है। योग जीवन पद्धति एवं जीवन शैली है। यह सकारात्मक दिशा देने का प्रयास है।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा से जुड़े विद्यार्थी हमसे दूर हैं इसलिए हमें एक ऐसी भूमिका का निर्वहन करना है जिससे हम अपने विद्यार्थियों को जोड़कर रख सकें। हमें अपने पुरातन छात्रों से अपना जुड़ाव बढ़ाना पड़ेगा। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि यह शपथ नहीं है बल्कि एक संकल्प है

कि हम विद्यार्थियों से जुड़कर दिए गए लक्ष्य को पूरा करें। विश्व योग दिवस 2024 के संयोजक डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी ने कुलपति का स्वागत तथा कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। योग प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह ने योग की विभिन्न विधाओं से योग क्रिया का संचालन किया। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की प्रभारी डॉ मीरा पाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर मंचासीन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डी पी सिंह, वित्त अधिकारी शशि भूषण सिंह तोमर सहित विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।इसके साथ ही ऑनलाइन शपथ ग्रहण का कार्यक्रम विश्वविद्यालय के 12 क्षेत्रीय केन्द्रों एवं 1300 अध्ययन केन्द्रों पर एक साथ आयोजित किया गया।

ओवर स्पीडिंग,हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने वालों के विरुद्ध होगी प्रभावी कार्रवाई

प्रयागराज। अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ने आगामी बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश

संगम सभागार में एडीएम सिटी की अगुवाई में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

दिए है। अपर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए जनपद में उपलब्ध इंटरसेप्टर की जानकारी लेते हुए कैमरे व ज्यादा से ज्यादा साइनेज लगवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस विभाग के द्वारा की गयी प्रवर्तन की कार्रवाई एवं जनपद में समस्त एमडीआर, एसएच, एनएच श्रेणी के मार्गों के जंक्शन को चिन्हित करते हुए उन पर आवश्यक टैफिक कॉमिंग मेजर्स स्थापित कराये जाने की समीक्षा की।

उन्होने उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए

गए निर्देशों के अनुपालन में ओवर स्पीड़िंग, रेड लाइट जम्पिंग, ड्रंकन ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, माल वाहनों में यात्री बैठाये जाने व माल वाहनों में ओवर लोडिंग आदि विभिन्न अपराधों में किए गए लाइसेंस निलम्बन, निलम्बन हेतु आख्यारित व लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं के कारणो के बारे में टीक ढंग से जानकारी इकट्ठा करने के साथ ओवर स्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने वाले के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने डिवाइडर पर पेंट व रिफ्लेक्टर लगाये जाने व टूटे हुए डिवाईडरों की मरम्मत कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में ऑटो यूनियन के अध्यक्ष विनोद चन्द्र दुबे, महामंत्री रमाकांत रावत, ऑटो यूनियन के उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी व अन्य के द्वारा लोगो को सड़क सुरक्षा के उपायों से जागरूक किए जाने, अवैध कटों को बंद कराये जाने, घूरपुर थाने के पास अवैध कट को पुन: बंद कराये जाने, बांगड़ धर्मशाला के सामने अवैध पार्किंग से जाम की स्थिति से निपटने, कोचिंग संस्थानों के पास बनाये गये कटों को बंद कराये जाने व सड़क सुरक्षा से सम्बंधित अन्य सुझाव दिए गए, जिसपर अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

इविवि के शोध छात्र मो. साबिर बने 6वें स्क्वैश लेबल-3 के रेफरी

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के शोध छात्र मोहम्मद साबिर ने विश्व स्क्वैश ऑफि सिएटिंग की लेवल 3 कोर्स सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। भारत में अब तक सिर्फ 5 लोगों ने ही लेवल 3 कोर्स पास किया है, मोहम्मद साबिर छठे स्क्वैश लेवल 3 रेफरी बन गये हैं।

मोहम्मद साबिर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रो. अर्चना चहल के पर्यवेक्षण में शोध कर रहे हैं। अब उन्हें भारत के बाहर भी अंपायरिंग करने के मौके मिलेंगे। मोहम्मद साबिर ने बताया कि स्क्वैश ओलंपिक में शामिल हो गया है और उनका सपना ओलंपिक में अंपायरिंग करना है। मोहम्मद साबिर दक्षिण एशियाई खेलों और विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रेफरी कर चुके हैं।

इतिहास को जानना है तो आपको दस्तावेज खंगालने ही पड़ेंगे-प्रो. आलोक

प्रयागराज। बुंदेले हर बोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थीह्व इस कविता की संगीतमयी प्रस्तुति राजभाषा अनुभाग के हाबरगढ कलामंचह्व के विद्यार्थियों ने दी तो सभागार तालियों से गूंज उठा। अवसर था वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर राजभाषा अनुभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभिलेख प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी के आयोजन का।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. आलोक प्रसाद, इतिहास विभाग ने कहा कि यह बहुत ही सुखद है कि क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आमंत्रित कर रहा है कि वे आयें और अभिलेखों का अवलोकन करें, जिसका उपयोग वह अपने शोध कार्य में कर सकते हैं। इस तरह के कार्यक्रम इतिहास और हिंदी की समझ को विस्तार देते हैं। जो इतिहास वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का बताया जा रहा है उसको सही से जानना है तो उसका माध्यम अभिलेखागार में रखे ऐतिहासिक दस्तावेज हैं। विश्वविद्यालय की राजभाषा समिति के समन्वयक प्रो. संतोष भदौरिया ने कहा कि हमें अपने बलिदानी इतिहास के बारे में फैलाये जा रहे झूठ से बचना चाहिए। हमें इतिहास को सही तरीके से जानना है तो उसका एक ही

माध्यम है और वहहैं दस्तावेजों का निरीक्षण एवं परीक्षण। उन्होंने कहा कि झांसी सन-1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का एक प्रमुख केन्द्र रहा है। सर्वप्रथम 05 जून, 1857 को 12वीं बंगाल नेटिव इन्फैन्ट्री के सैनिकों ने विद्रोह किया। जेल दरोगा बख्शीश अली ने 06 जून को क्रांतिकारियों का नेतृत्व किया। अंग्रेज भागने पर विंध्य हुए और क्रांतिकारियों ने झांसी के समस्त कार्यालयों पर अधिकार कर कैदियों को स्वतंत्र कर दिया। 11 जून, 1857 को रानी लक्ष्मीबाई के सहयोग से क्रांतिकारियों ने दिल्ली कूच किया। 12 जून, 1857 को रानी की सत्ता झाँसी में पुन: स्थापित हुई। रानी के प्रमुख सहयोगी जवाहर सिंह, बानपुर के राजा मर्दन सिंह तथा गुलाम गौस खान थे। आजादी के लिए संघर्ष करते हुए 18 जून, 1858 को रानी ग्वालियर में वीरगति को प्राप्त हुई। 1857 की क्रांति को दर्शाने वाली यह प्रदर्शनी क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज और राजभाषा अनुभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए शोध केंद्रित है और बहुत महत्वपूर्ण है। अभिलेखागार में संरक्षित सच ही हमारे इतिहासबोध को ठीक करता है. जिसकी आज बेहद जरूरत है। इस मौके पर वक्ता डॉ. रतन कुमारी वर्मा ने कहा इतिहास के पन्नों में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। रानी लक्ष्मीबाई उस नाम को और ऊपर ले जाती हैं। बात जब झांसी की आती है तो रानी लक्ष्मीबाई का नाम सबसे ऊपर आता है। रानी लक्ष्मी बाई के साथ-साथ और भी महिलाएं थीं जो स्वतंत्रता संग्राम और 1857 की आंदोलन में भागीदारी कर रही थीं।

जलप्लावन की समस्या से निपटने के लिए महापौर ने नालों का किया निरीक्षण

नालों की सिल्ट व गंदगी से सड़कों पर पसरी मिली, ज्यादातर नालों में पानी का बहाव मिला अवरुद्ध

प्रयागराज। उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी महापौर प्रयागराज द्वारा वर्षा ऋतु के दृष्टिगत में जलप्लावन न उत्पन्न हो की दृष्टिगत सदर बाजार नाला, धोबीघाट नाला व आशा हास्पिटल नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि अहमद अली, संतोष कुमार सिंह, दीपेन्द्र यादव अपर नगर आयुक्त, डा0 अभिषेक नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अनिल कुमार मौर्या,नगर अभियन्ता व राम सक्सेना अवर अभियन्ता आदि उपस्थित रहे।

सिविल लाइंस धोबीघाट चौराहे से चौधरी चुन्नी हलवाई के पीछे से धोबी घाट होते हुये रानी रेवती देवी स्कूल के पास तक के नाले का निरीक्षण किया गया पूरा नाला गन्दगी से पटा पाया गया तथा पानी का बहाव अवरूद्ध पाया गया। नाला अन्तिम छोर से नहीं सफा कराया जा रहा था। जबकि इसके लिये सम्बन्धित ठेकेदार महन्त लाल यादव को आदेशित भी किया गया था। कार्य होता पाया गया। कम संख्या में मजदूर लगाये गये थे जो मानक के अनुरूप नहीं थे। हीरा हलवाई के पास का नाला सिल्ट से भरा पाया गया पानी का बहाव अवरूद्ध पाया गया । वर्षा होने पर जलप्लावन की स्थिति उत्पन्न होगी। कार्य नहीं लगा था।मंगा नगर में म्योर रोड गंगा मेमोरियल स्कूल से आदेश ज्योति स्कूल तक का नाला सिल्ट व गन्दगी से पटा पाया गया। कार्य नहीं लगा था। अशोक नगर में म्योर रोड क्रासिंग से श्रीचन्द्र के घर से पत्रिका देवी स्कूल के आगे तक का नाला सिल्ट व गन्दगी से भरा पाया गया पानी का बहाव अवरूद्ध था। कार्य नही लगा था। सिविल लाइन्स में मुख्य न्यायाधीश आवास से न्याय मार्ग क्रासिंग व पानी की टंकी चौराहे तक का नाला सिल्ट व गन्दगी भरा पाया गया। कार्य नहीं लगा था।

दुर्गा पूजा मोड़ से इन्द्रपाल के घर होते हुये कछार तक का नाला पूरी तरह से कच्चा मलवे सिल्ट व गन्दगी से भरा पाया गया । इसकी सफाई का कार्य न तो जनकार्य विभाग से किया जा रहा है और न ही स्वास्थ्य विभाग से। पानी का बहाव

की सफाई त्वरित गति से की जाय तथा नगर आयुक्त को निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित फर्मो पर रू0 50,000/- का जुमार्ना लगाया जाय व सम्बन्धित अवर अभियन्ता सहायक अभियन्ता को चेतावनी जारी करते हुये स्पष्टीकरण की मांग की जाय इसके अतिरिक्त सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये जाय कि वह अपने जोनों में स्थित सभी नालों की सफाई का कार्य अपने निरीक्षण में त्वरित गति से कराना सुनिश्चित करें। सफाई होने वाले नाले की सिल्ट 48 घंटे में प्रत्येक दशा में नाले के बगल से हटा लिया जाय। नालों की सफाई में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय जिससे शहर को जल प्लावन की स्थिति न उत्पन्न होने पाये। जल प्लावन की स्थिति उत्पन्न होने पर उसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारी की होगी।

ईद-उल-अजहा पर्व पर कुर्बानी के बाद नाले में फेंका बकरे की खाल व अवशेष

प्रयागराज। दरियाबाद पुलिस चौकी के पास नाले में ईद-उल-अजहा पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरों की कुर्बानी देने के बाद खलियाकर बकरे की खाल व अंतड़ी व अन्य अवशेष नालों में फेंक दिया। पूरा नाला खाल व अवशेष से पट सा गया है। चारों तरफ भीषण गंदगी व दुर्गंध से आसपास के रहने वालों का जीना दुश्वार हो गया है। मुहल्ले वासियों ने स्थानीय सभासद व नगर निगम के अधिकारियों से तत्काल जनहित में सफाई कराने की मांग की है। अगर सफाई एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नहीं हुआ

पूरे क्षेत्र में फैली गंदगी, दुर्गंध से जीना हुआ दुश्वार

तो इस भीषण गर्मी में संक्रामक रोग फैलने का खतरा उत्पन्न हो जायेगा।

मुहल्लेवासियों का आरोप है कि हर वर्ष कुर्बानी के पश्चात नगर निगम का पशुधन विभाग विभिन्न मुहल्लों में कुर्बानी के बाद ट्रकों में भरकर खाल व अंतड़ी व अन्य अवशेष ले जाकर ससुरखदेरी नदी के पास गड्ढे खोदकर उसमें कीटनाशक दवाओं व नमक आदि डाल कर गड्ढे को पाट देते थे। इस वर्ष निगम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते कुर्बानी के बाद लोगों ने नालों में खाल व अवशेष डाल कर पाट दिया है जिससे नाले के पानी का बहाव भी अवरुद्ध हो गया है और गंदगी व दुर्गंध अलग फैल रही है।

नगर आयुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर की जनसुनवाई

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया।जिसमें कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुई। जनशिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी

29 शिकायतें हुई प्राप्त, जन शिकायतों का अविलंब निस्तारण का दिया निर्देश

प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय।

सम्भव जन सुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अम्बरीश बिन्द तथा दीपेन्द्र यादव, उप नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत संजय कटियार, जलकल महाप्रबंधक गौरव कुमार, मुख्य नगर लेखा परीक्षक बालेन्दू मिश्र, लेखाधिकारी अक्षय कुमार समस्त जोनल अधिकारी, समस्त अधिशाषी अभियन्ता आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

गाजे बाजे के साथ निकलेगी भगवान जगन्नाथ जी की विश्राम यात्रा

प्रयागराज। श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट प्रयागराज की बैठक जौहरी टोला जीरो रोड स्थित आर्य भवन में आयोजित किया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि 23 जून ज्येष्ठ मास पूर्णिमा तिथि को शाम 5 बजे ट्रस्ट के द्वारा गाजे बाजे के साथ भगवान जगन्नाथ जी की विश्राम यात्रा निकाली जाएगी।

रथ यात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद ने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी की विश्राम यात्रा सनातन धर्म की विधि परंपरा के अनुसार पूजन अर्चन करने के पश्चात निकाली जाएगी जिसकी पूरी तैयारी की जा चुकी है रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि विश्राम यात्रा अपने निर्धारित मार्ग काशी राजनगर प्रयागेश्वर नाथ मंदिर भगवान जगन्नाथ जी के धाम से निकाली जाएगी जो कटघर, सालिक गंज चौराहा,मुट्ठीगंज चौराहा, राम भवन, बहादुरगंज, मानसरोवर, हीवेट रोड, घंटाघर होते हुए आर्य भवन पर विश्राम लेगी बैठक का संचालन मंत्री गगन दास गुप्ता ने किया बैठक में प्रमुख रूप से दाऊ दयाल गुप्ता, जयराम गुप्ता, अभिलाष केसरवानी आदि ट्रस्ट के कार्यकर्ता रहे।

पौधरोपण के लिए सभी विभाग गड्ढा खोदाई एवं पौधों की डिमांड तत्काल करायें उपलब्ध

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन के सभागार में वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने 30 जून से पूर्व लक्ष्य

सीडीओ की अध्यक्षता में हुई पौधरोपण की तैयारियों पर बैठक

के सापेक्ष स्थलों का चयन, कार्ययोजना व अन्य कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए सही स्थल का चुनाव करने के लिए कहा है। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को गड्ढे खुदायी का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा कराये जाने के लिए कहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को वृक्षारोपण के सम्बंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा

है कि सभी विभाग जो अभी तक गड्ढा खुदाई की सूचना नहीं दिए है, वे तत्काल सूचना उपलब्ध करा दें साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि जो भी विभाग अभी तक वृक्षारोपण के सम्बंध में पौधों की डिमांड नहीं भेजी है, वे भी तत्काल पौधों की डिमांड प्रभागीय वनाधिकारी को भेज दें। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के लिए प्रत्येक विभाग को एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने गौशालाओं, विद्यालयों सहित अन्य सभी सार्वजनिक स्थलों में अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि गड्ढो की खोदायी की रैण्डम जांच भी की जायेगी। वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने तटबंधों, कटान वाले क्षेत्रों, नहर की पटरियों पर भी अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार यादव ने वृक्षारोपण की तैयारियों एवं पौधों की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जो भी विभाग अभी तक अपनी डिमांड नहीं भेजे है, वे तत्काल अपनी डिमांण्ड उपलब्ध करा दें, जिससे कि समय से एवं मांग के अनुसार उनकों पौधे उपलब्ध कराये जा सके। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला गंगा समिति/जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक करते हुए गंगा नदी की साफ-सफाई, नालों की टैपिंग, पर्यावरण प्लान को अप्रोव किये जाने से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टैप्ड एवं अनटैप्ड नालों की समीक्षा करते हुए अनटैप्ड नालों को शीघ्र टैप्ड करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ए0के0 मौर्या, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा मंडल स्तर पर मनाएगी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

प्रयागराज। लोकसभा चुनाव के उपरांत भारतीय जनता पार्टी ने अपने आगामी कार्यक्रमों को जारी कर दिया है भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मंडल स्तर पर मनाया जाएगा।

इसके अलावा 23 जून को बूथ स्तर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए बलिदान दिवस मनाया जाएगा, और इस अवसर वृक्षारोपण का अभियान आरंभ किया जाएगा जो 6 जुलाई तक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती तक चलेगा और 25 जून को आपातकाल दिवस पर जिले स्तर पर पार्टी के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा और 30 जून को बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात का आयोजन पुनः लोकसभा चुनाव के पश्चात आरंभ किया जाएगा।

ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल पर हनुमान जी का हुआ भव्य श्रृंगार, पूजन अर्चन

प्रयागराज। ज्येष्ठ मासके चौथे एवं अंतिम बड़े मंगल पर बंधवा स्थित लेटे हनुमान मंदिर में भव्य श्रृंगार पूजन अर्चन किया गया। सुबह से लेकर देर रात तक हनुमानजी का दर्शन पूजन करने के लिए

नगर में जगह-जगह हुआ हुआ भण्डारा, भक्तों को वितरित किया गया शरबत व लस्सी का प्रसाद

भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में जुटी रही। अंतिम बड़े मंगल पर रामबाग हनुमान मंदिर, सिविल लाइंस हनुमान मंदिर सहित नगर सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जी महाराज का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किये जाने के पश्चात मंदिर का कपाट भक्तों दर्शन के लिए खोल दिया गया था। सुबह से लेकर दर रात तक मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही।

ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार को नगर निगम स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में हनुमान जी को प्रसाद समर्पित कर भक्त जनों को दही शरबत का वितरण

पूरे धूमधाम और उत्साह से किया गया। इस अवसर पर भाजपा पार्षद पवन श्रीवास्तव ने कहा कि भारत देश ही ऐसा देश है जहां की संस्कृति सदैव बाट कर खाने की प्रेरणा देती है उक्त अवसर पर पार्षद नीरज गुप्ता विनोद सोनकर गौरीश आहूजा राजीव टंडन आलोक श्रीवास्तव रविंद्र सिंह संदीप चौहान शैलेंद्र श्रीवास्तव अनूप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अंतिम बड़े मंगल पर नगर के सभी हनुमंत निकेतनों व बड़े चौराहों पर हनुमान जी पूजा अर्चना के पश्चात भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें देर शाम तक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं दूसरी ओर इस भीषण गर्मा से लोगों को निजात दिलाने के लिए शरबत एवं लस्सी का प्रसाद भी वितरित किया गया।

प्रचण्ड गर्मी में भी 22 रक्तवीरो ने किया रक्तदान, लड़कियाँ भी नहीं रही कम

प्रयागराज। विश्व रक्तदाता पखवाड़े पर रक्तदान करने का पल हर वर्केइएहसास करना चाहता है, उसी कड़ी में अल्त्यापुर स्थित के के फिटनेस क्लब के दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर का सफल आयोजन अपना वेस्टिबल ब्लड एवं कॉम्पोनेन्ट सेंटर, अद्रावा, झूंसी, प्रयागराज द्वारा किया गया। जिसमे 2 युवतियों सहित 20 युवाओं ने रक्तदान कर लोगों की जान बचाने का जीवन संकल्प लिया।

अपना ब्लड सेंटर के प्रबन्धक निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष 2024 में रक्तदान दिवस पर प्रयागराज जिले का तापमान 50? को छू रहा था और इधर युवक युवतियाँ जीवन का एक नया अध्याय लिख रहे है। ऐसे लोगों को सम्मानित कर पाने का सौभाग्य हम लोगों को मिल रहा है इसके लिए हम संस्था इन सभी के आभारी रहेंगे। और भविष्य में इन सभी के परिवारों को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर हमारा रक्त केंद्र सदैव इनके साथ खड़ा रहेगा। रक्तदाताओं में सेजल, शांता, ओमेश्वर, आकाश, कमल, श्रीकृ, आशु, अस्तित्व, शिवा, यशवंत, अभिषेक, शुभम, प्रमोद, आकाश, श्रीश, शुभम शामिल रहें।

तीन दिवसीय गंगा दशहरा उत्सव पर लोकगीत गंगा मईया तोहरे पिंईरी चढ़ाइबे की प्रस्तुती

प्रयागराज। संगम के तट अरैल घाट पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गंगा दशहरा उत्सव तीसरी निशा प्रियंका चौहान व प्रतिमा यादव के नाम रही। उन्होंने एक से बढ़कर एक लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर पहुंचते ही दर्शकों ने प्रियंका चौहान का तालियों से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने हे गंगा मईया तोहरे पिंईरी चढ़ाइबे, शिवनाथ सब तेरी महिमा तीन लोक गाये की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया' इसके बाद प्रतिमा यादव व साथी कलाकरो ने गंगा स्तुति गंगा के निरमल बा पानी बलम तनी दर्शन करायदा हो गीत की प्रस्तुति दी अइसन मनोहर मंगलमूरत व सरिया लड्दा बलम कलकतिया गीत पर लोकनृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही पायी। भजन व लोकगीत गायिका मोहनी श्रीवास्तव ने मिली सबव जन करो कुछ उपाय कि गंगा बहती रहे,

रंगगा में कई स्ननवां सजन करब माई के पूजनवां होर तथा चली देख आई सखी अयोध्या की नगरीर की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को राममय कर दिया।

ढोलक पर राजेंद्र चौधरी, पैड पर अमित सिंह, आर्गन पर शैशव गुप्ता ने तथा गायन में आरोही सिंह ने साथ दिया' इस अवसर पर केंद्र अधिकारी, कर्मचारी सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे

दस हजार का इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ़्तार

प्रयागराज। थाना कैण्ट, एस0ओ0जी0 टीम व नगर सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना सिविल लाइन्स के पंजीकृत मुकदमे मे गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित 10,000 रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त राघवेन्द्रप्रताप सिंह उर्फ रोहित पुत्र प्रेम सिंह निवासी जजौली थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी के खिलाफ सिविल लाइन्स मे कई मुकदमे दर्ज है। मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, थाना कैण्ट ,उ0नि0 कुलदीप उपाध्याय (चौकी प्रभारी नाका),उ0नि0 मनोज कुमार दीक्षित, उ0नि0प्रशि0 रविन्द्र कुमार,निरीक्षक अनूप सरोज एस0ओ0जी0 टीम, नगर की टीम ने हाईकोर्ट ओवर ब्रिज के पास पानी की टंकी थाना क्षेत्र कैण्ट से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

योग है जीवन का आधार, स्वस्थ रहने के लिए करें योग रहे निरोग से आएगी रचनात्मक सोच

भारत स्वाभियान न्यास व पतंजलि योग के 38 प्रशिक्षक योग दिवस पर करायेंगे सामूहिक योगाभ्यास

प्रयागराज। पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास प्रयागराज के तत्वावधान में सामंजस्य एवं शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः 6:00 बजे से पूरे जनपद में लगभग 38 योग प्रशिक्षण केंद्रों पर सामूहिक योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षुओं से सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराया जाएगा। 38 प्रशिक्षण केन्द्रां पर योग कक्षाएं चलाई जा रही है प्रयागराज महानगर में भी कई स्थानों पर कक्षाएं चल रही है तथा प्रांतीय कार्यालय नंद गार्डन 37/2 चकिया कर्बला ,कौशांबी रोड ,प्रयागराज परिसर में मुख्य योग प्रशिक्षक अनूप कुमार सचान के निर्देशन में प्रतिदिन लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा है जिसका लोग लाभ उठा रहे हैं ।

योग जीवन का आधार है स्वस्थ रहने के लिए करें योग रहे निरोग इससे मनुष्य के अंदर रचनात्मक सोच बनती है जिससे लोग समाज में सामंजस्य स्थापित कर शांति, सौहार्द, आपसी भाईचारा ,मैत्री व मानवता के भाव जन जन में जागृत करते हैं यही है योग और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की सार्थकता तो आइए हम सब 21 जून दिन शुक्रवार को प्रातः 6:00 बजे से नंद गार्डन परिसर कौशांबी रोड ,करबला चकिया ,प्रयागराज में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं नंद गार्डन में चल रही योग कक्षा में योग्य अभ्यास के दौरान मुख्य योग प्रशिक्षक अनूप कुमार सचान ने भारत सरकार द्वारा जारी योग प्रोटोकॉल के तहत सभी योग साधकों को क्रमशः प्रार्थना के बाद शिथलीकरण अभ्यास में ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन ,घुटना संचालन ,योगासन में ताड़ासन ,वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोण आसन,भद्रासन, वज्रासन , उष्ट्र आसन, शशांक आसन, मंडूक आसन,वक्र आसान, मकरासन भुजंगासन , सलभासन,सेतुबंध आसन, उत्तानपाद आसन, अर्ध हल आसन ,पवनमुक्तासन ,शव आसन, प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम विलोम ,शीतली, भ्रामरी,ध्यान, संकल्प , शांति पाठ के साथ योगाभ्यास कराया जिस पर सभी ने खुशी जाहिर कर तालियां बजाई ,योगाभ्यास में शामिल प्रमुख लोगों में अनूप कुमार सचान, श्याम सुंदर सिंह पाटेल ,अनिता सचान, शालिनी ,सेजल, स्वप्निल ,त्रिवेणी मिश्र ,बृजेश मिश्रा, लव कुश, रमेश के सरवानी ,सुभाष, सुषमा ,जावित्री, मधु कनौजिया ,आभा अग्निहोत्री, स्मृति, परी ,आराध्या ,ब्रह्म प्रकाश अनीता आदि कई लोग शामिल रहे

विद्युत चालित चाक टूल किट्स वितरण व प्रशिक्षण के लिए 28 जून तक करें आवेदन

प्रयागराज। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रयागराज अजय कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया है, कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माटीकला शिल्प को बढावा देने के लिए उ0प्र0 माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है। मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मार्तियां इत्यादि बनाकर जीविकोपार्जन करने वाले ऐसे माटीकला के परामरागत कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा माटीकला कौशल विकास शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मार्तियां इत्यादि का प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी करके मिट्टी के बर्तन बनाकर जीविकोपार्जन करने हेतु वित्तीय वर्ष-2024-25 में जनपद-प्रयागराज को प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अतः माटीकला के परम्परागत इच्छुक कारीगर जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष की है, वह अपना आवेदन पत्र निम्न संलग्नकों (आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, रासन कार्ड, ग्राम प्रधान द्वारा मिट्टी का कार्य से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र एवं शैक्षिक योग्यता) के साथ आवेदन पत्र कार्यालय-जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, विकास भवन परिसर प्रयागराज से प्राप्त कर किसी भी कार्य दिवस में 28 जून तक जमा कर सकते है।

पार्टी कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का पूरा रखूंगा ख्याल - कुंवर उज्जवल रमण

■ नव निर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह का कोरांव में स्वागत एवं अभिनन्दन

कोरांव प्रयागराज । कोरांव के सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कालेज सिकरो में मंगलवार को नव निर्वाचित सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह का स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया जहां पर उन्होंने क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। उपस्थित संभ्रांतजनों में कालेज प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह सहित कई अन्य द्वारा नव निर्वाचित सासद उज्जवल रमण सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्थानीय सपा के चर्चित समाजसेवी प्रमोद मिश्र पयासी द्वारा अपने नेता कुंवर उज्जवल रमण सिंह को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रयागराज सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने सर्व प्रथम क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया जिन्होंने भारी मतों से जीत का ताज बांधा है। कहा कि जनता ने जिस विश्वास और भरोसे के साथ अपने मत रुपी आशिर्वाद से यह जीत दर्जकराई है मैं जनता के विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करुंगा। पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के मान सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। कार्यक्रम को उक्त के अलावा पूर्व विधायक राम कृपाल कोल प्रमोद मिश्र पयासी ललन सिंह पटेल राजेश पाण्डेय सहित कई अन्य लोगों द्वारा संबोधित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विद्यालय प्रबंधक अमर बहादुर सिंह बबलू शुक्ल मेहताब खान शिवदानी लाल रविन्द्र जैसल आशाराम मिश्र अनीता शुक्ला दिनेश पटेल सूरज यादव सहित सैकड़ों की संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता व आम लोग मौजूद रहे।

रास्ते के विवाद में दो पक्षो में मारपीट कई घायल

मऊ आइमा प्रयागराज । बहरिया थाना क्षेत्र के सराय मदन गांव में रास्ते के विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गयी जिस से दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गये । जानकारी के अनुसार रास्ते को लेकर मंगलवार को सुबह ही दो पक्ष आमने सामने हो गये बात-विवाद हो ही रही थी कि गाली गुप्ता भी होने लगा इसी बीच बात इतनी बड़ी की लाठी डंडे भी चलने लगे जिससे एक पक्ष से महरानीदीन पटेल तथा इनका लड़का महेन्द्र और इनकी पत्नी विद्यावती तथा दूसरे पक्ष से केवला देवी इनकी बेटी बंदना, बेटा संदीप आदि लोग घायल हो गये । जिसकी सूहना दोनों पक्षों ने बहरिया थाने मेंदी । वहीं दोनो तरफ से तहरीर मिलने पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

बाइक सवार ने साइकिल को मारी टक्कर हालत नाजुक

मऊआइमा प्रयागराज । साइकिल सवार को बाइक सवार ने मारी टक्कर हालत नाजुक होने पर निजि अस्पताल मेभर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम धीमपुर निवासी राम-लखन 70 वर्ष साइकिल से तिली बाजार आ रहे थे। बताया गया है कि बाइक सवार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। नाजुक हालत में निजि अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां राम लखन की हालत नाजुक बनी हुई है।

तकनीकी शिक्षा से आत्म निर्भर बनेगा देश का युवा- प्रो .आशुतोष पाण्डेय

कोरांव प्रयागराज

तहसील कोरांव मे मंगलवार को शम्भू नाथ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी झलवा प्रयागराज के प्रोफेसर आशुतोष पाण्डेय ने अधिवक्ताओं और आम जनमानस से मुलाकात करते हुए बच्चो को तकनीकी शिक्षा पर जोर देने को कहा।

बता दे कि मंगलवार को तहसील परिसर कोरांव मे उक्त संस्थान के प्रोफेसर आशुतोष पाण्डेय ने एक आम सभा की जिसमे अधिवक्ताओ के अलावा आम जनमानस भी उपस्थित रहे सभा को संबोधित करते हुए पाण्डेय ने कहा कि आज के दौर मे बच्चो को आत्म निर्भर बनाने के लिए तकनीकी शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है वह चाहे बीटेक, एमटेक, एमबीए, डीफार्मा, बीफार्मा, फार्मा डी, बीए,एलएलबी,बीसीए, एनम,जीएनएम बीएससी,नर्सिंग आदि जिससे आज के युवा आत्मनिर्भर बन सकते है और खुद रोजगार परक बन बुलन्दी को छू सकते है इस दौरान बार एशोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, अरुण मिश्रा बाबा, रविन्द्र नाथ मिश्रा, विनित मिश्रा, राजू दुबे, सुनील पाण्डेय,भास्कर यादव, विवेक गौतम, बृजेश तिवारी, शशि दुबे, अनूप मिश्रा, रवि प्रकाश तिवारी, अखिल दुबे, इंद्र प्रकाश पाण्डेय, सूरज कोल ,संतोष बिंद, विजय बहादुर सिंह, केबी सिंह के अलावा आदि अधिवक्ता और आमजनमानस उपस्थित रहे

अनुसूचित जाति की पीड़ित महिला अपनी मासूम बच्ची के मामले को लेकर दर-दर भटक रही है

सोरांव प्रयागराज थाना क्षेत्र सोरांव के पुलिस चौकी बड़गांव क्षेत्र के शेखपुर सठवा गांव में लगभग चार माह पूर्व मानवता को शर्मसार करने का मामला प्रकाश में आया था जिसे लेकर उक्त गांव निवासिनी द्वारा अपनी मासूम बच्ची के साथ हुए शर्मसार मामले को लेकर मामला पंजीकृत कराया गया जिसे लेकर न्याय के लिए दर-दर भटक रही है जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी बड़गांव क्षेत्र के शेखपुर सठवा गांव का चर्चित मामला आज भी चर्चित बनाकर चर्चा का विषय बना हुआ है बता दें कि उक्त गांव निवासिनी नीतू पत्नी मोनू का आरोप है कि दिनांक 4 फरवरी 2024 को मेरी 6 वर्ष की मासूम बच्ची को टॉफी की लालच देकर मेरे ही गांव का राजेश भारतीया ने कुछ दूर तक ले गया और गंदी-गंदी बातों का प्रयोग किया जिसकी जानकारी होते ही बच्ची की मां थाने पहुंची और आप बीती पूरी घटना को बताई जिसे लेकर पुलिस ने पीड़िता महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया उल्लेखनीय है कि लगभग 4 माह से ज्यादा समय बीत रहा है परंतु महिला न्याय को लेकर दर-दर भटक रही है और न्याय की आस लगाए बैठी है कि योगी सरकार में हर समुदाय को न्याय दिलाया जा रहा है तो मुझे भी न्याय दिलाया जाएगा और मुझे न्याय जरूर मिलेगा सूत्रों की माने तो पीड़िता न्याय की गुहार को लेकर संबंधित उच्च अधिकारियों से भी लगाई है परंतु अनुसूचित जाति की गरीब महिला होने के कारण न्याय की गूहार लगाने पर भी न्याय नहीं मिल सका और दर-दर भटकने के लिए मजबूर हो गई है गौरतलब है कि पुलिस का मूल कर्तव्य कानून व्यवस्था व लोक व्यवस्था को स्थापित रखना एवं अपराध नियंत्रण को लेकर जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना जिससे समाज में निष्पक्ष रूप से कानून का लागू होना और शांति व्यवस्था का कायम होना माना जाएगा जहां मामले को लेकर संबंधित उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट होना न्याय के प्रति मिसाल कायम होगा

नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत समारोह आज

सोरांव प्रयागराज फूलपुर नवनिर्वाचित सांसद प्रवीण पटेल का स्वागत समारोह को लेकर पुरजोर रूप से तैयारी की गई है जहां स्वागत समारोह का कार्यक्रम विकासखंड परिसर सभागार में होगा इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सत्तारूढ़ युवा एवं जुझारू ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार पासी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुलदीप सोनी व संचालन पूर्व ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष संजय पटेल करेंगे जानकारी के अनुसार फूलपुर भाजपा सांसद प्रवीण पटेल की जीत को लेकर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं द्वारा उनके स्वागत समारोह को लेकर मांग की गई बता दें कि जीत के बाद उनका पहला स्वागत सम्मान किया जाएगा जिसे लेकर पूरी तरह से तैयारी की गई है इस मौके पर स्वागत समारोह के विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार पासी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुलदीप सोनी व संचालन करते संजय पटेल रहेंगे जिनके स्वागत समारोह का समय लगभग 12:00 बजे निर्धारित किया गया है इस मौके पर स्थानीय क्षेत्र के सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं हर समुदाय के आम जनमानस से अपील की गई है कि स्वागत समारोह में पहुचकर समारोह को सफल बनाएं इसी क्रम में स्वागत समारोह को लेकर दटौली लहर हरिसेन गंज सकरामऊ मंदिर सरफाही नहर पिलखुआ अशोक नगर चौराहा इत्यादि शामिल है जहां निर्धारित समय नुसार स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा

राजीव नारायण मिश्र ने प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज का किया कार्य भार ग्रहण

प्रयागराज। विगत दिनों शासन द्वारा स्थानांतरित आईपीएस अधिकारी डॉ राजीव नारायण मिश्र, डीआईजी पीएसी सेक्टर कानपुर/वाराणसी द्वारा आज प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज का कार्यभार ग्रहण किया। विदित हो कि डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा विगत चार बार से लगातार माघ मेला प्रभारी के रूप में सफलतापूर्वक माघ मेला संपन्न कराया गया है। सूत्रों की माने तो उनका स्थानांतरण आगामी महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत प्रयागराज किया गया है। डॉ राजीव नारायण मिश्र को पूर्व में राम जन्मभूमि पर हुए आतंकवादी हमले को विफल करने में योगदान देने के लिए महामहिम राष्ट्रपति भारत द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

साथ ही उनको सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक एवं अन्य विभिन्न अलंकरण भी प्राप्त हो चुके हैं। डॉ मिश्र पूर्व में एसएसपी एसटीएफ, लखनऊ, एसपी कुशीनगर, एसपी ट्रैफिक नोएडा, एसपी एटीएस एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रह चुके हैं।

रानी लक्ष्मी बाई शौर्य एवं वीरता की थी प्रतिमूर्ति-राजेश

प्रयागराज । अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के द्वारा मुट्ठीगंज में महारानी लक्ष्मी बाई जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने कहा कि महारानी लक्ष्मी बाई अंग्रेजों के लिए काल थी और वीरता की अद्भुत अवतार थी जिनके आगे अंग्रेजी सेना थर-थर कांपती थी और कहा कि महारानी लक्ष्मी बाई के नेतृत्व में स्वाधीन भारत की प्रथम लड़ाई 1857 में लड़ी हुई थी और इस लड़ाई में उन्होने आज ही के दिन वीरगति को प्राप्त हुई

कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में दीपक केसरवानी, सुनील केसरवानी, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल,अभिलाष केसरवानी, किशन चंद्र जायसवाल, नीरज केसरवानी, कमलेश केशरवानी, एवं श्रद्धांजलि ग्रुप के कार्यकर्ता रहे।

कल्याणी देवी में अंतिम बड़े मंगलवार पर हुआ भण्डारे का आयोजन

प्रयागराज। कल्याणी देवी चौराहे पर ज्येष्ठ मास के चतुर्थ मंगल को भंडारे के गणेश केसरवानी ने प्रसाद वितरण किया पूर्व महानगर महामंत्री गिरी शंकर प्रभाकर गिरि बाबा महानगर उपाध्यक्ष राजू पाटक बृजेश मिश्रा चौकंगा दास की पार्षद सुनीता चोपड़ा मनोज मिश्रा बबलू कुशवाहा अजय कुमार श्रीवास्तव अनूपम श्रीवास्तव आदि क्षेत्र के अनेकों गढ़ मान्य व्यक्ति उपस्थित है।

कटरा रामलीला एवं दशहरा सयोजक के निधन पर शोक

प्रयागराज। श्री कटरा रामलीला कमेटी के जुझारू एवं कर्मठ सदस्य व संयोजक एवं दशहरा एवं रामलीला के दौरान अपनी अहम सहभागिता निभाने वाले मूलचंद गुप्ता का हृदय गति रुकने से मंगलवार को दोपहर में निधन हो गया है

पांच वर्ष से अधिक लम्बे राजस्व वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर करायें निस्तारित-मंडलायुक्त

प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत मंगलवार को संगम सभागार में राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को प्राथमिकता के आधार पर राजस्व वादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए है, साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि राजस्व वादों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है।

उन्होंने 5 वर्ष से अधिक लम्बित राजस्व वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने धारा-24 से सम्बंधित वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि वादों के निस्तारण के साथ-साथ कब्जा दिए जाने की कार्यवाही को भी शत-प्रतिशत रूप से सुनिश्चित किया जाये। मण्डलायुक्त ने धारा-67, धारा-34 धारा-80 सहित अन्य राजस्व वादों से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारियो, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को अनिवार्य रूप से न्यायालय में बैठने तथा वादों का निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। वरासत से सम्बंधित प्रकरणों को अभियान चलाकर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिए है। इसके साथ ही साथ उन्होंने रियल टाइम खतौनी, रजस्व डिजिटाइजेशन, स्वामित्व योजना, अंश निर्धारण से सम्बंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारो को मुलाकाती रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाये जाने तथा प्रतिदिन आने वाली शिकायतों का उसमें अंकन किए जाने के साथ-साथ शिकायतकताओं का मोबाइल नम्बर सहित अन्य विवरण भी अंकित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने नजूल एवं राजकीय स्थान की भूमि का चिन्हींकन कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने राजस्व वादों के निस्तारण से सम्बंधित स्थिति के बारे में अवगत कराते हुए सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को मण्डलायुक्त के द्वारा दिए गए निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक राजस्व वादों का निस्तारण किए जाने के साथ-साथ राजस्व के अन्य कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व विनोद कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राम जानकी यात्रा की सुरक्षा एवं हिन्दुओं के मानबिन्दुओं की रक्षा के लिए हुई बजरंग दल की स्थापना

■ बजरंगदल कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर में किया गया प्रशिक्षित

प्रयागराज। बजरंग दल काशी प्रांत का बल रहा प्रशिक्षण शिविर आज कार्यकताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्र संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश पूर्णेंदु शाही ने कहा की बजरंग दल का जन्म संघर्षों में हुआ है राम जानकी यात्रा की सुरक्षा में बजरंग दल की स्थापना हुई थी आतंक के खिलाफ लड़ने वाला संगठन पूरे दुनिया में हिंदू धर्म संस्कृति मान बिंदुओं की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले संगठन की पहचान बन गई बजरंग दल का कार्यकर्ता बनकर आज युवा उत्साहित होता है आज युवा बजरंग दल से जुड़कर गर्व महसूस करता है उसको लगता है कोई राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए बजरंगबली ने बिना अपने किसी लाभ के लिए उसे समय भगवान राम की सहायता की थी इस प्रकार बजरंग दल भी आज के समय में हिंदू मान बिंदुओं पूज्य संतों गौ माता बहनों की सुरक्षा में निरंतर कार्य कर रहा है आज हिंदू समाज के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती विखरते परिवार परिवारों से संस्कृति विलुप्त होना युवाओं का नशे में प्रवृत्ति होना, लव जिहाद और धर्मांतरण है।

इसके लिए हम युवाओं की जिम्मेदारी बनती है जहां भी रहे जिस क्षेत्र में रहे जिस कार्य में रहे वहां पर इन विषयों को लेकर समाज में जागरण का कार्य करते रहे बजरंग दल ने लक्ष्य लिया है हम धर्मांतरण और लव जिहाद को पूरी तरह जागरण के कार्यक्रम करके रोक लगाएगी आज समाज का हर एक वर्ग धर्म संस्कृति की रक्षा एवं धर्मांतरण लैब्स हाथ के विरोध में मुखर होकर बोल रहा है वह बजरंग दल के कार्य का परिणाम है हम सब की जिम्मेदारी बनती है समाज के जागरूक नागरिक होने के नाते कि वह विषय जो हिंदू धर्म संस्कृति को अपमानित करते हो ऐसे विषयों को हम समाज में नहीं चलने देंगे हम मान बिंदुओं की रक्षा के लिए बलिदान होते आए हैं हम धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए बलिदान होते रहेंगे हम गौ माता की रक्षा के लिए प्राणों की बाजी देते रहेंगे आतंकवाद के नाम पर हिंदू समाज को डराने का कहीं प्रयास किया गया तो वहां भी हम प्रशिक्षित कार्यकर्ता के रूप में मुंह तोड़ जवाब देंगे यह जिम्मेदारी हमारी है इन विषयों को लेकर हमें तैयारी करनी है जब तक समाज से हिंदू समाज के विरुद्ध चलाए जा रहे नेरेटिव को समाप्त नहीं कर देते तब तक हम चैन से बैठने वाले नहीं है प्रशिक्षण शिविर में बजरंग दल प्रांत संयोजक सत्य प्रताप, विभाग संगठन मंत्री अंशुमान, विभाग सह मंत्री कैप्टन सत्य प्रकाश मिश्रा, प्रांत सह मंत्री अनिल पांडे, आनंद, देवानंद, लवदेश बजरंगी शाहिद बजरंग दल के पदाधिकारी उपस्थित रहे, इसके उपरांत कार्यकताओं को सांकेतिक रूप से पुतला दहन करके पुतला दहन करने का अभ्यास कराया गया।

संगम स्नान के लिए राजस्थान से आए श्रद्धालु के गुम हुए 30,000 रुपए व एक चेन पुलिस ने किया बरामद

पीड़ित दीपक परमार निवासी ग्राम शिवकर बाड़मेर राजस्थान द्वारा मंगलवार को थाना जॉर्जटाउन में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि वे अपने परिजनों/ ग्राम वासियों के साथ संगम स्नान हेतु प्रयागराज आए हुए थे । संगम स्नान करने के उपरान्त वापस आते समय केसरी भवन, तुलारामबाग थाना क्षेत्र जार्जटाउन अन्तर्गत भूलवश उनका बैग टैम्पो में छूट गया है, जिसमे उनका 30,000 रुपए नकद, 1 चैन (पीली धातु) व अन्य आवश्यक सामान रखा हुआ है। इस सूचना पर उ0नि0 राजीव कुमार श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष जार्जटाउन, उ0नि0अवधेश सोनी,बीकी प्रभारी जार्जटाउन,का0 शैलेश कुमार, द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी के सहयोग से टैम्पो को खोजकर उसमें से महिला श्रद्धालु के भूलवश छूटे हुए बैग सकुशल बरामद कर पीड़ित को दिखाकर बैग व सामान की पहचान कराई गयी । पहचान सुनिश्चित होने पर उक्त बैग तथा उसमें रखे हुए 30,000/- रुपए नकद व 1 चैन (पीली धातु) व अन्य सामान पीड़ित को सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ बैग व सामान वापस पाकर पीड़ित का चेहरा खुशी से खिल उठा तथा उन्के द्वारा थाना जार्जटाउन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

हनुमान मंदिरों में ज्येष्ठ के आखिरी मंगलवार को हुआ सुन्दरकाण्ड का पाठ

■ शर्बत पिलाने व प्रसाद बांटने का दिन भर चलता रहा क्रम

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़ । ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को जिले भर के हनुमान मंदिरों में सुंदरकाण्ड का पाठ हुआ। उसके बाद शर्बत पिलाने व प्रसाद वितरण का कार्य दिन भर चलता रहा। शहर में स्टेशन रोड, टक्करगंज, ट्रेजरी चैराहा के समीप, अस्पताल तथा चिलबिला के हनुमान मंदिरों में आज सुबह से दर्शनार्थियों की भीड़ लग गई थी और वहां शर्बत पिलाने और भण्डारा का प्रसार लेने का कार्यक्रम सुबह से ही शुरू हो गया था जो दिन भर चलता रहा। इसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लिये।

चिलबिला के हनुमान भक्तों ने श्री हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन कर रहे थे। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन सिंगार कर आरती उतारी। सुबह से ही सभी भक्तों के लिए शरबत का वितरण किया जा रहा था एवं सुंदरकांड का पाठ कर भक्तों ने प्रसाद वितरण किया। भंडारे का शुभारंभ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य द्वारा किया गया। शर्बत व भंडारे का आयोजन दिन भर भक्तों द्वारा किया जाता रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष रामगोपाल,शनि महाराज, सोनू महाराज, सूरज उमरवैश्य आरा मशीन, राकेश कुमार, देवानंद, छेदीलाल, संतोष कुमार,प्रभात कुमार, श्याम बाबू, आशीष कुमार,श्रवण कुमार, छोटेलाल सोनी, विजय कुमार,आदर्श कुमार, विवेक कुमार, ऋषभ उमरवैश्य,लाल जी, त्रिभुवन लाल,अमन गुप्ता,दीपक, संजय, किशन लाल, श्याम जी, हर्षित, अनुराग सिंह, पंकज सिंह, रोहित, आशीष, सचिन, विजय, सिद्धार्थ, हरिओम पांडे, कमल ट्रांसपोर्ट कंपनी, गुड्डू, अकित सिंह, साहिल, अमन, सागर, बच्चा, रघुनाथ, प्रमोद आदि भक्तगण व्यवस्था में लग रहे।

राहगीरों को शर्बत पिलाते समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य

ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को पूजे गये हनुमतलला, भण्डारों में उमड़े श्रद्धालु

स्वतंत्र चेतना

लालगंज, प्रतापगढ़ । ज्येष्ठ माह के चैथे मंगलवार को मन्दिरों और घरों में हनुमान जी महराज की पूजा अर्चना में भक्तों को संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलवीरा के सुमिरन में देखा गया। वहीं बाजारों तथा धार्मिक स्थलों पर भण्डारे में भी श्रद्धालुओं ने प्रसाद व जगह जगह छूए शरबत वितरण में गला तर किया। बाबा घुड़सरनाथ धाम में रमेश तिवारी व कुसुम तिवारी के संयोजन में सुन्दरकाण्ड के पाठ व सामूहिक हवन में श्रद्धालु भगवान की आराधना में भावविभोर दिखे। यहां आयोजन में बाबा उमाशंकर मिश्र, शोभ नाथ तिवारी, तारा मिश्रा, अरूण पाण्डेय, रामकृष्ण मिश्र, रामबोध शुक्ल, अनिल महेश ने प्रबन्धन में सराहनीय भूमिका निभायी। लालगंज के उदियापुर में हाइवे किनारे स्थित हनुमान जी के मंदिर में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के पाठ में श्रद्धालु उमड़े दिखे। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने किया। वही पौराणिक स्थली बाबा घुड़सरनाथ धाम में देवाधिदेव महादेव के श्रृंगार को भगवान बजरंग बली के स्वरूप में भव्यता को श्रद्धालु अपलक निहारते दिखे। यहां महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में हनुमान जी की विशेष आरती में श्रद्धालुओं का समागम दिखा। ज्येष्ठ माह के मंगलवार को लेकर लालगंज समेत बाजारों में राहगीरों तथा श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह हनुमान भक्तों ने शरबत वितरण का भी उत्साहजनक प्रबंधन किया।

युवाओं ने राहगीरों को शरबत पिला कर बुझाई प्यास

परियावां, प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली क बानेमऊ ग्राम सभा के पूरे महावीर का पुरवा के युवाओं ने इस समय पड़ रही भीषण गर्मी और बदन झुलसा देने वाली तपती दूपहरी में राहगीरों को राहत देने के लिए बानेमऊ तिराहे पर शरबत का स्टॉल लगाया जो सुबह 9 बजे से मीठा ठंडा शरबत वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया जो देर शाम तक चलता रहा जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों ने शीतल जल और शरबत पीकर राहत महसूस किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता गोलू दादा ने कहा इस चिलचिलाती धूप में हर कोई मनुष्य से लेकर जानवर तक गर्मी से बेहाल है हमारा प्रयास है की हम इस परिस्थिति में लोगों को जल पिलाकर पुण्य का फल प्राप्त करें गोलू ने कहा हमारे साथियों ने आवारा जानवरों और पशु पंक्षी के लिए भी प्रतिदिन पानी भर कर उन्हें पिलाने का प्रयास कर रहें है, ताकि इस गर्म मिजाज में बिना जल के किसी को मुश्किलों का सामना न करना पड़ें इस बीच मुख्य रूप से सुधांशु मिश्रा, मोहित मिश्रा, राजेश मिश्रा, अमन, सुमित, राज, सन्नी, शिवांग, हर्ष आदि लोग उपस्थित रहते हुए अपना सहयोग दिया।

आखिर मंगलवार को पूड़ी सब्जी के साथ हलुवा का हुआ प्रसाद वितरण

स्वतंत्र चेतना

परियावां, प्रतापगढ़ । ज्येष्ठ माह के आखिर मंगलवार को युवा व्यापारी वर्ग के दुकानदारों व समाजसेवी लोगों ने परियावा रेलवे फाटक के निकट बजरंग बली के चित्र पर धूप दीप फल फूल के साथ बजरंग बली बाला जी महराज जी की पूजन अर्चन किया और सभी ने मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा और अपने तथा परिवार के साथ क्षेत्र वासियो के लिए सुख समृद्धि की बाला जी कामना किया पूजन अर्चन के बाद प्रसाद के रूप मे हलुवा के साथ पूड़ी सब्जी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जो बड़ी धूम धाम के साथ सभी के सहयोग से सम्पन हुआ, जिसमें भारी संख्या मे लोगो ने प्रसाद ग्रहण

किया जो सिलसिला सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विनोद अग्रहरि, गुड्डू अग्रहरि, बब्बू गुप्ता, रवि अग्रहरि, विशाल गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, संजय पटेल, अनिल मौर्य(प्रधान पति परियावां) रज्जब अली, गिरजाशंकर, विजय अग्रहरि, पिंटू शुक्ला, सन्नो शुक्ला, अमन अग्रहरि, गुलशन अग्रहरि, पंकज अग्रहरि, सोनू सिंह, शिवाजी, आशीष जायसवाल, विकास अग्रहरि, विकास मोदनवाल, बबलू सोनी रहे।अनुज सोनकर (जिला पंचायत सदस्य) ने प्रसाद वितरण स्थल पर 25 गैलन ठंडा पानी पीने की व्यवस्था कर रखी थी। जिससे लोगो को प्रसाद ग्रहण करने के बाद ठंडा पानी से राहत मिली।

बीएससी का छात्र लापता परिजन परेशान, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

पट्टी, प्रतापगढ़। बीएससी का छात्र 25 दिन पहले कालेज के हास्टल से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद छात्र का पता नहीं चल सका। हैरान परेशान परिजनों ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव निवासी देव प्रकाश यादव वाराणसी में उपनिरीक्षक पद पर तैनात है। उनका भाई विशाल यादव मेरठ जिले के सरदार पटेल कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी का छात्र है। वह अचानक 28 मई को कालेज के हास्टल से लापता हो गया है। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका अभी तक पता नहीं चल सका। पीड़ित ने इस मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चर्चा है कि छात्र साइबर ठगी का शिकार हो गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के कटरा मेदनीगंज चैकी अन्तर्गत कटरा इंद्रकुंवर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। विवाहिता की शादी 12 वर्ष पूर्व हुई थी। विवाहिता की मौत की सूचना पर कटरा मेदनीगंज चैकी इंचार्ज मृत्युंजय पाण्डेय हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा। विवाहिता की मौत पर उसके भाई राजकुमार ने कटरा मेदनीगंज चैकी में तहरीर दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पुरानी रंजिश में दबंगों ने युवक को पीटा

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के महुली मंडी के पास पुरानी रंजिश को लेकर दबंगो ने एक युवक की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। आधा दर्जन से अधिक लोगो ने दुकान पर पहुंच कर युवक की पिटाई की। इस दौरान दबंगो ने असलहा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। इस दौरान दबंगो ने युवक के कपड़े फाड़ दिये और 24 हजार रुपये भी लेकर चले गये। पीड़ित युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक का आरोप है कि दबंगों ने धमकी दी है कि महुली मण्डी में दुकान नहीं लगाने देंगे।

दलित महिला की पिटाई को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। दलित महिला की पिटाई को लेकर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी के साथ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे छत्नू निवासी उमेश सरोज की पत्नी रेखा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह जून को आरोपी के मवेशी उसके घर में घुसकर गेंहू खाने लगे। पीडिता ने आरोपियो से उलाहना दिया तो आरोपी विजय यादव पुत्र गयादीन तथा सचिन पुत्र विजय उसे जातिसूचक गालिया देने लगे। मना किया तो आरोपियो ने उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी पीडिता को धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विजय समेत तीन के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओ मे सोमवार की रात केस दर्ज किया है।

ट्रेन हादसे में मरे यात्रियों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

■ जिम्मेदार अधिकारियों को निलम्बित किये जाने की मांग

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। सोमवार को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सुबह एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें 9 लोगों की मौत और दर्जनों लोगों की मौत के मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ट्रेन हादसे में जान गवाने वाले यात्रियों के आत्मा के शान्ति हेतु अंबेडकर चैराहे पर कैंडल मार्च निकालकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि इन 10 वर्षो में कई ट्रेन हादसा हुआ लेकिन इस सरकार में कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नही है स हादसा होने पर पिछली सरकारो में मंत्रियों ने इस्तीफा दिया है। श्री त्रिपाठी ने मांग किया कि जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाय और रेलमंत्री को नैतिकता के आधार पर स्तीफा देना चाहिए। श्री त्रिपाठी ने ट्रेन हादसे में मृतक के परिजनों को 50-50 लाख तथा घायलो को 25-25 लाख रुपए दिए जाने कि मांग किए। कैंडिल मार्च में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ .वी .के .सिंह, काशी नाराण मिश्रा, पी सी सी सदस्य डॉ .प्रशान्त देव शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, विजय शंकर त्रिपाठी, डॉ .अजय सिंह,खुशीर तिवारी, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष नफीस खान, फिरोज खान, आशीष शुक्ला,सुरेश मिश्रा, विजय प्रताप त्रिपाठी, के .के .शुक्ला, राधेश्याम दूबे, मो .वसीम, विश्वास सिंह, सुरेश कुमार, विनोद कुमार, देवमणि पाण्डेय, रियाज सुल्तान, नौशाद, ज्ञान, आलम, मो .सईद, जावेद, साहिल आदि उपस्थित रहे।

जान गंवाने वाले यात्रियों को कैडल जलाकर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

प्रोजेक्ट मैनेजर पद पर चयनित हुए अभिषेक, खुशी

लालगंज प्रतापगढ़। लालगंज तहसील क्षेत्र के कुम्भीआइमा निवासी मेधावी का चयन उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन में प्रोजेक्ट मैनेजर पद पर होने को लेकर खुशी का माहौल दिखा है। गांव के प्रमोद तिवारी तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। इनके पुत्र अभिषेक की सफलता पर साथियों में भी खुशी देखी गयी है। वहीं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी अभिषेक की सफलता को रामपुर खास की मेधा की बड़ी सफलता कहा है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, मिथिलेश त्रिपाठी, संजय सिंह, विनोद शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, प्रभात श्रीवास्तव, प्रेमचन्द्र त्रिपाठी, अनूप पाण्डेय, शिवप्रसाद यादव, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, विनोद नन्द्र शुक्ल, ओपी जायसवाल, राजेन्द्र मिश्र, शिवमूर्ति यादव, संतोष पाण्डेय, लाल विनोद प्रताप सिंह आदि ने साथी अधिवक्ता के पुत्र की सफलता को अधिक्ता समाज के लिए गौरवपूर्ण कहा है।

प्रेमिका के घर रात में पैसा देने पहुंचा प्रेमी, जमकर पिटाई

■ इंस्टाग्राम पर दोनों को हुआ था प्यार, पुलिस ने कराया मेडिकल

स्वतंत्र चेतना

पट्टी, प्रतापगढ़। प्रेमिका के बुलावे पर प्रेमी रात बारह बजे पैसा देने उसके घर पहुंच गया। इस दौरान जाग रहे परिजन व आसपास के लोगों उसे पकड़ कर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस किसी तरह प्रेमी युवक की जान बचाई। इलाके में इस बात की चर्चा जोरों पर है।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को पट्टी कोतवाली क्षेत्र के एक इलाके के युवक से इंस्टाग्राम व फेसबुक के जरिए प्रेम हो गया। इस दौरान प्रेमी युवती ने युवक से कुछ पैसे की बात की तो प्रेमी युवक पैसा देने रविवार रात बारह बजे करीब उसके घर पहुंच गया। गर्मी के चलते उस दौरान परिजन जाग रहे थे और को चोर समझकर पकड़ लिया तथा शोर मचा दिया। हल्ला गुहार पर जुटे आसपास के लोगों व परिजनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी तथा घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस प्रेमी युवक को थाने लेकर चली गई तथा रात में उसका सीएचसी बेलखरनाथ धाम में मेडिकल कराया। सोमवार को मामले की चर्चा इलाके में जोरों पर रही। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि युवक का मेडिकल कराया गया है तथा परिजन को सूचना गई। वह लोग आए और युवक को लेकर घर बले गए तहरीर नहीं दिया है।

चार वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अन्तू के उ0नि0 कौशलपति मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त विवेचना के दौरान थाना अन्तू के मु0अ0सं0 323/24 धारा 436, 506 भादवि से सम्बन्धित कौशल वर्मा पुत्र भगौती प्रसाद वर्मा, मुकेश वर्मा पुत्र भगौती प्रसाद वर्मा निo0ग्राम बहेलियापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ एवं मु0अ0सं0 324/24 धारा 436, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त रामकेवल वर्मा पुत्र स्व0 गोपी वर्मा व रामचन्द्र वर्मा पुत्र रामकेवल वर्मा निo0ग्राम बहेलियापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

रानीगंज क्षेत्र में होगा समुचित विकासः एसपी पटेल

सांसद एसपी पटेल का स्वागत करते लोग

■ - सांसद एसपी पटेल ने रानीगंज विधान सभा का किया दौरा

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के सांसद शिवपाल सिंह पटेल (एसपी पटेल) ने रानीगंज विधानसभा का दौरा किया। सांसद बनने से पहले रानीगंज विधानसभा में कई जनसभाएं की परंतु सांसद बनने के बाद प्रथम आगमन पर रानीगंज विधानसभा के लोगों में खुशी थी। उन्होंने माला पहनकर उनका स्वागत किया और मिठाइयां खिलाई।

इस मौके पर सांसद शिवपाल सिंह पटेल ने कहा कि हर वह दिक्कत जो संसद द्वारा दूर होगी उसको पूरा किया जाएगा रानीगंज विधानसभा को जगमगा दिया जाएगा।

पृथ्वीगंज बाजार से होते हुए मिजार्पुर चैराही, नगर पंचायत रानीगंज, चिरकुटी, गाजी का बाग, रामापुर, कतनपुर, शुकुलपुर मोड़, सुहासा, केवरा कला, अवधानपुर, बौरापुर जामताली, मेहरौली, दिलीपपुर, कर्मजीतपुर, रखहा में लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे ने कहा कि यह हमारी पहली लड़ाई है अब हमें 2027 की तैयारी जोर-जोर से करना चाहिए। इस मौके पर जावेद अहमद जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र दुबे, राजेश कुमार पटेल, मोहम्मद शमीम प्रमुख, आफताब आलम सभासद, मोहम्मद साहिल ,मोहम्मद मुकीम, शकील भट्टी, राम अभिलाष यादव, भैया राम यादव, आदिल भाई ,इंद्र प्रसाद पटेल, डॉक्टर शेर बहादुर यादव जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद सलीम ,जमील मंसूरी ,विनोद यादव, सुनील विश्वकर्मा ,संतलाल पटेल, वरुण प्रताप सिंह, राजेश यादव ,शमशाद भाई, पन्नालाल पटेल ,उर्मिला यादव विकास यादव ,मोहम्मद अली अमरपाल मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर आरोपियो ने पीडित को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सांई की कुटी वार्ड निवासी जितेन्द्र सरोज पुत्र रामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह जून को केशवपुर बाजार में कान का पुरवा बेलहा निवासी आरोपी अंकित पुत्र रामलाल तथा गुड्डू पुत्र गुलाम सरोज व मनोज पुत्र केलाश उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट कर उसे चुटहिल कर दिया। बाजार में लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

एआरटीओ ने ओवरलोड वाहनों का किया चालान

प्रतापगढ़। एआरटीओ दिलीप गुप्ता लगातार जिले भर में डग्गामार वाहन ओवरलोड वाहनों पर कर रहे कार्रवाई। इसी क्रम में लीलापुर थाने इलाके के लीलापुर मे ओवरलोड कई वाहनों का एआरटीओ ने वेंकिग किया और वाहनों का चालान किया। इस दौरान ओवरलोड वाहनों के चालकों में हड़कंप मचा रहा। बता दे कि ओवरलोड वाहनों पर एआरटीओ दिलीप गुप्ता लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

एसपी ने 1982 के बाद सबसे अधिक समय जिले में रहने का बनाया रिकार्ड

प्रतापगढ़। जिले के वर्तमान पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने 1982 के बाद अपने नाम एक नया रिकॉर्ड कायम किया। यूपी के सबसे चर्चित जिलों में से एक प्रतापगढ़ के पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने रिकॉर्ड बनाया। बता दे कि एसपी सतपाल अंतिल ने 1982 का रिकॉर्ड तोड़ा है।

भगवान का जन्म लोकमंगल और धर्म का शंखनादः आचार्य देवव्रत

■ श्रीमद् भागवत कथा में भगवान का जन्मोत्सव देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र चेतना

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के द्विगवस गांव में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी देख महिला श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। कथाव्यास प्रयागराज धाम के आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि धरती पर बढ़ते पाप को असहय देख भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया।

उन्होंने कहा कि भगवान का जन्म लोकमंगल की रक्षा और पाप से धरती के बोझ को मिटाने के लिए हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मनमोहक कथा समझाते हुए आचार्य देवव्रत जी ने बताया कि भगवान को भक्त जिस रूप में जपा करता है भगवान भी उसी रूप में उसे उसी भाव से प्रतिफल दिया करते हैं। उन्होने कहा कि कर्म की सुचिता ही भगवान द्वारिकाधीश की सच्ची आराधना है। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर व्यासपीठ से भजन संकीर्तन में श्रद्धालुओं को भी आनदित देखा गया। श्रद्धालुओं ने भगवान की पालकी के साथ व्यासपीठ का भी पूजन अर्चन किया। कथा के संयोजक समाजसेवी रामप्रताप पाण्डेय व निर्मला पाण्डेय ने श्रीद्वारिकाधीश की आरती उतारी। इस मौके पर आदर्श मिश्र, लल्ले तिवारी, रज्जन मिश्र, प्रभाशंकर शुक्ल, प्रधान राजीव दुबे, अमित शुक्ल, हरीश मिश्र, मुकेश सिंह, रामकुमार पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, राकेश तिवारी, विकास पाण्डेय, अनिल महेश, विकास मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे। सह संयोजक शीतला प्रसाद पाण्डेय, देवप्रताप पाण्डेय तथा संतोष पाण्डेय ने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया।

कथा में आरती पूजन करते श्रद्धालु

चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट की घटना में जानलेवा हमले को लेकर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा तोडफोड व मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे खरगू कै थौला निवासी शिवशंकर उपाध्याय पुत्र स्व. रामगोपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह जून को वह रानीगंज कै थौला बाजार से सामान खरीदकर घर जा रहा था। थोडी दूर पर ही पहले से लामबंद कलापुर गावं के प्रिन्स सिंह पुत्र बबलू व सुमित पुत्र मलखान एवं सागर तथा संदीप पुत्रगण समरजीत ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज शुरू कर दी। पीडित ने मना किया तो आरोपी लाठी डण्डे व धारदार हथियार से हमलावर हो उठें। आरोपियों ने पीडित पर प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर रूप से चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी गृहस्थी के सामान में तोडफोड करने लगे। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रिंस समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

स्वतंत्र चेतना
www.swatantrachetnanews.com
प्रयागराज । बुधवार । 19 जून 2024 6

संपादकीय

पानी के सुलगते सवाल

कैसी विडंबना है कि देश की राजधानी में राज्य सरकार की मंत्री को पड़ोसी राज्य हरियाणा से आग बरसाती गर्मी के बीच गुहार लगानी पड़ रही है कि मानवता के आधार पर दिल्ली को अधिक पानी दें। भारतीय जीवन–दर्शन में जरूरतमंद को पानी पिलाना पुण्य माना जाता रहा है। वक्त के साथ ही इस संकट पर संवेदनहीनता सरकार और लोगों के स्तर पर नजर आ रही है। दिल्ली का जल संकट कोई पहली बार सामने नहीं आया। यह तंत्र की काहिली और राजनीतिक नेतृत्व की नाकामी का ही नमूना है कि झुलसाती गर्मी में वे लोगों को पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। समाज का संपन्न वर्ग तो किसी तरह पानी का जुगाड़ कर ही लेता है, लेकिन गरीब व निम्न मध्यवर्गीय लोगों को इस संकट से ज्यादा दो–चार होना पड़ता है। शर्मनाक यह है कि पक्ष व विपक्ष द्वारा जल संकट का समाधान करने के बजाय घड़े फोड़कर राजनीतिक लाभ लेने की कुवेष्टा हो रही है। यह समय घड़े फोड़ने का तो नहीं है, क्यों नहीं सभी राजनीतिक दल संकटकाल जैसी चुनौती महसूस करते हुए प्यासे लोगों के घड़े पानी से भरने का प्रयास करते? नीति–नियंताओं को इस जल संकट को आने वाले कल के बड़े संकट का ट्रेलर मानकर चलना चाहिए। बंगलुरू के भयावह जल संकट की बात पुरानी नहीं है। देश के कई अन्य भागों में जल संकट की आहट साफ देखी जा रही है। दरअसल, कथित आधुनिकता के नाम पर पानी का विलासिता से दुरुपयोग किया गया। उसी दिल्ली में कहीं स्वीमिंग पुल खुले हैं, कहीं कारें धोई जा रही हैं, कहीं लॉन सींचे जा रहे हैं तो कहीं एक पानी के टैंकर में कई–कई पाइप डालकर पीने का पानी जुटाने के लिये मारामारी चल रही है। ऐसे संकट के समय तो दुश्मन भी पसीज जाते हैं, फिर किस बात की राजनीति? बहरहाल, यह हमारे नीति–नियंताओं की नाकामी की पराकाष्ठा ही है कि हम अपने नागरिकों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा नहीं दे पा रहे हैं। हमारी नीतियां चांद पर पानी तलाशने की रही हैं मगर हर घर जल नहीं मिल रहा है। सवाल उन राजनेताओं पर भी है जो वोट की राजनीति के लिये आये दिन बिजली–पानी मुफ्त देने की घोषणा करते रहते हैं और मुफ्त पानी दे भी रहे हैं। निश्चित रूप से व्यवस्थित व कारगर जलापूर्ति के लिये मुफ्त की नीति घातक होती है। बेहतर होता कि पानी मुफ्त देने के बजाय गुणवत्ता का पर्याप्त पानी देने के लिये योजना बनती। वॉटर रिसाइक्लिंग और ग्राउंड वॉटर रिचार्ज के लिये योजना बनती। काश! यमुना को साफ करने की ईमानदार कोशिश होती। यदि ऐसा होता तो दिल्ली के लोगों को पानी के लिये आंसू न बहाने पड़ते। सवाल जनता की जवाबदेही का भी है जो पानी के दुरुपयोग व सदुपयोग पर विचार नहीं करती। हम सार्वजनिक जल के बर्बाद होने पर खामोश क्यों रहते हैं? यदि पानी का विलासिता से उपयोग होता है तो किसी के हिस्से के पानी का हम दुरुपयोग कर रहे होते हैं। जनता क्यों आवाज नहीं उठाती कि हमारी जीवनदायिनी नदियों को किसने गंदे नाले में तब्दील कर दिया। क्यों सदानीरा यमुना का पानी उपयोग लायक नहीं रह गया है। गाल बजाने वाले दिल्ली के सत्ताधीश उन फैक्टरियों पर अंकुश क्यों नहीं लगा पाए, जिनके रासायनिक कचरे ने यमुना को जहरीला बना दिया है। क्यों हर सीवरलाइन का मुंह नदियों की तरफ खुलता है? स्थानीय निकायों में घटिया किस्म की राजनीति करने वाले लोग क्यों नहीं आदर्श और दूरदर्शी पेयजल योजनाएं बनाते? जिस तरह से दिल्ली में लगातार आबादी का बोझ बढ़ता जा रहा है, उसके लिए हमें दिल्ली के लिये दूरदर्शी पेयजल योजना बनानी होगी। स्थानीय प्रशासन ध्यान दे कि टैंकर माफिया जल संकट को कैसे मुनाफे के कारोबार में बदल रहा है? क्यों पुलिस को नदी के पानी की निगरानी करनी पड़ रही है? ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि स्थानीय निकाय पुलिस की निगरानी में वैकल्पिक जल आपूर्ति के लिये प्रयास करें? यह समय संकट से सामूहिक रूप से मुकाबले का है। साथ ही वर्ष 1994 में उ.प्र., राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल व दिल्ली के बीच तीन दशक पहले हुए समझौते को बढ़ती आबादी के परिप्रेक्ष्य में नये सिरे से परिभाषित किया जाना चाहिए।

सेहत

एजिंग की समस्या को दूर करेंगे ये 5 फूड्स, स्किन होगी टाइट

उम्र के बढ़ने से चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइन्स नजर आने लगती है। जिससे चेहरे की खूबसरती खत्म होने लगती है। अगर आप भी एकदम जवान दिखना चाहती हैं तो इन 5 फूड्स का सेवन जरुर करें।

उम्र बढ़ने के साथ–साथ चेहरे पर एजिंग दिखना प्राकृतिक चेंज है। दरअसल, उम्र के बढ़ने से स्किन में ढीलापन, झुर्रियां और फाइन लाइंस देखने को मिलती है। हालांकि, कई बार गलत खानपान और पोषण की कमी की वजह से कम उम्र में ही लोगों को ये दिक्कतें होने लगती हैं। जिस वजह से लोग बुढ़ाप से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं। इससे बचने के लिए आप रोजाना इन 5 फूड्स का सेवन कर सकते हैं। इन फ्रूट्स विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं जो स्किन को अंदर से पोषण देते हैं और उसे जवान रखने के लिए मदद करती है।

बेरीज

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम है बेरीज का। बेरीज के सेवन करने से चेहरे की झुर्रियां गायब हो सकती है। बेरीज में पोटेशियम, मैग्नीशियम, विटामिन सी और के, फाइबर और अन्य प्रीबायोटिक्स से भरपूर होती हैं जो स्किन में कोलेजन बढ़ाती हैं।

साल्मन

साल्मन में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। इसके साथ ही ओमेगा–3 फैटी एसिड भी होता है जो स्किन को जवान रखता है।

चिकन

चिकन की हड्डियों से बनने वाला सूप को बोन ब्रॉथ कहते हैं जो कोलेजन का बढ़िया सोर्स है। इसके सेवन से चेहरे की झुर्रियां गायब हो जाती है। इसके साथ ही स्किन टाइट होती है।

अंडा

अगर आप चेहरे से झुर्रियां को गायब करना चाहते हैं तो आप अंडा का सेवन कर सकते हैं। अंडे में पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो स्किन को यंग एंड ब्यूटीफुल रखने में मदद करती है।

विटामिन सी रिच डाइट का सेवन

स्किन को जवान रखने के लिए आप अपनी डाइट में रोजाना विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन कर सकते हैं। जो स्किन को जवान रखती हैं।

महज सियासी मजबूरी से न हो अग्निवीर योजना पर पुनर्विचार

आम चुनाव–2024 का परिभाषित परिणाम यह है कि भारत का राजकाज सही मायने में गठबंधन सरकार चलाएगी, जिसमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है, जो दो मुख्य सहयोगियों, जनता दल यूनाइटेड और तेलुगू देशम पार्टी के नाजुक समर्थन पर टिकी है। अतएव, मोदी सरकार–3 में शासन का स्वरूप और अवयव पिछले एक दशक में देखे गए रंग–ढंग जैसा न होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा–सैन्य ढांचे के मामले में बदलाव लाने की मांग पहले ही सामने आ चुकी है। जनता दल (यू) ने कहा है कि मोदी सरकार–2 में लागू की गई विवादित अग्निपथ योजना को पुनर्समीक्षा की जरूरत है। इस योजना के तहत सेना में फौजी (अग्निवीर) की भर्ती, छह महीने के प्रशिक्षण सत्र के बाद, चार साल के लिए होती है, इसके सेवा–नियम पूर्व में लागू पेंशन एवं संबंधित लाभों से एकदम अलग हैं, जो विगत में अफसर से निचले स्तर के फौजियों को 15 साल के सेवाकाल के बाद मिला करते थे। शपथ समारोह से पूर्व जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी का बयान आया : ह्यअग्निपथ योजना को लेकर कुछ तबकों में रोष है। हमारी पार्टी चाहती है कि इसमें व्याप्त खामियों को दूर किया जाएह्न। जब वर्ष 2022 के मध्य में यह योजना लागू की गई थी, तब पेशेवर हलकों में इस बात को लेकर काफी नुक्ताचीनी हुई थी कि यह प्रधानमंत्री कार्यालय का शायद एकतरफा निर्णय है। नई योजना के सूक्ष्म बिंदुओं पर न तो सेना के आला अफसरों से सलाह–मशविरा किया गया, न ही सांसदों के बीच इस पर विस्तृत विमर्श हुआ। दिसंबर, 2019 से अप्रैल, 2022 तक सेनाध्यक्ष रहे जनरल एमएम नरवणे ने विमोचन की प्रतीक्षा कर रही अपनी किताब में अग्निपथ बाबत मूल्यवान जानकारी दी है। वे कहते हैं कि उन्होंने तो थल सेना में अल्प–कालिक भर्ती के लिए ह्यटूअर–ऑफ–ड्यूटीह्न नामक एक प्रयोगात्मक योजना का प्रारूप सुझाया था लेकिन 2022 में प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी नीति एकदम अलग स्वरूप वाली थी और इसको सेना के तीनों अंगों पर लागू कर दिया गया। यह भी कहा : ह्यहम थल सेना वालों को तो घटनाक्रम में आए इस मोड़ से सिर्फ हैरानी ही हुई, लेकिन नौसेना एवं वायु सेना के लिए तो यह अचानक चौंकाने वाली बात थीह्न।

नियमानुसार चलने वाले लोकतंत्र की रिवायतों का तकाजा है कि यदि देश का राजनीतिक नेतृत्व कोई नीति संबंधी निर्णय लेता है तो सेना के सर्वोच्च अधिकारियों को उसका पालन करना पड़ता है, अग्निपथ योजना में यही हुआ। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में, प्रमाणित है कि मोदी सरकार–2 का यह फैसला मुख्यतः बजटीय कारणों को ध्यान रखकर लिया गया (पेंशन मद बचाना), और इसका असर सेना की लड़ाकू–दक्षता पर कितना होगा, इस पर विचार गौण था। अग्निपथ योजना सम्मिलित राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए दीर्घकाल में कितनी फायदेमंद रही, इसका अंदाजा एक दशक या उसके बाद ही हो पाएगा। जदयू की मांग ने अब किया यह है कि राजनीतिक मजबूरी ने सैन्य–व्यय पर पुनर्विचार करना आवश्यक बना डाला है। गठबंधन सरकार का एक भागीदार भाजपा को इस नीति की पुनर्समीक्षा करने का प्रारूप सुझाया था लेकिन 2022 में प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी नीति एकदम अलग स्वरूप वाली थी और इसको सेना के तीनों अंगों पर लागू कर दिया गया। यह भी कहा : ह्यहम थल सेना वालों को तो घटनाक्रम में आए इस मोड़ शांत करने के वास्ते है, क्योंकि अग्निपथ योजना फौजी वर्दी धारण करने का मौका उनसे छीनने के अलावा सरकारी पेंशन रूपी आर्थिक सुरक्षा से भी वंचित कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले चले प्रचार में, कांग्रेस और सपा के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने नई सैनिक भर्ती योजना पर अपने एतराज खुलकर जाहिर किए। यह वांछित घटनाक्रम नहीं है, जिसमें महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा निर्णय और नीतियां लागू होने बाद उनपर बहस करनी पड़े। इससे बचा जा सकता था यदि अपने दूसरे कार्यकाल में अग्निपथ योजना की घोषणा करने से पहले प्रधानमंत्री मोदी सदन के अंदर और सेना के आला अधिकारियों से विचार–विमर्श करने की जहमत उठा लेते। इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय सेना और उच्च रक्षा प्रबंधकीय ढांचे में नीतियों की समीक्षा और तंत्र का पुनर्निर्माण करने की जरूरत बहुत ज्यादा है। मोदी सरकार–1 में वार रक्षा मंत्री रहे और जो एकमात्र बड़ा निर्णय लिया गया वह था, नवम्बर 2015 में वन रैंक–वन पेंशन को मंजूरी देना और इसका स्वागत भी हुआ। मोदी सरकार–2 (2019–24) में,प्रधानमंत्री ने कुछ साहसिक किंतु एकदम अलग निर्णय लिए, मसलन, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) पद और डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स (डीएमए) का सृजन। अलबत्ता पांच साल बाद भी, इस सिलसिले में विभागीय पुनर्गठन का काम अधूरा है। तोकतांत्रिक स्वरूप वाली सरकारें वक्त के साथ अपनी नीतियों के सांचे में क्रमिक सुधार करती रहती हैं। भारत के मामले में, प्रत्येक प्रधानमंत्री ह्ज नेहरू और उनके बाद आने वाले ह्ज प्रधानमंत्री कार्यालय को और अधिक शक्तिशाली करते गए। लेकिन रिवायत रही कि संसद के भीतर, व विशेषकर विषय संबंधित संसदीय कमेटियों से सलाह–मशविरा किए जाने ने पारदर्शिता लाने और उद्देश्यपूर्ण समीक्षा एवं सर्वसम्मति की अनुमति के लिए मूल्यवान भूमिका निभाई। लेकिन मोदी शासन की कार्यशैली में इस तरीके को तरजीह नहीं रही। अतएव, चाहे यह अग्निपथ योजना हो या किसी सेवानिवृत्त थ्री–स्टार जनरल को फोर–स्टार सीडीएस पद पर बैठाना, सब फैसले प्रधानमंत्री कार्यालय में मनमाफिक लिए गए। राष्ट्रीय सुरक्षा और सेना के गैर–राजनीतिक चरित्र के मामले में यह कृत्य दीर्घ–काल में अच्छा सिद्ध नहीं होगा। घरेलू राजनीति की जरूरतों को मुख्य रखना और अल्प–कालीन राजनीतिक फायदे आंतरिक रक्षा मामलों को स्वरूप देते रहे। मणिपुर की त्रासदी इसकी एक बानगी है। एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री बहक कर गंभीर नीतिगत गलती कर सकता है, ऐसी जो राष्ट्रीय सुरक्षा को फिर से ठीक न किए जा सकने वाला नुकसान पहुंचा दे, यहां नेहरू–कृष्ण मेनन की भारी भूल एक वेतावनी है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में अत्यंत जरूरी है कि जल्दबाजी में फैसला लेने से बचा जाए और पहले सदन और संबंधित कमेटियों में इनपर यथेष्ट विचार–विमर्श हो। अब जबकि मोदी सरकार–3 का कार्यकाल शुरू हुआ है, यह सही होगा कि सांसदों और विषय विशेषज्ञों को पिछले दस सालों के दौरान किए गए बड़े बदलावों की उद्देश्यपूर्ण समीक्षा की अनुमति हो और भारत की समग्र सैन्य क्षमताओं की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर आकलन किया जाए। बीसी खंडूरी संसदीय कमेटी रिपोर्ट–2017 में सेना की साजो–सामान संबंधी जिन कमियों को गिनाया गया था, उन पर ध्यान देना अच्छी शुरुआत बन सकता है। अग्निपथ योजना के अलावा, आत्मनिर्भरता बनाकर आयात घटाने पर ध्यान देना एक अन्य प्रमुख आवश्यकता है। पुनर्समीक्षाओं के लिए जरूरी नहीं कि कोई राजनीतिक मंशा या गलवान झड़प–2020 जैसी झकझोर देने वाली घटना कारक बने, बल्कि यह करना व्यवस्था का स्थाई अंग हो। मोदी सरकार–3 के लिए शीघ्रतम कुछ है जून के मध्य से पहले नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति करना। उम्मीद करें कि संस्थागत सार्वभौमिकता और ईमानदारी का पोषण करने वाले जांचे–परखे सिद्धांतों पर राजनीति हावी नहीं की होगी।

सी. उदय भास्कर

मोदी परिवारवाद का विरोध करते रहे मगर जनता परिवारवादी दलों की ताकत में इजाफा कर दिया

अमेठी, रायबरेली और वाराणसी संसदीय सीट से उम्मीदवारी की चर्चा के बाद 52 वर्षीय प्रियंका अंततः केरल के वायनाड से चुनावी राजनीति में पदार्पण करेंगी। केरल एक ऐसा राज्य है, जहां कांग्रेस ने 2019 के साथ–साथ 2024 के लोकसभा चुनावों में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनावों के दौरान परिवारवाद का विरोध करते रहे लेकिन जनता ने विपक्ष को इतनी ताकत दे दी कि सभी परिवारवादी दल चुनाव भी जीते और अब अपने राजनीतिक परिवारवाद को और आगे बढ़ाने लग गये हैं। इसी कड़ी में गांधी परिवार ने राजनीतिक परिवारवाद को आगे बढ़ाते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा को भी चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। वर्ष 2019 में सक्रिय राजनीति में आने के बाद से प्रियंका गांधी वाड्रा के कभी अमेठी, तो कभी रायबरेली और यहां तक की वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर समय–समय पर अटकलें लगाई जाती रहीं, लेकिन कांग्रेस के उन्हें वायनाड सीट से उपचुनाव में मैदान में उतारने की घोषणा के बाद अब इन पर विराम लग गया है। हम आपको बता दें कि कांग्रेस ने सोमवार को फैसला किया कि राहुल गांधी रायबरेली के सांसद बने रहेंगे और वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे। राहुल ने 2019 में वायनाड से पहली बार आसानी से जीत हासिल की थी, जब उन्हें परिवार के गढ़ अमेठी में हार का सामना करना पड़ा था। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में राहुल ने फिर से वायनाड से चुनाव लड़ा, लेकिन अमेठी छोड़कर रायबरेली चले गए। हालिया आम चुनाव में, राहुल गांधी ने वायनाड में 64.7 प्रतिशत वोट हासिल करके अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की एनी राजा को 3.64 लाख मतों के अंतर से हराया था। भाजपा उम्मीदवार के. सुरेंद्रन 1.3 लाख वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। जहां तक प्रियंका की बात है तो अमेठी, रायबरेली और वाराणसी संसदीय सीट से उम्मीदवारी की चर्चा के बाद 52 वर्षीय प्रियंका अंततः केरल के वायनाड से चुनावी राजनीति में पदार्पण करेंगी। उल्लेखनीय है कि केरल एक ऐसा राज्य है, जहां कांग्रेस ने 2019 के साथ–साथ 2024 के लोकसभा चुनावों में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। प्रियंका गांधी ने सोमवार को (वायनाड से) अपनी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद कहा, ह्यमुझे जरा भी घबराहट नहीं है... मैं बहुत खुश हूं कि मुझे वायनाड का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि मैं उन्हें (वायनाड की जनता) उनकी (राहुल की) अनुपस्थिति महसूस नहीं होने दूंगी... मेरा रायबरेली से अच्छा नाता है, क्योंकि मैंने वहां 20 साल तक काम किया है और यह रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। हम आपको बता दें कि सक्रिय राजनीति में आने के बाद जनवरी 2019 में उन्हें महत्वपूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभारी महासचिव बनाया गया और फिर पूरे राज्य का प्रभारी महासचिव बनाया गया। हालांकि 2019 के चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन प्रियंका ने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के अपने प्रयास जारी रखे। दिसंबर 2023 में, प्रियंका को ह्यहाबिना पोर्टफोलियोह्न का महासचिव बनाया गया और वह कांग्रेस की प्रमुख रणनीतिकार और बाद में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की स्टार प्रचारक के रूप में उभरीं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने में भी मदद की और हिमाचल प्रदेश में पार्टी के प्रचार अभियान का नेतृत्व किया और राज्य में पार्टी को सत्ता में लाने में मदद की। उनके प्रचार अभियान ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीट जीतने में मदद की। वहीं, 2019 में यह आंकड़ा 52 था। हम आपको बता दें कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने हालिया लोकसभा चुनाव से पहले अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा कई बार जताती थी। लेकिन सीट से परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारा गया, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता स्मृति ईरानी को हराया। यदि प्रियंका गांधी लोकसभा उपचुनाव जीत जाती हैं, तो यह पहली बार होगा कि सोनिया, राहुल और प्रियंका तीनों एक साथ संसद में होंगे। सोनिया गांधी फिलहाल राजस्थान से राज्यसभा सदस्य हैं। देखा जाये तो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के आश्चर्यजनक रूप से अच्छे प्रदर्शन के साथ, प्रियंका गांधी वाड्रा ने पार्टी के एक करिश्माई नेता के रूप में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली है। प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनावी राजनीति में पदार्पण पर राजनीतिक विश्लेषकों की राय की बात करें तो आपको बता दें कि ह्यह्य24 अकबर रोडः ए शॉर्ट हिस्ट्री ऑफ द पीपल बिहाइंड द फॉल एंड राइज ऑफ द कांग्रेसह्नह्न सहित कई किताबें लिखने वाले रशीद किदवई ने कहा, ह्याकांग्रेस लंबे समय से एक प्रभावी प्रचारक की तलाश में थी और 2024 के चुनाव में प्रियंका गांधी ने जिस तरह से मोदी को जवाब दिया है, उससे वह बड़े विकल्प के तौर पर उभरी हैं। प्रियंका गांधी ने दिखाया कि मोदी का मुकाबला किया जा सकता है और उन्होंने पूरे भारत में कांग्रेस के लिये चुनाव प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी ह्न इसके अलावा, राजनीतिक टिप्पणीकार और कांग्रेस के पूर्व नेता संजय झा ने प्रियंका गांधी को ह्नशानदार प्रचारकह्न बताया। उन्होंने कहा, ह्नमोदी के कटाक्षों का तीखा और त्वरित जवाब देकर उन्होंने प्रचार के दौरान कमाल कर दिया। उनकी मौजूदगी जादुई रही है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में ह्नइंडियाह्न गठबंधन ने 543 में से 234 सीट जीतीं, जबकि 99 सीट जीतकर कांग्रेस विपक्षी गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। कांग्रेस चुनाव अभियान में जोरदार वापसी करती दिखी और प्रियंका ने मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं के लगातार हमलों का मुकाबला करने में अहम भूमिका निभायी। प्रधानमंत्री मोदी के ह्नसोने और मंगलसूत्रह्न वाले बयान पर पलटवार करते हुए भावुक प्रियंका ने मतदाताओं को याद दिलाया था कि उनकी मां सोनिया गांधी ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र बलिदान कर दिया।

नीरज कुमार दुबे

धरे रह गये केदारनाथ आपदा के सबक, यात्र में जन सैलाब



केदारनाथ आपदा को गुजरे हुये 11 साल हो गये मगर उस विभीषिका के घाव अब तक नहीं भर पाये। उस त्रासदी में न जाने कितने लोग मरे होंगे, इसका सटीक अनुमान नहीं लग सका। मगर राज्य पुलिस द्वारा मानवाधिकार आयोग को सौंपे गयी रिपोर्ट में इस आपदा में पूरे 6182 लोग लापता बताये गये। जिन साधुओं का पूछने वाला कोई नहीं तथा देश के सुदूर हिस्सों से आये गरीब यात्रियों का कोई रिकार्ड ही नहीं था। अगर हमने केदारनाथ आपदा से कोई सबक सीखा होता तो 7 फरवरी, 2021 को सीमान्त चमोली जिले के उच्च हिमालयी क्षेत्र में धौलीगंगा और ऋषिगंगा की बाढ़ की तबाही नहीं होती। उस त्रासदी में कम से कम 206 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई। ऋषिगंगा पर 13.2 मेगावाट और धौलीगंगा पर 520 मेगावाट के बिजली प्रोजक्ट नहीं बन रहे होते तो इन नदियों की बाढ़ उतनी विनाशकारी नहीं होती। लगता है हमारे योजनाकार और नीति–नियंता न तो केदारनाथ की और न ही धौलीगंगा की बाढ़ की विभीषिका से कोई सबक सीख सके। विकास के नाम पर पारिस्थितिकी से बेतहाशा छेड़छाड़ सम्पूर्ण हिमालय के साथ हो रही है, जिसका अंजाम हम पिछले साल हिमाचल प्रदेश में भी देख चुके हैं। भारतीय भूगर्भ विभाग के तत्कालीन निदेशक सहित महेन्द्र प्रताप सिंह बिष्ट आदि भूवैज्ञानिकों ने रामबाड़ा से ऊपर किसी भी हाल में भारी निर्माण कार्यों पर रोक लगाने की सिफारिश के साथ कहा था कि केदारनाथ धाम किसी ठोस जमीन पर न होकर मलबे के ऊपर स्थापित है, जो कि भारी निर्माण को सहन नहीं कर सकता। इधर विशेषज्ञों की वेतावनियों के बावजूद सौंदर्यीकरण के नाम पर बड़े इलाके को खोद दिया गया। इस खुदाई के कारण बदरीनाथ की क्रोम धारा जैसी कुछ पवित्र धाराएं लुप्त हो गयीं। उत्तराखंड के चारों धामों में यात्रियों की भीड़ पिछले रिकार्ड तोड़ती जा रही है। इस साल 16 जून तक चारों धामों में 23,54,440 यात्री पहुंच चुके थे। जबकि सन? 2000 तक पूरे छह महीनों में इससे बहुत कम यात्री आते थे। इन तीर्थों तक मोटर सड़क बनने से पहले मात्र 60–70 हजार यात्री ही पहुंच पाते थे। खास बात यह है कि यात्रियों का सैलाब बदरीनाथ से ज्यादा केदारनाथ में उमड़ रहा है। जबकि केदारनाथ के लिये 21 किमी लम्बी पैदल यात्रा है और बदरीनाथ सीधे वाहन से जाया जाता है। एक्षभूषण वण्डी प्रसाद भट्ट आदि विशेषज्ञों के अनुसार हिमालयी तीर्थों पर उनकी धारक क्षमता से इतनी अधिक भीड़ विनाशकारी ही हो सकती है। चिन्ता का विषय तो यह है कि लाखों वाहन सीधे गंगोत्री और सतोपन्थ ग्लेशियर समूहों के पास तक पहुंच रहे हैं। जिससे इन ग्लेशियरों के पिघलने की गति बढ़ने और हिमालय पर हिमनद झीलों की संख्या और आकार बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। सन? 2013 की बाढ़ में चोराबाड़ी झील ही केदारनाथ पर टूट पड़ी थी। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस साल 16 जून तक मात्र एक माह और 6 दिन में 2,58,957 वाहन बदरीनाथ, गंगोत्री, केदारनाथ तथा यमुनोत्री के निकट पहुंच चुके थे। केदारनाथ आपदा के कारणों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) की टीमों ने स्वयं दो बार आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा करने के साथ ही रिमोट सेंसिंग, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियॉलाजी, राज्य आपदा न्यूनीकरण केन्द्र और भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग जैसी विभिन्न विशेषज्ञ एजेंसियों के सहयोग से तीन खंडों में अपनी रिपोर्ट तैयार की थी। जिसमें 19 सिफारिशें और वेतावनियां दी गयी थीं। इसमें जलविद्युत परियोजनाओं से स्थानीय समुदाय को त्वरित बाढ़, जमीन धंसने, जलस्रोत सूखने और जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही वन्य जीवन और पर्यावरण दूषित होने की शिकायतें भी रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया था कि उत्तराखंड जैसे संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में जलविद्युत परियोजनाओं के लिये पर्यावरण प्रभाव आंकलन बाध्यकारी होना चाहिए। इन परियोजनाओं की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में सुरंगों तथा अन्य क्षेत्रों से पहाड़ काट कर निकले मलबे के निस्तारण का भी स्पष्ट प्लान होना चाहिए।

जयसिंह रावत

(शख्सियत)

जमशेद जी टाटा के तीन सपने रह गये अधूरे, ऐसे खुद को किया स्थापित

जमशेदजी टाटा अपने जीवन में काफी संघर्ष कर खुद को स्थापित किया था। जीवन में हालात कभी उनके अनुकूल नहीं थे, लेकिन उन्होंने परिस्थितियों के आगे जाकर उपलब्धियां हासिल की। पिता से विरासत में मिले व्यवसाय को छोड़कर उन्होंने जिस भी व्यवसाय में हाथ डाला, उन्होंने उसमें सफलता पाई। आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर जमशेद जी टाटा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और शिक्षा

गुजरात के नवसारी में 3 मई 1839 को जमशेद जी टाटा की जन्म हुआ था। उनके पिता नौशरवांजी पारसी पादरियों के वंश में पहले व्यापारी थे। पढ़ाई के दौरान ही सिर्फ 14 साल की उम्र में वह अपने पिता के ए्वसाय से जुड़ गए। वहीं साल 1858 में उन्होंने एल्फिन्स्टन कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी होने के बाद वह पूरी तरह से व्यवसाय पर फोकस करने लगे।

जमशेद जी टाटा के पिता की निर्यात कंपनी की जापान, चीन यूरोप, और अमेरिका में शाखाएं हुआ करती थीं। लेकिन साल 1857 के विद्रोह के बाद उस व्यवसाय को चला पाना काफी मुश्किल काम था। वहीं नुसेरवानजी टाटा नियमित तौर पर चीन जाया करते थे और अफीम का कारोबार करते थे। नुसेरवानजी अपने बेटे जमशेद को भी इसी व्यवसाय में डालना चाहते थे। जिसके लिए वह जमशेद जी को चीन भेजना चाहते थे। ताकि वह अफीम के व्यापार



की बारीकियों को सीख सकें।

बता दें कि जब वह चीन गए, तो देखा कि कपड़े के व्यवसाय में भविष्य है। उन्होंने सिर्फ 29 साल की उम्र तक पिता के व्यवसाय में काम किया फिर 1868 में जमशेद जी ने 21 हजार रुपए में एक कंपनी खोली। चिंचपोकली में दिवालिया तेल की कारखाने को खरीदा और उस कंपनी को रूई की ठैक्ट्री में बदला। वहीं करीब दो साल बाद मुनाफे पर इस कंपनी को बेच दिया।

इसके बाद उन्होंने कपड़े का व्यवसाय शुरू किया और जल्द ही वह कपड़ा और कपास उद्योग के शीर्ष पर पहुंच गए। बता दें कि हो अहमदाबाद के आर्थिक विकास में जमशेद जी की कपड़ा मिल ने अहम भूमिका निभाई। वह खुद स्वदेशी के पक्षधर हुआ करते थे और वह चाहते थे कि मैनचेस्टर में जितना महीन कपड़ा तैयार होता था, उसी स्तर और गुणवत्ता वाला कपड़ा भारत में भी हो। वह भारत को कपड़ा उद्योग में निर्यातक की श्रेणी में लाना चाहते थे।

अधूरे सपने और मृत्यु

लेकिन जमशेद जी टाटा के तीन सपने अधूरे रह गए, जिनको बाद में उनके वंशजों ने पूरा किया। जिनमें से पहला सपना टाटा स्टील कंपनी को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक बनाना, जोकि एशिया की पहली और भारत की सबसे बड़ी स्टील कंपनी है। वहीं दूसरा सपना बेंगलूरू में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस आज विज्ञान, इंजीनियरिंग और शोध में भारत के शीर्ष संस्थान में गिना जाने लगा। तीसरा सपना हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर सप्लाई कंपनी बनाना, जिसको वर्तमान में टाटा पॉवर के नाम से जाना जाता है। वहीं 19 मई 1904 को जमशेद जी टाटा की निधन हो गया।



गर्मियों में फटाफट बाथरूम की सफाई के लिए अपनाएं ये हैक्स

अगर आपको भी गर्मी के मौसम में साफ-सफाई का काम करने में काफी परेशानी होती है, तो आप यहां बताए गए क्लिनिंग हैक्स को फॉलो कर फटाफट काम निपटा सकती हैं।

गर्मी में अगर कोई घर में साफ-सफाई करने को कह दे, तो मानो आफत ही आ जाती है। खासकर बाथरूम की सफाई में तो बारिकियों से काम करना पड़ता है। अगर आपको भी गर्मी के मौसम में बाथरूम की सफाई करना एक मुश्किल काम लगता है, तो तो अब आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको कुछ ऐसे हैक्स और टिप्स बताएंगे, जिसकी मदद से आप गर्मियों में भी फटाफट काम निपटा सकती हैं।

बाथरूम को साफ करने के लिए सबसे पहले करें प्लान

बाथरूम को साफ करने के लिए आपको चाहिए कि आप सबसे पहले प्लानिंग कर लें कि आपको सबसे पहले किस चीज की सफाई करनी है, क्योंकि बाथरू में बहुत सारी चीजें होती हैं, जिसे साफ करना होता है। ऐसे में अपनी सुविधा अनुसार काम जल्दी निपटाने की टेकनीक अपना सकती हैं।

बाथरुम की सफाई में शॉवर क्लीनर का करें उपयोग

बाथरुम में आप शॉवर क्लीनर का उपयोग करके फर्श और दीवारों को तेजी से और आसानी से साफ कर सकती हैं। आपको बार-बार मग या किसी बर्तन में पानी भरने और उसमें से निकालने की जरूर भी नहीं पड़ेगी।

बाथरूम के शीशे को करें साफ

बाथरूम में सबसे जल्दी साफ होने वाला एक मात्र चीज शीशे ही होते हैं। इसलिए, ऐसी चीजों की सफाई सबसे पहले करें। इसके लिए आप माइक्रोफाइबर कपड़े और सफाई करने वाले स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं।

सिंक और बाथटब को इस तरीके से करें क्लीन

सिंक और बाथटब को तेजी से साफ करने के लिए एक हल्के डिटर्जेंट और गर्म पानी का यूज कर सकती हैं। इसमें ज्यादा गंदगी बैठ गई है, तो इसे रगड़ने के लिए स्पंज या ब्रश का उपयोग कर सकती हैं।

बाथरुम के फर्श को फटाफट ऐसे करें साफ

गर्मी में फास्ट और अच्छे से बाथरूम के फर्श को साफ करने के लिए आप डिटर्जेंट और गर्म पानी का उपयोग कर सकती हैं। फर्श को पोछने के लिए मोप का इस्तेमाल कर सकती हैं।

टॉयलेट की सफाई में लें क्लीनर की मदद

बाथरुम की सफाई कर रही हैं, तो जाहिर सी बात है, कि टॉयलेट की सफाई की तो जरूरत पड़ेगी ही। पर गर्मी में झटपट काम निपटाने के लिए टॉयलेट क्लीनर की मदद ले सकती हैं। यह साफ करने का एक प्रभावी तरीका है।



इंश्योरेंस लेने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

इंश्योरेंस खरीदने से पहले कई प्रकार की बातों का ध्यान का रखना चाहिए जैसे कि आप किस प्रकार का बीमा करवाना चाहते हैं। इसके अलावा क्या इसका चयन आपके लिए बेहतर साबित होगा।

लाइफ को बेहतर बनाने के लिए अक्सर लोग बीमा करवाने का रूख करते हैं ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी होने वाली स्थितिओं से सुरक्षित रह सकें। इसके अलाव उस दौरान उन्हें फाइनेंशियल सपोर्ट मिल सकें। वैसे तो कई प्रकार की बीमा योजनाएं जैसे लाइफ इंश्योरेंस, हेल्थ, ट्रेवल और कार इश्योरेंस शामिल है। इन सभी चीजों का इंश्योरेंस कराना भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होता है। इससे जुड़ी जरूरते हर इंसान के लिए अलग-अलग होती है लेकिन उसे किस कराते समय किन बातों का ध्यान रखना है यह सामान होता है। हालांकि बाजार में तमाम प्रकार के बीमा प्रोडक्ट मौजूद होने के साथ इसके साथ होने वाले कागजी कार्रवाई कभी ताम-झाम भरी होती है। ऐसे में लोग इंश्योरेंस का सही चुनाव नहीं कर पाते हैं।

इंश्योरेंस करवाते समय रखें इन बातों का ध्यान

जैसा कि हमने ऊपर आपको बताया कि बीमा कई प्रकार के होते हैं। हम अपनी जरूरत के हिसाब से इसे कराना पसंद करते हैं। बता दें, कि जिस प्रकार से बीमा कई प्रकार के होते हैं उसी प्रकार से इंश्योरेंस कंपनिया भी कई प्रकार की होती है। ऐसे में सही इंश्योरेंस प्लान का चुनाव करना बहुत जरूरी होता है। अगर आप बीमा खरीदने का प्लान कर रहे है, तो कुछ खास बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी होता है।

कंपनी का करें सही चयन

बीमा करवाते समय यह ध्यान रखें कि आप किस कंपनी से इंश्योरेंस पॉलिसी ले रहे हैं। कंपनी पर रिसर्च करके उसका चुनाव करें। उस कंपनी से बीमा करवाएं, जिसका पुराना रिकॉर्ड अच्छा रहा हो। इसके साथ ही यह भी तय करें कि आप किस प्रकार का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं। उस बीमा पॉलिसी से जुड़ी हर एक प्रकार की जानकारी के बारे में कंपनी से बात करें।

कवर राशि का रखें ध्यान

अक्सर हम भविष्य की सुरक्षा और सेफ्टी के लिए बीमा करवाते हैं। ऐसे में आप इसे खरीदते समय यह ध्यान रखें कि वह प्लान आपकी जरूरतों को पूरा करता है या नहीं। कई बार या तो बहुत कम राशि वाला बीमाकरवाते या फिर बहुत ज्यादा वाला। लेकिन इसे करवाते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि आप कितने का बीमा करवाएंगे तो आपको फायदा होगा। अपने बजट को देखते हुए प्लान को चुनें।

उम्र का रखें खास ख्याल

बीमा करवाते समय यह भी मायने रखता है कि आप किस उम्र से बीमा करवा रहे हैं। वैसे आमतौर पर 80-85 साल तक का बीमा प्लान मौजूद होता है। हालांकि उस वक्त तक बीमा की जरूरत नहीं होती है। ऐसे में आप एक सही उम्र तक के लिए बीमा करवाएं।

ये सवाल, जो आप किसी भी कंपनी से पूछ सकते हैं -

- क्या पॉलिसी में कोई छूट उपलब्ध है?
- क्या पॉलिसी में कोई अलग से फायदा है?
- क्या पॉलिसी को ऑनलाइन या किसी एजेंट के माध्यम से खरीदा जा सकता है?
- एक ही पॉलिसी के लिए अलग-अलग कंपनियों के बीच प्रीमियम में काफी अंतर हो सकता है, इसलिए अंतर के बारे में जरूर जान लें।
- आपको किस प्रकार का पॉलिसी कवरेज चाहिए? आप कितना भुगतान करने को तैयार हैं? बजट के अनुसार आप इंश्योरेंस खरीद सकते हैं।
- इंश्योरेंस कंपनी से बात करते समय, आपके सभी सवालों के जवाब देने के लिए एजेंट को समय निकालने के लिए कह सकते हैं। यह आपको इंश्योरेंस पॉलिसी को समझने और सही निर्णय लेने में मदद कर सकता है। इंश्योरेंस लेने से पहले कंपनी से ये सवाल पूछने पर नुकसान होने का खतरा कम हो सकता है, इस मामले पर एक्सपर्ट क्या कहते हैं?

इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदते समय इन सवालों के जवाब जरूर लें

- आपको यह तय करना होगा कि आप किस प्रकार की इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदना चाहते हैं, जैसे कि जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, गाड़ी बीमा या किसी अन्य प्रकार की इंश्योरेंस।
- आपको यह भी तय करना होगा कि आपको कितना कवर चाहिए, अर्थात आपको कितनी इंश्योरेंस राशि की आवश्यकता है।
- आपको पॉलिसी की प्रीमियम की जानकारी होनी चाहिए, जिससे आपको पॉलिसी की कीमत और भुगतान की तारीख का पता चल सकें।
- आपकी खास जरूरतों के आधार पर बनाई गई पॉलिसी की जानकारी होनी चाहिए, जैसे कि क्या आपको मेडिकल कवर चाहिए, किस प्रकार की गाड़ी बीमा आवश्यक है, आदि।
- पॉलिसी के रिव्यू प्रोसेस के बारे में जानकारी होनी चाहिए, जैसे कि पॉलिसी को कितने साल के लिए खरीदा गया है और क्या आपको नियमित अंतरालों में प्रीमियम भुगतान करना होगा।
- आपको यह देखना होगा कि आपकी इंश्योरेंस कंपनी विश्वासी है और उसका प्रिडिक्टिव रिटर्निंग क्या है।
- आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि क्लेम प्रक्रिया क्या है और कैसे क्लेम दर्ज किया जाता है।
- आपको यह देखना होगा कि पॉलिसी में छुट्टियों की विशेष शर्तें क्या हैं और कैसे वे कार्य करती हैं।
- आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि आप स्वयं से पॉलिसी को कैसे रद्द कर सकते हैं।

इंश्योरेंस लेने से पहले कंपनी से जरूर पूछें ये सवाल वर्ना होगा नुकसान

इंश्योरेंस एक बेहतर वित्तीय निर्णय हो सकता है। अपने विकल्पों को समझने और सही पॉलिसी चुनने के लिए आप इन तरीकों का पालन कर सकते हैं।

इंश्योरेंस आपको वित्तीय तौर पर सुरक्षित महसूस करने में मदद कर सकता है। अगर आपके साथ कोई दुर्घटना या आपदा होती है, तो इंश्योरेंस कंपनी आपको मुआवजा दे सकती है। इससे आपको अपने खर्चों को कवर करने और आपको फिर से काम शुरू करने में मदद मिल सकती है। क्योंकि, इंश्योरेंस आपको अपने परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर सकता है। अगर आपके साथ किसी तरह का हादसा हो जाता है, तो आपका जीवन बीमा आपके परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान कर सकता है। इससे उन्हें अपने जीवन को सुगम बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

कुछ प्रकार के इंश्योरेंस आपको टैक्स में लाभ दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, आप अपने जीवन बीमा प्रीमियम पर टैक्स के छूट का दावा कर सकते हैं। वहीं कुछ ऐसे प्रकार के इंश्योरेंस में अन्य लाभ भी शामिल हो सकते हैं, जैसे कि चिकित्सा बीमा में शामिल यात्रा चिकित्सा सहायता।

इंश्योरेंस एक बेहतर वित्तीय निर्णय हो सकता है। अपने विकल्पों को समझने और सही पॉलिसी चुनने के लिए आप इन तरीकों का पालन कर सकते हैं।

अगर आप पटियाला सूट पहन रही हैं और इसके साथ स्टाइल करने के लिए इयररिंग्स सर्च कर रही हैं तो ये डिजाइन आपको पसंद आ सकते हैं।

पटियाला सूट के साथ इन इयररिंग्स को करें वियर, लगेंगी खूबसूरत

कई लड़कियां होती हैं जिन्हें अलग - अलग तरीके के सूट पहनने पसंद होते हैं। पटियाला सूट लड़कियों को पहनना काफी पसंद होता है। इसमें वो कई तरह के डिजाइन को ट्राई करती हैं। इसमें भी आजकल अलग-अलग तरह के डिजाइन देखने को मिलते हैं। जिन्हें हर कोई अपने तरीके से स्टाइल करता है। लेकिन लुक तब परफेक्ट बनता है आप इयररिंग्स को स्टाइल करती हैं। इसके लिए अलग-अलग डिजाइन वाले इयररिंग्स को ट्राई कर सकती हैं। जिसके डिजाइन ऑप्शन हम आपको बताएंगे ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे।

झुमकियां

अगर आपको कुछ सिंपल और सोबर पहनने का मन है तो इसके लिए आप झुमकियां ट्राई कर सकती हैं। इन्हें आप पटियाला सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप डोम स्टाइल झुमकियां भी ट्राई कर सकती हैं, साथ ही चेन स्टाइल झुमकियां भी आप ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की झुमकियां पहनने के बाद आपका लुक बिल्कुल ट्रेडिशनल लगेगा। इसके कलर और डिजाइन आपको मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगे।

चांद बालियां

कई सारी महिलाएं होती हैं जो ट्रेडिशनल लुक को काफी पसंद करती हैं। इसलिए वो सूट के साथ भी एंटीक या फिर ट्रेडिशनल ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी पसंद है इस तरह की ज्वेलरी तो इस बार पटियाला सूट के साथ चांद बालियों को ट्राई करें इस तरह के इयररिंग्स डिजाइन काफी खूबसूरत लगते हैं साथ ही स्टाइल करने के बाद आपके लुक में चार चांद लगा देते हैं। इसमें आप गोल्ड, सिल्वर और स्टोन वर्क चांद बाली ट्राई कर सकती हैं।

हूप्स इयररिंग्स

अगर आपको सिंपल हूप्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप झुमकी के साथ हूप्स इयररिंग्स डिजाइन को स्टाइल कर सकतीहैं। इस तरह के इयररिंग्स के डिजाइन आपको ऑनलाइन और मार्केट में आसानी से मिल जाते हैं। इनकी खास बात ये होती है कि अगर आपका पटियाला सूट हैवी है तो इस तरीके के इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं ये दिखने में और पहनने में सिंपल होते हैं और अच्छे लगते हैं।

स्टड इयररिंग्स

अगर आपको टॉप्स स्टाइल में इयररिंग्स पहनने पसंद है तो इस तरह के स्टड डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ये दिखने में सिंपल होते हैं साथ ही पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। पटियाला सूट के साथ भी आप इन्हें स्टाइल कर सकती हैं। डिजाइन और कलर पैटर्न आपको ऑनलाइन और मार्केट में मिल जाएंगे।

सीज अस्पताल में आपरेशन, मरीज की हुई मौत, हंगामा

कौशांबी। चायल तहसील क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में सोमवार की रात एक महिला मरीज की मौत हो गई। चिकित्सक की लापरवाही से हुई मौत का आरोप लगा परिजनों ने जमकर हंगामा

□ स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था में झोल ही झोल, रजिष्ट्रशन के आभाव में संचालित हो रहा था अस्पताल, आरोपी चिकित्सक पर एक महिला तीमारदार ने 3 दिन पहले दर्ज कराया था छेडखानी

काटा। इस दौरान स्वास्थ्य महकमें की गंभीर लापरवारी की पोल खुली, जिसमें पता चला कि धडल्ले से चल रहा यह अस्पताल महीनों से सीज है। इतना ही नही तीन दिन पहले एक महिला तीमारदार ने शिकायत पर चिकित्सक पर छेडखानी का केस भी दर्ज किया गया था। सीएमओ ने सीज अस्पताल के संचालित होने की जानकारी से इंकार किया तथा जांच स्वास्थ्य टीम से रिपोर्ट तलब करने की मांग किया है।

अरमान हास्पिटल

चायल तहसील क्षेत्र के तील्हापुर मोड स्थित अरमान हास्पिटल एंड ट्राम सेंटर में रविवार को पेट दर्द से परेशान महिला को इलाज के लिए भर्ती किया गया। पति शंकर लाल के मुताबिक डा0 निशार अहमद ने पित की थैली में पथरी बताकर आपरेशन की सलाह दिया। जिसका रविवार की रात आपेरशन किया गया। इस दौरान मरीज की हालत पूरी ठीक बताते हुए आपरेशन को सफल बताया। लेकिन अर्धरात्रि में महिला की हालत बिगडी और भोर में उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की जानकारी से अक्रोशित परिजनों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया और पुलिस में शिकायत की चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए काननूी कार्यवाई की मांग करने लगे।

परिजनों की शिकायत पर कार्यवाई करते हुए पुलिस द्वारा पता चला कि 3 दिन पूर्व अस्पताल संचालक व चिकित्सक सहित अस्पताल में आधे दर्जन लोगों पर मारपीट सहित छेडखानी का केसदर्ज किया गया है।

बताते है कि एक पीडित महिला ने थाना पुलिस में तहरीर देकर शिकायत किया था कि आपरेशन थिएटर में उसके साथ छेडखानी की गई। विरोध करने पर उसे और उसके देवर के साथ मारपीट किया गया। शिकायत पर पुलिस ने चिकित्सक व उसके साथियों पर कोई कार्यवाई जब नही किया था। पीडित महिला के मुताबिक वह अपने बीमार भतीजे के इलाज के लिए अस्पताल गई थी। जहां उसके देवर को बाहर रोक दिया गया और भतीजी के साथ आपरेशन थिएटर में उसे जाने की अनुमति दी गई। इस दौरान उसके साथ छेडखानी की गई थी। विरोध करने पर डाक्टर ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत उसने स्थानीय पुलिस में किया जिसे अनसुना कर दिया गया। थक हाकर कर उसे कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पडा। कोर्ट के आदेश पर आरोपी डाक्टर व उसके 7-8 साथियों पर 147,323,504,506,354, एससी,एसटी एक्ट के तहत केसदर्ज किया गया था।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा सुषेन्द्र सिह ने बताया, रजिस्ट्रेशन न होने के चलते जनवरी माह में ही अस्पताल सीज कर दिया गया था। अस्पताल संचालित होने के संबन्ध में उन्हें कोई जानकारी नही थी। जिसकी जांच टीम द्वारा रिपोर्ट तलब की जा रही है। रही बात महिला की मरीज की मौत के संबन्ध में विधिक कार्यवाई के लिए पुलिस महकमा स्वतंत्र है।

जिला कौशल समिति की बैठक को संबोधित करते डीएम

प्रशिक्षणार्थियों के अधिक समायोजन के लिए प्रशिक्षण में सुधार आवश्यक

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में मंगलवार को कार्यालय कक्ष में उप्र कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) तैयार किये जाने के लिए जिला कौशल समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुये प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुधारते हुये प्रशिक्षणार्थियों को अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऐसे कोर्सों के चयन का सुझाव दिया जाय, जिससे जनपद के युवाओं को अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित कराया जा सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला कौशल समिति के सदस्य एवं अनुबन्धित संस्थाओं के प्रशिक्षण प्रदाता उपस्थित रहें।

तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में गिरी, एक की मौत, एक घायल

स्वतंत्र चेतना

वायल कौशाम्बी। संदीपन घाट कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मंहगांव के निकट बडौदा यूपी बैंक के निकट तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। जिसमें सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर जब तक पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाती एक की मौके पर ही मौत हो गई जब कि दूसरे को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रयागराज के पूरामुफ्ती निवासी विरइया नारा निवासी बंजरगी (30) पुत्र स्व0 राम मनोहर अपने एक साथी लवकुश मौर्य के साथ बाइक में सवार होकर किसी कार्य से संदीपन घाट के पन्नोई गांव गए थे। लौटते समय तेज रफ्तार बाइक महगांव के जीटी रोड पर बड़ौदा यूपी बैंक के निकट पहुची ही थी कि अचानक अनियंत्रित होकर सडक किनारे खड्ड में जा गिरी और दोनों गंभीर रूप से घायल होकर तडपने लगे। स्थानीय लोगों की सूचना पर जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती और इलाज के लिए दोनो को अस्पताल ले जाती बजरंगी ने दम तोड दिया। जब कि लवकुश मौर्य को गंभीर हालत में एम्बूलेस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाइक सवार युवक शराब के नशेहुत थे। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में गिरना दुर्घटना का कारण माना जा रहा है।

उपकेंद्र में लगे प्रोटेक्शन ट्रांसफार्मर से मील को दिया लाइट

स्वतंत्र चेतना

पश्चिम शरीरा कौशांबी। विद्युत उपकेन्द्र महेवाघाट में लगा 10 केवीए के ट्रांसफार्मर से बगल में ही करीब 60 मीटर की दूसरी परं बन रही मील को विगत कई दिनों से केबल लगाकर विद्युत आपूर्ति की गई है। उपकेंद्र में लगा 10 केवीए के ट्रांसफार्मर से उपकेंद्र के इस्तेमाल के लिए लगाया गया है। एक्सक्लूप विद्युत अधिक्त कुमार ने बताया कि 10केवीए के ट्रांसफार्मर से उपकेंद्र या बगल में बना विभाग के आवास के उपयोग के लिए लिया जाता है। अगर ऐसी कोई बात है तो जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

ओवरटेक के चक्कर में प्राइवेट बस पलटी दरोगा समेत कई लोग जख्मी



स्वतंत्र चेतना

सिराथू कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के रोही बाईपास पुल के पास एक तेज रफ्तार बस ओवरटेक करने के चक्कर में पलट गई। जिसमें भदोही में तैनात दरोगा समेत कई लोग घायल हो गए है। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर थाना कोखराज पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगो से सड़क दुर्घटना की तहकीकात कर रही है।

मंझनपुर से प्रयागराज के लिए सरकारी व प्राइवेट बसों का संचालन होता है। मंगलवार की दोपहर एक प्राइवेट बस सवारी भरकर प्रयागराज के लिए जा रही थी। बस कोखराज के रोही बाई पास के समीप ओवरटेक किया, लेकिन तेजी अधिक होने के कारण बस चालक ओवरटेक करने में सफल नही हुआ और बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटने से अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पताल ले गए। बस हादसे में देऊकखरपुर निवासी राजेश चैधरी भी सवार थे उनको भी गंभीर चोट आई है। घर वालो ने बताया कि वह ड्यूटी खत्म कर घर से भदोही के लिए निकले थे और हादसे का शिकार हो गए। भदोही जिले के थाना चैरी में दरोगा के पद पर कार्यरत हैं। साथ ही बस में सवार अन्य कई लोग जख्मी हुए है।

विद्युत वायर में पेड की डाल गिरने से आवागमन बाधित

स्वतंत्र चेतना

बेनीराम कटरा कौशांबी। सरायं अकिल विद्युत उपकेन्द्र के शुकवारा रानीपुर के निकट तेज हवा झोंके से एक पेड की डाल टूटकर विद्युत वायर मे गिर पडी। जिससे विद्युत पोल टूट कर मार्ग में गिर पडा। गनीमत रही कि घटना के समय मार्ग मे कोई हताहत नही हुआ अन्यथा बडी अनहोनी घटित होती। हालां कि इसके बावजूद घंटो आवागमन बाधित रहा।

मंगलवार की दोपहर तेज हवा के साथ चले झोंके में सुकवारा रानीपुर गांव के निकट एक पेड की डाल भरभराकर विद्युत वायर में गिर पडी। जिससे विद्युत पोल टट गया, और मार्ग में गिर पडा। जिससे विद्युत वायर मार्ग में फैल गई। घटना के तुरंत बाद लोगों की सूचना पर विद्युत सप्लाई रोक दी गई, लेकिन मार्ग में फैल विद्युत तार से आवागमन घंटो प्रभावित हुआ। सूचना घंटो बाद पहुंची विद्युत कर्मियों मार्ग में फैले विद्युत तार और विद्युत खंभा को किनारे कराया तब जाकर आवागमन संचालित हो सका।

करारी में बेहोशी की हालत में मिली बृद्धा

स्वतंत्र चेतना

करारी कौशांबी। नगर पंचायत करारी के बैंक ऑफ बडौदा के पास सोमवार की शाम एक वृद्धा बेहोशी की हालत में मिली। राहगीरो ने एंबुलेंस से महिला को जिला अस्पताल भिजवाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम हॉउस में रखवा दिया। देर शाम शव का शिनाख्त हो गया है।

कस्बे के बैंक ऑफ बडौदा के पास सोमवार की शाम एक 58 वर्षीय एक वृद्ध महिला बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। राहगीरो ने एंबुलेंस से महिला को जिला अस्पताल भिजवाया। देर रात इलाज की दौरान मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव शिनाख्त कराने का प्रयास किया। इस दौरान मीडिया ग्रुप से महिला की शिनाख्त हो गई है। वृद्धा सादिकपुर सेमरहा गांव के रहने वाले

□ जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, हीट स्ट्रोक की आशंका, सोसल मीडिया में वायरल फोटो से परिजनों ने किया पहचान

बाबूलाल की पत्नी पननी देवी थी। बाबूलाल ने बताया कि पननी छह दिनों पूर्व एकलौती बेटी कौशल्या निवासी कसिया मूरतगंज थाना कोखराज से मिलने गई थी। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे बेटी के यहां से अपने घर वापस आ रही थी। रात को घर वापस नहीं पहुंची तो खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान मीडिया ग्रुप से उन्होंने फोटो की शिनाख्त की है।

हितों की मांग को लेकर सडक पर उतरे स्टांप वेंडर्स, सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। ई-स्टांप में एक फीसदी कमीशन दिए जाने से अन्य

□ प्रदर्शन के दौरान ई-स्टांप कमीशन बढोत्तरी के साथ स्टांप विक्री में सरलीकरण, वेंडर कल्याण अधिनियम और उत्पीडन रोकने की उठाई गई मांग

समस्याओं के निस्तारण संबन्धी मांग को लेकर ऑल यूपी स्टांप वेंडर्स एसोसिएशन ने हडताल के अपना विरोध

मांग से संबन्धित ज्ञापन सौपते स्टांप वेंडर्स

जताया। इस दौरान स्टांप आयुक्त को संबोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। कार्यकताओं ने प्रदर्शन के दौरान चेतावनी दिया कि यदि सरकार उनकी मांगो पर विचार नही करती है तो वह आगे अनिश्चित कालीन हडताल के लिए बाध्यम होगें। ऑल यूपी स्टांप वेंडर्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष स्टांप वेंडरों द्वारा सरकार को लगभग 22 हजार करोड रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। जो फिजिकल स्टांप पेपर से ई-स्टांप पेपर में परिवर्तित होने के बाद वंडर्स 5 बिंदुओं पर अपनी मांग कर रहे हैं। जिसमें पहली मांग फिजिकल स्टांप पेपर खत्म होने पर ई-स्टांप में एक प्रतिशत कमीशन का आश्वासन पूरा किया जाए। दूसरा स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन उत्तर प्रदेश में ई- स्टांपिंग व्यवस्था संभाल पाने में नाकाम है। यह व्यवस्था राज्य सरकार के अधीन विभाग द्वारा क्रियान्वयन कराया जाए। तीसरा स्टांपिंग विक्री की जटिल व्यवस्था का सरलीकरण किया जाए। स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन के नोडल कार्यालय द्वारा बिल्डर का उत्पीड़न बंद किया जाए। प्रदेश में वेंडर्स का आई कार्ड जारी किया जाए। ई-स्टांप वेंडर कल्याण अधिनियम पारित किया जाए। इन सभी मांगों को लेकर प्रदेश समेत कौशांबी के सभी स्टांप वेंडर मंगलवार को हडताल पर रहे। इस दौरान चेतावनी दी गई कि यदि उनकी मांग पर अभिलम्ब विचार न किया गया, तो वह आगे भी हड़ताल वृहद रूप में करेंगे।

बाइक सवार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर महिला की दबकर मौत

स्वतंत्र चेतना

कौशाम्बी। कोखराज वैराहे पर एक बाइक सवार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ई- रिक्शा पलट गया। जिसमें सवार एक महिला ई- रिक्शा के नीचे दब गयी। जिससे महिला को गम्भीर घायल हो गयी। ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत होग गई। उधर मौके का फायदा उठाकर बाइक सवार फरार हो गया। कोखराज ग्राम की सोनम पुत्री वंकन कुशवाहा की शादी एक वर्ष पूर्व कन्नौज ग्राम के बब्लू कुशवाहा के साथ शादी हुई थी। महिला अपने मायके कोखराज में घूमने व इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में अल्ट्राशाउंड कराने ई- रिक्शा से गयी थी। टेंपकर के बाद ई- रिक्शा पलट जाने से सोनम गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

उच्च प्राथमिक विद्यालय फताहीपुर का ताला तोड़ बैट्ररी व कुर्सी चोरी

स्वतंत्र चेतना

पश्चिम शरीरा कौशांबी। मंझनपुर ब्लाक के फताहीपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय का सोमवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर अंदर रखी तीन बैट्ररी व 6 कुर्सी पार कर दिया। वहीं रखी एलईडी टीवी को बरामदे में छोड़ दिये। मंगलवार सुबह जब इसकी जानकारी प्रधानाध्यापक हेमचंद्र सिंह को पता चली तो इसकी शिकायत पुलिस से की है।

इन दिनों बेतहासा पड रही गर्मी में जहां लोगों के दिन जा चैन व रातों की नीद हराम है। अस्त व्यस्त हुए जन जीवन का फायदा उठाकर चोर आए दिन कोई न कोई घटना को अंजाम दे रहे है। पुलिस है कि रोटीन वर्क निपटाने में मस्त है। इसी का फायदा उठाकर चोर उच्च प्राथमिक विद्यालय फताही पुर में सोमवार की रात ताला तोड कर विद्यालय परिसर में घुस गए। और वहां रखी बैट्री व कुर्सी सहित विद्यालय की सामग्री को उठा ले गए। सुबह रोज की भांति विद्यालय पहुंचे प्रधानाध्यापक हेमचन्द्र सिह ने कमरो का टूटा ताला देख अवाक रह गए। कमरे के अंदर जा कर देखा तो इन्वर्टर की बैट्री कुर्सी व अन्य सामग्री नदारत पाई गई। जिसकी शिकायत उन्होने पुलिस में किया।

थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा धीरेंद्र सिंह ने बताया, ऐसी कोई घटना मेरे संज्ञान में नही है, यदि ऐसी घटना घटित हुई है तो जांच कराई जाएगी।

खडी ट्रक में मृत मिला ड्राइवर, पुलिस ने शुरू की जांच

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। केखराज के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक निजी ढाबे पर खड़ी ट्रक में ड्राइवर मृत हालत में मिला है। शव मिलने की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई शुरू कर दिया है। पुलिस ने मृतक के पास से मिले दस्तावेज के आधार पर परिवारीजनों को सूचना भेजी है। पुलिस के मुताबिक, शव का पीएम परिवार की तहरीर के आधार पर कराया जायेगा। बिहार सूबे के गया अम्हेता निवासी संजीत कुमार पुत्र कैलाश दास पेशे से ट्रक ड्राइवर है। वह पिछले कई सालो से बिहार से सामान लाद कर अन्य प्रांत मे सप्लाई देने जाया करते है। सोमवार को ट्रक का सामान अनलोड कर संजीत कुमार ट्रक सहित अपने घर बिहार जा रहे थे। कोखराज के नेशनल हाइवे स्थित राजपूत ढाबे पर वह ट्रक खड़ी कर दोपहर में आराम करने लगे। काफी देर तक ट्रक खड़ी रहने के बाद भी ट्रक में कोई हरकत नही हुई। स्थानीय ढाबे के लोगो ने ट्रक में झांक कर देखा तो ड्राइवर बेहोसी की हालत में पड़ा था। लोगो ने फोन कर स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रक का केबीन खोलकर देखा। संजीत की इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी इंद्रदेव ने बताया, ट्रक ड्राइवर का शव कब्जे में लेकर सुरक्षित कराया गया। ट्रक से मिले दस्तावेज के आधार पर परिवार को सूचना दी गई है। परिजनों के आने पर मिलने वाली तहरीर के आधार पर पीएम व अन्य कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

3 कुख्वा तस्करों को कडाधाम पुलिस ने दबोचा

कड़ा कौशांबी। कडाधाम कोतवाली क्षेत्र के हनुमान घाट से 3 कछुवा तस्कर गिरफ्तार किए गए है। मंगलवार को मुखबिर की खास सूचना पर कड़ा धाम थाना पुलिस ने तीन कछुआ तस्करों को कड़ा के हनुमान घाट से गिरफ्तार करने का दावा किया है। जिसमें कुछ जिंदा व मृत कछुवो की खोपड़ी भी बरामद की गई। कड़ा धाम थाना क्षेत्र से उपनिरीक्षक रणजीत सिंह व टीम द्वारा मुखबिर की खास सूचना पर तीनों लोगों को कड़ा के हनुमान घाट से गिरफ्तार किया है। जिसमें छबिलाल पुत्र सुरेश, सोनू पुत्र शंकर, सुरेश पुत्र गनी कंजड़ जाति के है और तीनों जगदीश पुर अमेठी रहने वाले हैं।

लू लगने से युवक की मौत, कोहराम

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। सरायं अकिल के तील्हापुर गांव में बीती रात्रि एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शाम को वह परिवारी जनों से सुस्ती व उलझन होने की शिकायत दर्ज कराई थी। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया लेकिन देर रात उसने दम तोड दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

गांव में हीरालाल जो मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रोज की भांति वह शाम को जब मजदूरी करके घर लौट तो उसका 18 वर्षीय बेटा रोहित पेट दर्द और शरीर मे सुस्ती तथा उलझन होने की बात बताई। जिससे स्थानीय चिकित्सालय में इलाज कराया गया। लेकिन उसकी तबियत बिगड़ती गई। जिसकी इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। परिजनों ने युवक पुलिस में सूचना देकर युवक के पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग किया है।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल पहुंची कौशांबी, कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

स्वतंत्र चेतना

कौशाम्बी। राष्ट्रीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल मंगलवार की दोपहर लगभग डेढ बजे सिराथू तहसील क्षेत्र के सराय में स्थित मॉ शीतला अतिथि गृह पहुंची। जहां भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक सिराथू सहित अपना दल एस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। केंद्रीय मंत्री कार्यकताओं से मुलाकात कर हालचाल जाना।

भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल उर्फ पप्पू ने केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। उसके बाद कार द्वारा प्रतापगढ़ के लिए रवाना हो गयी।

कौशांबी में अनुप्रिया का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज पटेल

केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के सैनी वैराहे पर पहुंचते ही पार्टी कार्यकताओं ने फूल माला से उनका स्वागत किया गया। जिसके कौशांबी में कुछ समय बिताने के बाद वह रवाना हो गयी। इस मौके पर अपनादल एस जिलाध्यक्ष देव नारायण, कामता पटेल, अरुण सिंह, मुन्ना पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

वाहन से उतरते ही गिर पड़े, डाक्टर ने कहा- अब जीवन शेष नहीं

गोपीगंज (भदोही)। हीटवेव से हर कोई त्राहि-त्राहि कर रहा है। भीषण गर्मी में घर से बाहर निकलना और तनिक भी असावधानी भारी पड़ जा रही है। मंगलवार को कोइरौना थाना क्षेत्र में किसी कार्य से बाहर निकले बुजुर्ग की राह चलते मौत हो गई। आशंका है कि बुजुर्ग लू की चपेट में आ गए थे। प्राथमिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द करदिया।

जानकारी के मुताबिक कोइरौना थाना क्षेत्र के सदाशिव पट्टी गांव के रहने वाले 80 वर्षीय चंद्रभूषण मंगलवार को दिन में किसी कार्य से जंगीगंज बाजार गए थे। जंगीगंज मोड़ पर वह वाहन से उतरे और उतरते ही सड़क पर अचेत होकर गिर पड़े। साथ रहे लोगों ने उन्हें संभाला और तत्काल पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चंद्रभूषण को जंगीगंज हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। चैबी प्रभारी ऋषिदेव शुक्ल ने बताया कि लू लगने से मौत हुई है। सूचन पर परिजन मौके पर पहुंच गए थे। परिजनों के कहने पर लिखापढ़ी करते हुए शव उनके सुपुर्द कर दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

इक्सिगो की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, 48 फीसदी प्रीमियम के साथ हुई लिस्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बजार में लिस्टिंग जारी है। आज स्टॉक मार्केट में ट्रैवल बुकिंग प्लेटफॉर्म इक्सिगो का संचालन करने वाली ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयर लिस्ट हुए हैं। कंपनी के शेयर ने शानदार एंट्री ली है। कंपनी के शेयर 93 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 48 प्रतिशत से अधिक प्रीमियम के साथ सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर स्टॉक ने निर्गम मूल्य से 45.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 135 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में यह 58.88 प्रतिशत बढ़कर 147.76 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई पर यह 48.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 138.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। शेयर में आई तेजी के बाद कंपनी का बाजार मूल्यांकन 5,581.22 करोड़ रुपये रहा। पिछले सप्ताह बुधवार को कंपनी के आईपीओ को सब्सक्राइब करने का आखिरी दिन था। ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी के आईपीओ को आखिरी दिन 98.10 गुना अभिदान मिला। कंपनी का आईपीओ 740 करोड़ रुपये की शुरुआती शेयर बिक्री में 120 करोड़ रुपये तक का ताजा इश्यू और 6,66,77,674 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ओएफएस) था। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 88-93 रुपये प्रति शेयर थी। आलोक बाजपेयी और रजनीश कुमार द्वारा इक्सिगो ने 2007 में लॉन्च किया गया। ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी देश का अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर है, जो यात्रियों को रेल, हवाई, बसों और होटलों में उनकी यात्राओं की योजना बनाने, बुक करने और प्रबंधित करने में मदद करता है।

कारोबारी घरानों में झगड़ों के बीच एकजुटता से आगे बढ़ रहा एस्सार समूह, दिवालिया कार्रवाई से उबरा

नई दिल्ली, एजेंसी। कारोबारी घरानों में मालिकाना हक को लेकर संस्थापकों में सार्वजनिक झगड़ों के बीच रुइया परिवार के नियंत्रण वाला एस्सार समूह एकजुटता से आगे बढ़ रहा है। रुइया परिवार की तीन पीढ़ियां संस्थापक भाई शशि व रवि रुइया, उनके बच्चे और पोते-पोतियां एक ही छत के नीचे रहकर संयुक्त रूप से कारोबारी साम्राज्य चलाते हैं। पहली पीढ़ी के उद्यमी शशि व रवि रुइया ने 1969 में ऊर्जा, धातु, बुनियादी ढांचे से लेकर प्रौद्योगिकी और खुदरा क्षेत्र में कारोबार करने वाले समूह की स्थापना की थी। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा, मजबूत पारिवारिक संबंध बनाए रखने के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि परिवार के हर सदस्य को अपनी बात कहने और आगे बढ़ने का अवसर मिले। उन्होंने कहा, पारिवारिक परंपरा तेजी से खत्म हो रही है, लेकिन हमने इसे अब तक बनाए रखा है।

हरी सब्जी में लगा 'हीट स्ट्रोक' तो सरपट चढ़े दाम, आलू-प्याज भी चल पड़े इसी राह

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर समेत सहित उत्तर भारत में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। भीषण गर्मी की मार अब फल-सब्जियों की कीमतों पर भी दिख रही है। इस कारण पिछले एक हफ्ते में कई सब्जियों के दाम डबल हो गए हैं। आजादपुर मंडी में व्यापारियों का कहना है कि गर्मी के कारण सब्जियों का उत्पादन कम हो गया है। जो उपज रहा है, वह खेतों से मंडियों में नहीं पहुंच रही हैं। बढ़ते तापमान के कारण अधिकांश खेतों में सब्जियों की फसल बर्बाद हो रही है, जिससे आवक प्रभावित हुई है।

हरी सब्जियों के पौधे तक जल गए

भीषण तपिश और हीट वेव में आप ही नहीं, खेतों में हरी सब्जियों के पौधे भी जल रहे हैं। दादरी के पास किराये पर जमीन लेकर हरी सब्जी उगाने वाले किसान रामकिशन मौर्या बताते हैं कि हैं कि इस मौसम में चाहे कितना भी पानी दें, लौकी-घीया के बेल जल रहे हैं। भिंडी-टमाटर का पौधा भी झुलस सा गया है। वह सवाल पूछते हैं कि ऐसे पौधों से आप कितना उत्पादन ले सकते हैं? वह बताते हैं कि सुबह-शाम बोरिंग से पानी देते हैं, तब भी पौधे नहीं बच पा रहे हैं। आखिर खुली धूप में इतनी गर्मी सहना नरम-नाजुक पौधों के बस में नहीं है।



मंडी में गर्मी से सब्जी हो रही खराब

एक तरफ तापमान और तेज धूप की वजह से खेतों में ही हरी सब्जियां के पौधे सूख रहे हैं। जो कुछ सब्जी मंडी तक पहुंच जाती है, वे भीषण गर्मी की वजह से खराब हो रही हैं। टमाटर, घीया, तोरई की फसल नष्ट हो गई है, जिसका असर अब बाजारों पर 50 प्रतिशत तक दामों में उछाल देखने को मिल रहा है। पिछले हफ्ते टमाटर के दाम 25 से 30 रुपये किलो था, वह 40 से 45 रुपये किलो पहुंच गए हैं। शिमला मिर्च 100 रुपये किलो, नींबू पहले जो 80 से 100 रुपये किलो का बिक रहा था वह अब 160 रुपये किलो तक पहुंच गया है। ऐसा ही हाल फलों का भी है। सेब, आम, अनार, पपीता, तरबूज, खरबूजा, मौसमी, नारियल पानी जैसे फलों के रेट में 25 से 30 फर्सेंट तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है।

लोकल सब्जियों की आवक घटी

दिल्ली के आजादपुर सब्जी मंडी में थोक विक्रेता तथा वेजिटेबल ट्रेडर्स असोसिएशन से अनिल मल्होत्रा ने बताया कि बारिश न होने की वजह से आजादपुर मंडी में पहुंची शिमला मिर्च 100 रुपये किलो (थोक भाव) बिकी है, 10-15 रुपये किलो के हिसाब से बिकने वाली तोरई 25 से 30 रुपये किलो, घीया जो 20 से 25 रुपये किलो था वह 50 रुपये किलो है अब। अदरक 150 से 160 रुपये, एक अन्य व्यापारी घनश्याम ने बताया कि इन दोनों लोकल सब्जियां नहीं आ रही हैं। इसकी वजह से भी सब्जियां में तेजी देखी जा रही है।

टमाटर भी हो गया महंगा

इस समय आजादपुर मंडी में हिमाचल प्रदेश से आने वाले टमाटर का 25 किलो का क्रेट 800 से 1000 रुपये में बिक रहा है। यहां कर्नाटक से भी टमाटर आता है, लेकिन वहीं इस समय टमाटर महंगा है। व्यापारी बताते हैं कि अभी कर्नाटक का हाल यह है कि वहां खेत से ही 40 रुपये के भाव पर टमाटर उठ रहा है। शिमला मिर्च का होलसेल प्राइस हफ्ताभर पहले 50-60 रुपये किलो था, अब 100-110 रुपये किलो है। अदरक 150-170 रुपये किलो चल रहा है। जब हरी सब्जी महंगी हो तो लोग आलू पर शिफ्ट कर जाते हैं। लेकिन इस समय आलू भी महंगा हो गया है। एक पखवाड़ा पहले जो आलू 15 से 20 रुपये किलो मिल जा रहा था, वह 25 से 30 रुपये किलो हो गया है। नैनीताल या पहाड़ी आलू का भाव तो 40 रुपये किलो या इससे ऊपर है। दरअसल, दिल्ली एनसीआर में आलू मुख्य रूप से यूपी और बंगाल से आता है। जाड़ों में मौसम खराब होने से उपज कम रह गई थी। जो आलू कोल्ड स्टोर से बाहर आ गया है, वह खराब भी हो रहा है। प्याज का भाव भी इस दिनों चढ़ा हुआ है। बताया जाता है कि नासिक की थोक मंडी में ही प्याज 30 रुपये किलो हो गया है। दिल्ली आते-आते यही प्याज 40 रुपये किलो का हो जाता है।

हुडको ने विदेशी ऋणदाताओं से 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए

मुंबई। आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) ने ऋण बाजार में कदम रखते हुए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (30 अरब जापानी येन) जुटाए हैं। इसकी व्यवस्था करने वाली जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था ने अपने पहले ''सामाजिक ऋण के हिस्से के रूप में पांच साल के लिए यह धनराशि जुटाई है। आधिकारिक बयान के अनुसार, एसएमबीसी की सिंगापुर शाखा के नेतृत्व में हुए इस सौदे को कुल नौ ऋणदाताओं से अधिक अभिदान मिला तथा ग्रीनशू विकल्प का इस्तेमाल करने के बाद इसकी मूल आरंभिक राशि 15 अरब येन से बढ़ाकर 30 अरब येन कर दी गई। एसएमबीसी इंडिया के 'कंट्री हेड हिरोयुकी मेसाकी ने कहा, ''हम वंचित समुदायों तक अपनी पहुंच बढ़ाने तथा स्थानीय समुदाय की संसाधनों तक पहुंच को मजबूत बनाने के लिए तत्पर हैं। हुडको के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ ने कहा कि सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे पर आधारित वृद्धि पर ध्यान दिए जाने से संस्था को अपनी सेवाओं की मांग में वृद्धि की उम्मीद है।

फाल्कन टेक्नोप्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड की पब्लिक इश्यू से रु. 13.69 करोड़ जुटाने की योजना

मुंबई । पेट्रोलियम रिफाइनरियों, हाउसिंग एस्टेट, परमाणु ऊर्जा, कंस्ट्रक्शन आदि क्षेत्रों में ग्राहकों को मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग सेवाएं प्रदान करने में विशेषज्ञता वाली मुंबई स्थित फाल्कन टेक्नोप्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से रु. 13.69 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। पब्लिक इश्यू 19 जून को सब्सक्रीप्शन के लिए खुला है और 21 जून को बंद होगा। पब्लिक इश्यू की आय का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने सहित कंपनी की विस्तार योजनाओं को

निधि देने के लिए किया जाएगा। केफिन टेक्नोलोजीस लिमिटेड इस इश्यू की लीड मैनेजर है।

रु. 13.59 करोड के आइपीओ में प्रति शेयर रु. 92 की कीमत पर प्रति रु. 10 की फेस वेल्यू के 14.88 लाख इक्विटी शेयर का फ्रेश इश्यू शामिल है। रु. 13.69 करोड़ के नए इश्यू में से, कंपनी रु. 10.27 करोड़ कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए और रु. 2.81 करोड़ सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए उपयोग करने की योजना बना रही है। एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 1200 शेयर है जो प्रति एप्लिकेशन रु. 1,10,400 के निवेश के बराबर है। आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक कोटा शुद्ध ऑफर का 50 प्रतिशत रखा गया है। प्रमोटर होल्डिंग प्री इश्यू 84.20 प्रतिशत है। 2014 में स्थापित फाल्कन टेक्नोप्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड भारत भर में अपने ग्राहकों को मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग सेवाएं प्रदान करती है और पेट्रोलियम रिफाइनरियों, हाउसिंग एस्टेट, परमाणु ऊर्जा, कंस्ट्रक्शन आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करती है।

श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने लॉन्च किए 5 नए क्रॉप प्रोटेक्शन एवं स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स

इंदौर। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने फसलों की सुरक्षा एवं उन्हें पोषण प्रदान करने वाले 5 नए क्रॉप प्रोटेक्शन एवं स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं। लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित होटल सायाजी में किया गया था, जहां क्षेत्र के मुख्य चैनल पार्टनर्स ने हिस्सा लिया। इतना ही नहीं, 200 से अधिक वितरकों और 5000 से अधिक दर्शकों ने भी लाईव टेलीकास्ट के ज़रिए ऑनलाईन हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रीराम सुपर व्हीट सीड गेंहुत्सव योजना के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी हुआ, जहां मध्य भारत से 188 विजेताओं को सम्मानित किया गया। खरपतवार प्रबन्धन एवं मैनुअल संचालन के कारण बढ़ी लागत से संबंधित चुनौतियों को हल करने के लिए श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स लेकर आए हैं अर्ली पोस्ट-एमर्जेन्ट सलेक्टिव हर्बीसाईड (शाकनाशी) श्रीराम बिकुटा जो कपास की फसल में चौड़ी पत्ती और संकरी पत्ती वाले- दोनों तरह के खर

पतवार को नष्ट कर देता है। यह आधुनिक प्रोडक्ट दो बेहद प्रभावी, सक्रिय अवयवों और एक एमई फॉर्मूला से बनाया गया है, जो किसानों को किफ़ायती समाधान उपलब्ध कराता है। अपने इन्सेक्टिसाईड यानि कीटनाशक पोर्टफोलियो को सशक्त बनाने के लिए कंपनी ग्लोबल इनोवेटर्स के सहयोग से श्रीराम साईशी, श्रीराम क्रोन और श्रीराम ट्रेक्सटर लेकर आई है।

फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर किया 7.2 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में उसने इसके सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए अनुमान में संशोधन किया। वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए फिच ने क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का

अनुमान लगाया है। फिच ने अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा, ''हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि होगी। फिच का अनुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि ग्रामीण मांग में सुधार और मुद्रास्फीति में नरमी से चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

बजट से उम्मीदें: खपत बढ़ाने के लिए कर दरें घटा सकती है सरकार, सरकारी खजाने को होने वाले नुकसान की होगी भरपाई

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में कुछ श्रेणियों में व्यक्तिगत कर दरों में कटौती पर विचार कर रही है। इससे देश में खपत बढ़ाने में मदद मिल सकती है। कर कटौती से सरकार के खजाने को होने वाले नुकसान की आंशिक भरपाई इस श्रेणी के व्यक्तिगत करदाताओं में खपत बढ़ाकर की जा सकती है। चुनाव बाद सर्वेक्षण से पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने भले ही तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, लेकिन मतदाताओं में उच्च महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी और घटती आय को लेकर चिंता से भाजपा को बहुमत नहीं मिला। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 22 जुलाई को पूर्ण बजट पेश कर सकती हैं।

मध्य वर्ग को बचत बढ़ाने में मिलेगी मदद

व्यक्तिगत कर में कटौती से अर्थव्यवस्था में खपत को बढ़ावा मिलने के साथ मध्य वर्ग की बचत में भी इजाफा हो सकता है। साथ ही, इससे सालाना 15 लाख रुपये कमाने वाले व्यक्तियों को कर में राहत मिलने की उम्मीद है। 15 लाख रुपये तक की सालाना आय पर अभी 5 से 20 फीसदी तक कर लगता है। 15 लाख से अधिक कमाई पर 30 फीसदी की दर से कर चुकाना पड़ता है। चुनाव बाद सर्वेक्षण में कहा गया है कि 2023-24 के दौरान भारतीय जीडीपी 8.2 फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ी। इस वृद्धि में खपत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

वित्त वर्ष 2025 में अब तक एडवांस टैक्स कलेक्शन 28 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपए पर रहा: रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त वर्ष 2025 के 16 जून तक एडवांस टैक्स कलेक्शन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 28 फीसदी बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपए हो गया है। 1 अप्रैल से 16 जून के बीच की अवधि में कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन 1.6 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि पर्सनल टैक्स कलेक्शन 3.79 लाख करोड़ रुपए रहा। इस अवधि के दौरान कुल 5.15 लाख करोड़ रुपए टैक्स कलेक्ट हुआ है। इस अवधि में कुल टैक्स कलेक्शन में पिछले वर्ष की तुलना में 22.89 फीसदी की मजबूत बढ़त हुई है। एक चैनल ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।

एडवांस टैक्स क्या है

एडवांस टैक्स वह टैक्स है जिसे आप वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले, उसी वर्ष अर्जित आय पर चुकाते हैं। इसके तहत आपको वर्ष के अंत में एक बार में पूरी

राशि का भुगतान करने के बजाय, किश्तों में भुगतान करना होता है। ये किश्तें 15 जून, 15 सितंबर, 15 दिसंबर और 15 मार्च तक जमा की जा सकती हैं। वेतनभोगी व्यक्तियों के मामले में उनकी कंपनी महीने के अंत में उनके वेतन जमा करने से पहले टैक्स काट लेती है। हालांकि, करदाता के पास आय के अन्य स्रोत भी होने की संभावना हो सकती है जिसमें जमा राशि से मिलने वाला ब्याज, शेयरों और म्यूचुअल फंड की बिक्री पर प्राप्त कैपिटल गेन आदि। ऐसे में एडवांस टैक्स देयता की गणना में इन स्रोतों से होने वाली आय को भी ध्यान में रखना चाहिए।

किश्तों में एडवांस टैक्स का भुगतान

आपको 15 जून को अपनी अनुमानित अग्रिम कर देयता का 15 फीसदी भुगतान करना होगा। 15 सितंबर तक, आपको देय राशि का 45 फीसदी और 15 दिसंबर तक देय राशि का 75 फीसदी और 15 मार्च तक शेष राशि का 100 फीसदी भुगतान करना होता है। हालांकि, ऐसे स्व-रोजगार वाले व्यवसायियों और प्रोफेशनल्स के लिए नियम थोड़े अलग हैं जिन्होंने प्रिजम्पटिव टैक्सेशन स्कीम का विकल्प चुना है। हालांकि उन्हें भी अग्रिम कर का भुगतान करना होता है लेकिन उनको कुछ रियायतों मिलती हैं। वे वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में 15 मार्च तक एक बार में भुगतान कर सकते हैं। यह रियायत इसलिए बढ़ाई गई है क्योंकि छोटे व्यवसायियों को वित्तीय वर्ष की शुरुआत में अपनी अग्रिम कर देयता का अनुमान लगाना मुश्किल हो सकता है।

महिंद्रा ने मध्यप्रदेश में लॉन्च किया अपना क्रांतिकारी 6आरओ पैडी वॉकर ट्रांसप्लांटर

मुंबई । महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट सेक्टर (एफईएस), जो महिंद्रा समूह की इकाई है, और दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी है, ने मध्यप्रदेश में महिंद्रा 6आरओ पैडी वॉकर नामक एक नया 6 रो धान ट्रांसप्लांटर लॉन्च किया है। मध्यप्रदेश में 4आरओ वॉक बिहाइंड ट्रांसप्लांटर (एमपी461) और 4आरओ राइड-ऑन (प्लांटिंग मास्टर पैडी 4आरओ) की सफल शुरुआत के बाद, नया महिंद्रा 6आरओ पैडी वॉकर चावल की रोपाई तकनीक के क्षेत्र में महिंद्रा की मौजूदगी को और बढ़ाएगा, जहाँ कंपनी पहले से ही बाजार में अग्रणी है। धान एक प्रमुख फसल है और मध्यप्रदेश अपने विश्व स्तरीय चावल के लिए प्रसिद्ध हैं। यह प्रदेश चावल मशीनीकरण तकनीकों को अपनाने वाला पहला राज्य है, जहाँ राज्य के कई हिस्सों में उच्च गुणवत्ता वाला चावल उगाया जाता है। नया समाधान जल संरक्षण को संभव बनाता है। साथ ही पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है और इसके इस्तेमाल से अन्य श्रम-गहन तकनीकों की तुलना में कम श्रम लागत आती है। दूसरी तरफ यह चावल की खेती से संबंधित समग्र लाभप्रदता में भी सुधार करता है।

एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने क्यूआईबी प्लेसमेंट शुरू किया

कंपनी ने 48.30 रुपये प्रति शेयर फ्लोर प्राइस के रूप में सेट किए

हैदराबाद, एजेंसी। एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिज़ाइन, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग में ग्लोबल लीडर एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने इस इश्यू के संबंध में ऐप्लिकेशन फॉर्म के साथ 12 जून, 2024 के प्रारंभिक प्लेसमेंट डाक्यूमेंट्र को अप्रूव करके मंजूरी दी और 12 जून, 2024 को इश्यू की ओपनिंग करके इसे ऑथराइज्ड किया है। इसके अलावा, कंपनी ने सेबी आईसीडीआर रेगुलेशंस के रेगुलेशन 176 के तहत निर्धारित मूल्य प्राइसिंग फार्मूले के आधार पर इश्यू की न्यूनतम कीमत 48.30/- रुपये प्रति इक्विटी शेयर होने को मंजूरी दी।

हाल ही में कंपनी ने घोषणा की थी कि उसे फिरोजपुर डिवीज़न के प्रमुख और महत्वपूर्ण स्टेशंस पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड के प्रोविजन के लिए उत्तरी रेलवे जोन के फिरोजपुर डिवीज़न से स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त कार्य आदेश का कुल मूल्य 3,04,95,149.54/- रुपये है। इसके अलावा, कंपनी को हापा स्टेशन पर डीडब्ल्यूके पीएफ -1 सीजीडीबी और आईपीआईएस सिस्टम के काम को पूरा करने के लिए पश्चिमी रेलवे क्षेत्र के राजकोट डिवीज़न से लेटर ऑफ कंप्लीशन (समापन पत्र)/ इंस्टॉलेशन सर्टिफिकेट (स्थापना प्रमाण पत्र) प्राप्त हुआ है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसने एक सहायक कंपनी यानी मेसर्स एसओए इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेडिंग एलएलसी, को शामिल किया, संयुक्त अरब अमीरात, दुबई में एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड 1988 से एलईडी वीडियो डिस्प्ले, हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट और टेलीकॉम सॉफ्टवेयर के डिज़ाइन, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग में एक ग्लोबल लीडर है।

संक्षिप्त समाचार

आर्यना सबालेंका स्वास्थ्य कारणों से पेरिस ओलंपिक से हटी

बर्लिन, एजेंसी। विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका स्वास्थ्य कारणों और हार्ड कोर्ट पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से आगामी पेरिस ओलंपिक से हट गयी हैं। 26 वर्षीय मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पिछले महीने फ्रेंच ओपन में रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा से हारकर क्वार्टरफाइनल



से बाहर हो गई। सबालेंका ने बर्लिन लेडीज ओपन में संवाददाताओं से कहा, ‘विशेष रूप से उन सभी संघर्षों के साथ, जिनसे मैं पिछले महीनों में जूझ रही हूं, मुझे लगता है कि मुझे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। शेड्यूल के हिसाब से यह बहुत ज्यादा है और मैंने अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने का फैसला किया है। बेलारूसी ने कहा कि मैं शारीरिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से यह सुनिश्चित करने के लिए थोड़ा आराम करना पसंद करती हूं कि मैं हार्ड कोर्ट के लिए तैयार हूं और हार्ड-कोर्ट सीजन में जाने से पहले मेरी अच्छी तैयारी होगी। मुझे लगता है कि यह मेरे शरीर के लिए सुरक्षित और बेहतर है। आगामी ओलंपिक टेनिस आयोजन एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है क्योंकि यह 1992 में बार्सिलोना के बाद पहली बार क्ले कोर्ट में स्थानांतरित हो रहा है।

पंत का नंबर तीन पर खेलना काफी सकारात्मक है: भज्जी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने टी 20 विश्व कप में ग्रुप ए में अपना अभियान अपराजित रहते हुए ग्रुप में शीर्ष पर रहकर समाप्त किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने टूर्नामेंट में अब तक भारतीय अभियान की समीक्षा की और ऋषभ पंत के सुपर आठ में नंबर तीन पर बल्लेबाजी जारी रखने का समर्थन किया। पूर्व भारतीय स्पिनर ने पंत के तीसरे नंबर पर आने की व्याख्या करते हुए कहा कि इससे लेफ्ट-राइट संतुलन बना रहता है जो किसी भी

गेंदबाजी इकाई के लिए कड़ी चुनौती पेश करता है। टूर्नामेंट में अब तक पंत भारतीय टीम की तरफ से शीर्ष स्कोरर रहे हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर तीन पारियों में 96 रन बनाये हैं जबकि आलराउंडर हार्दिक पांड्या बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दोनों ने सात-सात विकेट लिए हैं। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि ऋषभ पंत को नंबर 3 पर खेलाना एक बड़ी सकारात्मक बात है। जब ऋषभ पंत नंबर 3 पर खेलते हैं तो बाएं-दाएं संयोजन बनता है। इसमें बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं। बेशक, चुनौतियाँ और कठिनाइयाँ हैं। लेकिन चुनौतियाँ उनके लिए आती हैं जो बहादुर होते हैं।

वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्डकप 2024 का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

अफगानिस्तान को 104 रन से हराया, पूरन ने 98 रन बनाए, मैकॉय को 3 विकेट

सेंट लूसिया, एजेंसी। सेंट लूसिया के ग्रॉस आइलेट स्थित डैरेन सैमी क्रिकेट ग्राउंड पर अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 218 रन बनाए। यह इस वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर रहा।

जवाब में अफगानिस्तान 16.2 ओवर में 114 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए निकोलस पूरन ने 53 बॉल में 98 रन बनाए। वहीं, जॉनसन चार्ल्स ने 43 रन और रोवमैन पॉवेल ने 26 रन की पारी खेली। जबकि, औबेद मैकॉय ने 3 विकेट लिए। गुडाकेश मोती और अकील हौसेन को 2-2 विकेट मिले। आंद्रे रस्सेल और अल्जारी जोसेफ को 1-1 विकेट हासिल हुआ।

इगोर स्टिमैक भारतीय टीम के कोच पद से बर्खास्त

विश्व कप क्वालिफायर में खराब प्रदर्शन के बाद हटाए गए

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम के हेड कोच इगोर स्टिमैक को अखिल भारतीय फुटबॉल संघ ने मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया है। हाल ही में हुए फीफा विश्व कप 2024 क्वालिफायर में टीम इंडिया का प्रदर्शन खराब रहा था। इसके बाद क्रुश्नस ने यह फैसला लिया है। भारतीय टीम ने दूसरे राउंड में कुवैत से ड्रॉ खेला था, जबकि कतर से अहम मुकाबले में हार गई थी। ऐसे में टीम इंडिया ने पहली बार फीफा विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका गंवा दिया था।

रविवार को मीटिंग के बाद लिया गया फैसला- स्टिमैक को बर्खास्त करने का फैसला क्रुश्नस अधिकारियों द्वारा रविवार को की गई मीटिंग के बाद लिया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता क्रुश्नस के उपाध्यक्ष एनए हैरिस ने की। इस दौरान बैठक में मेनला एथेनपा (सदस्य, कार्यकारी समिति और अध्यक्ष, वित्त समिति), अनिलकुमार प्रभाकरन (सदस्य, कार्यकारी समिति और अध्यक्ष, प्रतियोगिता समिति), आईएम विजयन (एआईएफएफ तकनीकी समिति के अध्यक्ष) क्लाइमेक्स लॉरेंस (एआईएफएफ तकनीकी समिति के सदस्य) और सत्यनारायण (कार्यवाहक महासचिव) भी शामिल हुए। एआईएफएफ ने बयान में कहा, सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफिकेशन अभियान के निराशाजनक परिणाम को देखते हुए सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की कि टीम को आगे ले जाने के लिए एक नया मुख्य कोच सर्वश्रेष्ठ होगा।

यूरो कप

रोमानिया ने 24 साल में पहली जीत दर्ज की

यूक्रेन को इतने गोल से हराया, कोच को दिया जन्मदिन का तोहफा

नई दिल्ली, एजेंसी। निकोलेई स्टेनसियू ने पहले हाफ में लंबी दूरी से गोल दागकर रोमानिया को बढ़त दिलाई जिसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में रजवान मारिन और डेनिस मिहाई ड्रेगस ने दो गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। रोमानिया ने यूक्रेन के खिलाफ यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। सोमवार को खेले गए इस मुकाबले में रोमानिया ने यूक्रेन को 3-0 से एकतरफा अंदाज में हराया। रोमानिया की इस टूर्नामेंट में 24 साल में पहली और कुल दूसरी ही जीत है। इस तरह टीम ने कोच एडवर्ड इओडेनेस्कु को जन्मदिन का तोहफा दिया।

राष्ट्रगान बजने पर भावुक हुए खिलाड़ी- रोमानिया आठ वर्षों में किसी प्रमुख टूर्नामेंट में पहली बार खेल रहा है और राष्ट्रगान बजते ही कई खिलाड़ी रो पड़े। यूक्रेनी फुटबॉल महासंघ ने संघर्ष को उजागर करने के लिए मैच से पहले मई 2022 में रूसी सैनिकों द्वारा नष्ट किए गए स्टेडियम के स्टैंड की म्यूनिख में झलक भी दिखाई।

स्टेनसियू ने दिलाई बढ़त

निकोलेई स्टेनसियू ने पहले हाफ में लंबी दूरी से गोल दागकर रोमानिया को बढ़त दिलाई जिसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में रजवान मारिन और डेनिस मिहाई ड्रेगस ने दो गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। स्टेनसियू का एक शॉट क्रॉस बार से भी टकराया लेकिन इसके बावजूद रोमानिया ने यूक्रेन को आसानी से हरा दिया। 24 साल पहले इंग्लैंड को 3-2 से हराकर ज्लटफेर के बाद से रोमानिया की किसी बड़े टूर्नामेंट में यह पहली जीत थी। इओडेनेस्कु 2016 में अपने पिता एंगेल के बाद यूरोपीय चैंपियनशिप में रोमानिया की टीम का मार्गदर्शन करने वाले पहले कोच बने। वह रविवार को 46 वर्ष के हो गए थे।

एस्टोनिया के साहिल चौहान ने 27 गेंदों पर ठोका शतक

क्रिस गेल का रिकॉर्ड टूटा

नईदिल्ली, एजेंसी। एस्टोनिया के बल्लेबाज साहिल चौहान ने सोमवार को साइप्रस के खिलाफ केवल 27 गेंदों में अपना शतक पूरा करके पुरुषों की टी20ई में सबसे तेज शतक का नया रिकॉर्ड बनाया। चौहान ने नामीबिया के जान-निकोल लोफर्टी ईटन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने फरवरी 2024 में नेपाल के खिलाफ अपने टी20ई शतक तक पहुंचने के लिए 33 गेंदें ली थीं। यही नहीं, चौहान ट्वंटी20 (ओवरऑल) की लिस्ट में भी पहले नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़ा है। चौहान ने अपनी पारी के दौरान 41 गेंदों पर 6 चौके और 18 छक्कों की मदद से नाबाद 144 रन बनाए। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 351 रही।

टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक (ओवरऑल)

- 27 गेंद- साहिल चौहान, इस्टोनिया बनाम साइप्रस, 2024
- 33 गेंद - जेन निकोल ईडन, नेपाल बनाम नामीबिया, 2024
- 34 गेंद - कुशल माला, नेपाल बनाम मंगोलिया, 2023
- 35 गेंद - डेविड मिलर, दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, 2017
- 35 गेंद - रोहित शर्मा, भारत बनाम श्रीलंका, 2017

ट्वंटी 20 में सबसे तेज शतक (ओवरऑल)

- 27 गेंद - साहिल चौहान, इस्टोनिया बनाम साइप्रस, 2024
- 30 गेंद - क्रिस गेल, आरसीबी बनाम पुणे वारियर्स, 2013
- 32 गेंद - ऋषभ पंत, दिल्ली बनाम हिमाचल, 2018

भारत 2025 में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा

लुसाने, एजेंसी। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने अगले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के आयोजन की मेजबानी भारत को दी है। टूर्नामेंट दिसंबर 2025 में खेला जाएगा। यह पहली बार होगा जब हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी।

एफआईएच के अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने कहा कि बड़ी और अधिक विविध संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है। हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है। इसलिए, मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या में वृद्धि की है और मैं अगले साल इन 24 युवा टीमों को हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं! इस स्तर पर, मैं एक और शानदार कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं!

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि हमें खुशी है कि एफआईएच ने हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए भारत को चुना। हम एफआईएच को अपना हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करना चाहते हैं। अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम ने हमें इस टूर्नामेंट की जिम्मेदारी सौंपी। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को उजागर करता है।

सुपर 8 से पहले टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन- सूर्यकुमार यादव चोटिल, हाथ पर लगी गेंद

बारबडोस, एजेंसी। भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप मिशन के दूसरे राउंड के लिए वेस्टइंडीज पहुंच गई है. यहां पहले ही ट्रेनिंग सेशन के दौरान भारतीय टीम की कुछ चिंताएं बढ़ती दिख रही हैं. टी20 इंटरनेशनल के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव यहां बैटिंग प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए. एक तेज गेंद उनके हाथ पर जा लगी, जिसके बाद वह दर्द में दिखाई दिए. सूर्या को मुश्किल में देखकर फिजियो तुरंत उनके पास पहुंचे और उनका हालचाल जाना. इसके बाद सूर्या ने मैजिक स्प्रे का इस्तेमाल किया और अपनी बैटिंग जारी रखी. हालांकि सूर्या की यह चोट गंभीर है या नहीं इसका मालूम बाद में चलेगा क्योंकि तब उन्होंने मैजिक स्प्रे के कमाल से अपनी बैटिंग जारी रखी थी. बता दें भारतीय टीम ने अपने इस वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत अमेरिका में की थी. उसने शुरुआती 3 मैच न्यूयॉर्क में खेलकर फ्लोरिडा का रुख किया था, जहां कनाडा के खिलाफ उसका मैच बारिश की भेंट चढ़ गया. भारत ने अजेय रहते हुए ग्रुप 8 में अपनी जगह पक्की की. अब वह 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबडोस में इस दौर का पहला मैच खेलेगा. इस मैच से पहले सोमवार को भारतीय टीम ने यहां अपना पहला ही ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया था, जिसमें सूर्यकुमार चोटिल हो गए. भारतीय टीम का यह वैकल्पिक ट्रेनिंग सेशन था लेकिन टीम के लगभग सभी प्रमुख बल्लेबाजों ने इसमें भाग लिया. सभी खिलाड़ी यहां बारबडोस की परिस्थितियों के लिहाज से तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहे हैं.

टी-20 वर्ल्डकप: 2024

लॉकी फर्ग्यूसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

तारोबा (त्रिदिदाद एंड टोबैगो), एजेंसी। तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने चार ओवर में चार मेडन फेंकते हुए तीन विकेट चटकाए, जिससे न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप-सी मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 78 रन पर ढेर कर दिया। फर्ग्यूसन (बिना किसी रन के तीन विकेट), टिम साउथी (2/11), टी-20 विश्व कप में अपना अंतिम मैच खेल रहे ट्रेंट बोल्ट (2/14) और ईश सोढ़ी (2/29) की उम्दा गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम 19.4 ओवर में सिमट गई। दोनों टीमें पहले ही सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं इसलिए यह महज औपचारिकता का मैच है। ग्रुप-सी से अफगानिस्तान और सह मेजबान वेस्टइंडीज सुपर आठ में पहुंचने वाली दो टीम हैं। मैच में पीएनजी की ओर से चार्ल्स अमीनी (17), नोर्मन वनुआ (14) और सेसे बाऊ (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

रिकॉर्ड बुक में शामिल हुए लॉकी फर्ग्यूसन

1. इस चमत्कारिक स्पैल के बूते लॉकी फर्ग्यूसन ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। अब वह एक टी-20 इंटरनेशनल मैच में चार मेडन डालने वाले दूसरे गेंदबाज बन चुके हैं, उनसे पहले 2021 में कनाडा के साद बिन जफर ने पनामा के खिलाफ चार मेडन के साथ दो विकेट (4-4-0-2) लिए थे।

ट्रंप के साथ अपने संबंध सार्वजनिक करने से बचती दिखीं सेरेना

कहा- मैंने कई राष्ट्रपतियों से बातचीत की

वाशिंगटन, एजेंसी। टेनिस सुपरस्टार सेरेना विलियम्स ने शनिवार को एक इंटरव्यू में रिपोर्टर के उस सवाल का जवाब देने से इन्कार दिया, जिसमें उसने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछा था। इस दौरान सेरेना ने कहा कि उन्होंने ट्रंप के अलावा भी कई राष्ट्रपतियों से बातचीत की है।

टेनिस सुपरस्टार सेरेना विलियम्स इन दिनों इसलिए चर्चा में हैं, क्योंकि उनका नाम लगातार अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कॉल सूची में है। जब सेरेना से ट्रंप के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछा गया तो वह रक्षात्मक हो गईं और उन्होंने अपने संबंधों को सार्वजनिक करने से इन्कार कर दिया।

सेरेना शनिवार को एक साक्षात्कार में शामिल हुईं। इस दौरान रिपोर्टर ने सेरेना से संभावित रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछा। हालांकि विलियम्स ने सवाल को ठीक से नहीं लिया। तुरंत जवाब देते हुए कहा, मेरा मतलब है, क्या यह साक्षात्कार इसी बारे में है? सेरेना के पूछने के बाद भी रिपोर्ट अपने सवाल पर कायम रहा। उसने जिज्ञासा व्यक्त करते हुए कहा, जब किसी को राष्ट्रपति से बात करने का मौका मिलता है तो मुझे उत्सुकता होती है कि उसने राष्ट्रपति से किस बारे में बात की।

अप्रत्याशित रूप से बातचीत में शामिल हुई सेरेना- इस सवाल के जवाब में सेरेना रक्षात्मक दिखीं। उन्होंने अपनी निजता को सार्वजनिक करने से इन्कार किया। कहा, मैं कई राष्ट्रपतियों से बात करती हूं। मैंने बराक, क्लिंटन और रोनाल्ड रीगन तक से बात की है। बावजूद इसके रिपोर्ट ने सेरेना से ट्रंप के साथ संबंधों के बारे में बताने का आग्रह किया। इस पर सेरेना ने रिपोर्ट को रोक दिया। हालांकि, न चाहते हुए भी सेरेना विलियम्स अप्रत्याशित रूप से ट्रंप के इर्द-गिर्द घूमने वाली बातचीत में शामिल हो गईं।

27 जून को आमने-सामने होंगे ट्रंप और बाइडन

बता दें कि पिछले महीने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक अदालत ने गुप्त धन मुकदमे के अंतिम फैसले में 34 गुंडागर्दी मामलों में दोषी ठहराया था। इसके बाद भी ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का सामना करने के लिए तैयार हैं। 27 जून को सीएनएन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसका अटलांटा स्टूडियो से सीधा प्रसारण होगा। हालांकि, इस दौरान कोई स्टूडियो दर्शक मौजूद नहीं रहेगा।

स्वतंत्र चेतना
www.swatantrachetnanews.com

आज का इतिहास

1948: सोवियत संघ ने पश्चिमी बर्लिन की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया।

एक नजर

साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2024 की घोषणा; अंग्रेजी में वैशाली, हिंदी में गौरव को मिला

साहित्य अकादमी

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में हुई कार्यकारी बोर्ड की बैठक में 23 लेखकों के चयन को मंजूरी दी। के वैशाली को उनके संस्मरण होमलेस : ग्रोइंग अप लेस्बियन एंड डिस्लेक्सिक इन इंडिया के लिए, जबकि गौरव पांडे को उनके कविता संग्रह स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी के लिए प्रतिष्ठित युवा पुरस्कार दिया जाएगा। युवा पुरस्कार 10 कविता पुस्तकों, सात कहानी संग्रहों, दो लेख और एक निबंध संग्रह, एक उपन्यास, एक गजल पुस्तक और एक संस्मरण के लिए प्रदान किया गया।

इन्हें मिला युवा पुरस्कार

युवा पुरस्कार जीतने वाले अन्य लेखक हैं नयनज्योति शर्मा (असमिया), सुतपा चक्रवर्ती (बंगाली), सेल्फ मेड रानी बारो (बोडो) और हीना चौधरी (डोगरी)। इनके अलावा रिंकू राठौड़ (गुजराती), श्रुति बी आर (कन्नड़), मोहम्मद अशरफ जिया (कश्मीरी), अद्वैत सालगांवकर (कोंकणी), रिंकी झा ऋषिका (मैथिली) और श्यामकृष्णन आर (मलयालम) भी विजेताओं में शामिल हैं। वाइखोम चिंगखिंगनबा (मणिपुरी), देवीदास सौदागर (मराठी), सूरज चपागैन (नेपाली), संजय कुमार पांडा (उड़िया), रणधीर (पंजाबी), सोनाली सुतार (राजस्थानी) को भी युवा पुरस्कार के लिए चुना गया है। अन्य विजेता अंजन करमाकर (संथाली), गीता प्रदीप रूपानी (सिंधी), लोकेश रघुरामन (तमिल), रमेश कार्तिक नायक (तेलुगु) और जावेद अंबर मिस्बाही (उर्दू) हैं।

पांच लाख अप्रवासियों के मिल सकती है अमेरिकी नागरिकता

वॉशिंगटन। राष्ट्रपति जो बाइडन अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। बता दें अमेरिका में इस वर्ष राष्ट्रपति चुनाव भी होने हैं। दरअसल इससे पहले बाइडन ने इस महीने की शुरूआत में अप्रवासन को लेकर सीमा पर आक्रामक नीति अपनाई थी। इस वजह से कई डेमोक्रेटिक सांसद नाराज हो गए थे। अब बाइडन के इस कदम को अपनी आक्रामक नीति को संतुलित करने के कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

ड्रैगन ने की जी 7 की आलोचना, शिखर सम्मेलन के नेताओं पर लगाया चीन को बदनाम करने का आरोप

बीजिंग। चीन ने इटली में हुए जी 7 शिखर सम्मेलन की आलोचना की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने जी 7 देशों पर चीन से संबंधित मुद्दों का इस्तेमाल कर ड्रैगन (चीन) को ही बदनाम करने का आरोप लगाया। जी/ शिखर सम्मेलन में चीन के बयान को लेकर लिन जियान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। लिन जियान ने कहा, जी 7 सम्मेलन में नेताओं ने चीन से संबंधित मुद्दों का इस्तेमाल ड्रैगन की निंदा करने और उसपर हमला करने के लिए किया। उन्हीं झूठे आरोपों का इस्तेमाल किया गया, जिसका कोई आधार नहीं है। यह केवल झूठ से भरे हुए हैं ड्ढ उन्होंने जी 7 की आलोचना करते हुए कहा, यह दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

आपका राशिफल 19 जून

मेष (अ,ल,ई) — [illegible]

वृष (ब,उ,ए) — [illegible]

मिथुन (क,घ,ङ,छ) — [illegible]

कर्क (ही,हू,हे,हो) — [illegible]

सिंह (मा,मी,मू,मे) — [illegible]

कन्या (टो,पा,पी,पू,ष,ण,ठ) — [illegible]

तुला (रा,री,रू,रे,रो) — [illegible]

वृश्चिक (तो,ना,नी,नू,ने) — [illegible]

धनु (ये,या,यी,यू,ये,यो) — [illegible]

मकर (भो,जा,जी,खी,खू) — [illegible]

कुंभ (गू,गे,गो,सा,सी,सू,से) — [illegible]

मीन (दी,दू,थ,झ,ञ) — [illegible]

कर्नाटक उच्च न्यायालय की टिप्पणी

सहमति से संबंध बनाने का मतलब महिला से मारपीट करने का लाइसेंस नहीं है

बेंगलुरू। एक मामले पर सुनवाई करते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर आपसी सहमति से संबंध बनता है तो इसका मतलब यह नहीं की महिला से मारपीट करने का लाइसेंस मिल गया है। हालांकि, न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाए गए बलात्कार और धोखाधड़ी के अपराधों को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता और महिला दोनों बेंगलुरु के रहने वाले हैं और एक सॉफ्टवेयर कंपनी में साथ काम करते थे। दोनों के बीच पांच सालों से संबंध थे।

जुलाई 2022 में महिला ने रेप की शिकायत दर्ज करवाई थी3

जुलाई 2022 में, महिला ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि एक पुरुष ने शादी का वादे करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए लेकिन बाद में उसे तोड़ दिया। इसके बाद महिला ने अन्नपूर्णेश्वरी नगर पुलिस से बलात्कार, धोखाधड़ी करने, हमला करने सहित कई अन्य मामलों में एफआईआर दर्ज करवाई।

वहीं इसके बाद आरोपी ने महिला के द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को यह कहते हुए अदालत में चुनौती दी कि महिला करवरी 2020 में भी ऐसे ही एक पुरुष पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगा चुकी है। इसलिए महिला द्वारा दर्ज करवाई गई एफआईआर को रद्द कर दिया। आरोपी ने दावा किया कि महिला को ऐसे ही अलग-अलग पुरुषों पर मुकदमा दर्ज करवाने की आदत है।

कोर्ट की टिप्पणी- सहमति से संबंध बनाना बलात्कार और धोखाधड़ी नहीं आरोपी की बातों को सुनते हुए और रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री पर गौर करने के बाद, न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने कहा कि सहमति से बनाए गए संबंध के आधार पर बलात्कार और धोखाधड़ी के आरोपों को बरकरार नहीं रखा जा सकता है।

हालांकि हमला करने और अन्य आपराधिक मुकदमों को लेकर न्यायाधीश नागप्रसन्न ने बताया कि महिला द्वारा दिए गए प्रमाण पत्रों से यह पता चलता है कि महिला के शरीर पर कई चोट आई है। जो कि कथित तौर पर आरोपी द्वारा हमला करने के कारण आई हैं। इसलिए कोर्ट ने मारपीट करने और हमला करने के मामले में पुलिस को जांच करने के आदेश दिए हैं। इस तरह से न्यायाधीश ने महिला की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया है।

भारत और अमेरिका सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमता रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर सहमति

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में बाइडन प्रशासन के किसी बड़े अधिकारी की यह पहली यात्रा है

नई दिल्ली । भारत और अमेरिका सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई), महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत दूरसंचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करेंगे। दोनों देशों ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन के बीच वार्ता के दौरान लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करने का वादा करते हुए सहयोग को करने वाले परिवर्तनकारी पहल की घोषणा की।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन के बीच विस्तृत बातचीत के बाद यह घोषणा की गई। दोनों ने भारत के 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन खरीद की योजना, सेना के लिए

लड़ाकू वाहनों के संयुक्त निर्माण और जीई एयरोस्पेस व हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच लड़ाकू विमानों के इंजन (जीई एफ414) के उत्पादन को लेकर चल रही बातचीत की भी सराहना की। सुलिवन भारत के दो दिन के दौरे पर हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में बाइडन प्रशासन के किसी बड़े अधिकारी की यह पहली यात्रा है।

डोभाल और सुलिवन की यह वार्ता क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसेट) पर भारत-अमेरिका पहल के ढांचे के तहत हुई। इसमें फोकस यह सुनिश्चित करना था कि प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ समन्वित और पारस्परिक मान्यता के साथ डिजाइन, विकसित और तैनात किया जाए ताकि भविष्य में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों पक्षों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। हालांकि, इसके बारे में तत्काल कुछ पता नहीं चल सका है कि दोनों एनएसए के बीच बातचीत में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिशों का मुद्दा उठा या नहीं। भारत ने पन्नू को आतंकी घोषित कर रखा है। वार्ता पर एक तथ्य-पत्र में कहा गया है कि बैठक में, डोभाल और सुलिवन ने भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी के अगले अध्याय के लिए दृष्टिकोण निर्धारित किया। बातचीत में उठे अन्य बड़े मुद्दों में प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने वाले ग्लोबल वैलेंज इंस्टीट्यूट के लिए 9 करोड़ डॉलर (751.67 करोड़ रुपये) की फंडिंग, 6जी प्रौद्योगिकियों में सहयोग को मजबूत करने की पहल और भारत और अमेरिका में बड़े पैमाने पर ओपन आरएएन की तैनाती की दिशा में संयुक्त कार्य शामिल हैं। दोनों पक्ष नासा (राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन) और इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के बीच गहरे सहयोग पर भी सहमत हुए। दोनों देश नासा के जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र में इसरो के अंतरिक्ष यात्रियों को उन्नत प्रशिक्षण देने की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

दलाई लामा से मिलने भारत आईं नैंसी पेलोसी

पिछली यात्रा पर चीन ने चेताया था; इनके ताइवान जाने पर दी थी जंग की धमकी

नई दिल्ली । अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी 2 दिन के दौरे पर भारत आई हैं। वह धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करेंगी। दोपहर करीब 12:30 बजे पेलोसी हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुईं। उनके साथ अमेरिका के 6 सांसदों का डेलिगेशन मौजूद है।

नैंसी इससे पहले मई 2017 में भी दलाई लामा से मिलने भारत आई थीं। तब चीन ने अमेरिका को तिब्बत मामले में दखल के खिलाफ चेतावनी दी थी। पेलोसी लंबे समय से तिब्बत की आजादी का समर्थन करती आई हैं। अमेरिका में 12 जून को तिब्बत से जुड़ा एक बिल पास किया गया था। इसमें कहा गया था कि वर दुनियाभर में चीन के तिब्बत को लेकर फैलाए गए झूठ का जवाब देगा। इस दौरान अमेरिकी अधिकारी चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले दावों को भी खारिज करेंगे। इस बिल के पास होने के बाद अमेरिकी सांसदों के इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। दरअसल, चीन हमेशा से ही तिब्बत का साथ देने के लिए अमेरिका का विरोध करता आया है। ऐसे में नैंसी पेलोसी का यह दौरा विवाद को और बढ़ा सकता है। पेलोसी वही अमेरिकी नेता हैं, जिन्के 2022 में ताइवान जाने पर चीन ने जंग की धमकी दी थी। तब नैंसी के प्लेन को अमेरिकी नेवी और एयरफोर्स के 24 एडवांस्ड फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया था। इस दौरान चीन ने ताइवान को चारों तरफ से घेरकर युद्धाभ्यास भी किया था। नैन्सी पेलोसी ने 2008 के अपनी धर्मशाला यात्रा के दौरान कहा था कि तिब्बत में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अमेरिका अपने अभियानों को जारी रखेगा।

दावा: फिर आ सकता है 2500 साल जैसा शक्तिशाली भूकंप

बदल गया था गंगा नदी का मुख्य मार्ग, अब यह बांग्लादेश में

नई दिल्ली। नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन के मुताबिक, लगभग 2,500 साल पहले एक शक्तिशाली भूकंप आया था। इसकी तीव्रता 7 और 8 के बीच थी। इसमें गंगा नदी के रास्ते को अचानक बदलने की सामर्थ्य थी और इसने नाटकीय तरीके से नदी के मुख्य रास्ते को बदल दिया था। जो अब वर्तमान में भूकंप के नजरिये से संवेदनशील बांग्लादेश में है। हालांकि, इस घटना को ऐतिहासिक दस्तावेजों में दर्ज नहीं किया गया, लेकिन हाल ही में शोधकर्ताओं को सुखूत मिले हैं कि यह घटना हुई थी। इस अध्ययन के जरिए भूकंपीय इतिहास को समझने मदद मिलती है।

ढाई हजार साल पहले बदला था गंगा का मार्ग

शोधकर्ताओं ने 2018 में गंगा नदी के मुख्य मार्ग के क्षेत्र की खोज करते हुए बांग्लादेश में भूकंप के परिणामस्वरूप बनी आकृतियों सीस्माइट को देखा था। उनके अनुसार, एक ही समय में कई ऐसी आकृतियां बनी थीं। यहां की रेत और कीचड़ के रासायनिक विश्लेषण से पता चला कि लगभग 2,500 साल पहले इस क्षेत्र में लगभग 7-8 तीव्रता का भूकंप आया था।

शोधकर्ता कहते हैं कि इतना ताकतवर भूकंप के दो संभावित जरिए से आ सकता है। पहला दक्षिण और पूर्व में एक सबडक्शन जोन यानी पृथ्वी की पपड़ी की एक प्लेट के किनारे का दूसरी प्लेट के नीचे स्थित मेंटल (खोल) में तिरछी और नीचे की ओर जाना। यहां जहां महासागरीय पपड़ी की एक विशाल प्लेट बांग्लादेश, म्यांमार और पूर्वोत्तर भारत के नीचे खुद को धकेल रही है। दूसरी संभावना यह है कि भूकंपीय झटका उत्तर में हिमालय के तलहटी में बड़ी दरारों के होने से आया हो। क्योंकि यह दरारें भारतीय उपमहाद्वीप के धीरे-धीरे एशिया के बाकी हिस्सों से टकराने से बनी हैं। इस वजह से ही वक्त के साथ हिमालय ऊंचा होता जा रहा है। कोलंबिया क्लाइमेट स्कूल, यूएस के लैमोंट-डोहर्टी अर्थ ऑब्जर्वेटरी के भूभौतिकीविद् और अध्ययन के सह-लेखक माइकल स्टेकलर के नेतृत्व में 2016 में किए गए एक अध्ययन से पता चला कि ये क्षेत्र तनाव पैदा कर रहे हैं और 2,500 साल पहले आए भूकंप के बराबर भूकंप पैदा कर सकते हैं। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि अगर आधुनिक समय में ऐसा हुआ होता तो करीब 14 करोड़ (140 मिलियन) लोगों पर असर पड़ता।

विधायकी से इस्तीफा देकर भावुक हुए शिवराज सिंह चौहान

बुधनी। मोदी 3.0 कैबिनेट में हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार (17 जून) को मध्य प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया, जहां वे बुधनी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे।

विधानसभा अध्यक्ष को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा सौंपने के बाद, नवनियुक्त केंद्रीय कृषि मंत्री ने बुधनी में अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार सेवा जारी रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, ह्लआज मैं बहुत भावुक हूं... मैंने मध्य प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा दे दिया है... मैंने अपना सार्वजनिक जीवन बुधनी से ही शुरू किया था... मैंने विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की और लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने मुझे बड़े अंतर से चुनाव जिताया। मैंने बुधनी के लोगों की पूरे दिल से सेवा की है... मेरा पूरा जीवन जनता के इस प्यार को समर्पित है और मैं अपनी क्षमता के अनुसार उनकी सेवा करता रहूंगा।ह्व इसे भी पढ़ें : ईरि से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद केंद्रीय मंत्री ऌ्रऌ ऊ्रैल्त ने विधानसभा से इस्तीफा दिआइस बीच, वह ध्यान दे दो योग्य है कि 2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में, भाजपा नेता और चार बार के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी निर्वाचन क्षेत्र से 1.05 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की। ? ?हालांकि, अब उन्हें लोकसभा चुनाव 2024 के बाद सीट खाली करनी होगी, जहां वे देश में सबसे अधिक में से एक विदिशा लोकसभा क्षेत्र से आठ लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से चुने गए थे भौराहलर्ह हैं कि चौहान के अलावा, विदिशा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पहले भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी (1991), मीडिया दिग्गज रामनाथ गोयनका (1971) और भाजपा नेता दिवंगत सुषमा स्वराज (2009 और 2014) जैसे दिग्गजों ने किया है।

वैश्विक खाद्य उत्पादन पूरा करने में सक्षम नैनो तकनीक

इसे अपनाने से रसायनों से भी मिलेगा छुटकारा

नई दिल्ली। दुनियाभर में भोजन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कृषि क्षेत्र में नैनो तकनीक को अपनाना जरूरी है। इससे पैदावार बेहतर होगी और केमिकल से निजात मिलेगी। यूसी रिवरसाइड और कार्नेगी मेलन विवि के वैज्ञानिकों ने अध्ययन के बाद दावा किया कि वर्ष 2020 की तुलना में 2050 तक दुनियाभर के खाद्य उत्पादन में 60 फीसदी तक वृद्धि की जरूरत पड़ेगी, जिसे नैनो तकनीक से ही पूरा किया जा सकता है।?

नेचर नैनो टेक्नोलॉजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, नेनोटेक्नोलॉजी में पारंपरिक तरीकों की तुलना में कम लागत पर रासायनिक प्रतिक्रियाओं के माध्यम से भूजल से औद्योगिक जल प्रदूषकों को खत्म करने की क्षमता है, जिन्हें उपचार के लिए भूजल पंपिंग की आवश्यकता होती है। नैनो प्रौद्योगिकी के उपयोग से रोगों का पता लगाने और उनका प्रबंधन करने, नैनो-उर्वरक से उत्पादकता बढ़ाने तथा नवीन पैकेजिंग सामग्रियों के माध्यम से खाद्य गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलती है। शोधकर्ताओं की एक टीम ने नैनोटेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए धान के पौधों में परीक्षण के जरिए एक निश्चित जीन में बदलाव कर चावल की उपज में 40 फीसदी की वृद्धि की है। चावल का अधिक उत्पादन करने के लिए अलग-अलग पौधों के आनुवंशिक रूप से डीएनए को बदलकर चावल की पैदावार में सुधार करने के तरीकों पर गौर किया गया।

मोदी के लिए संकटमोचक बन सकता है स्पीकर



नई दिल्ली। बीते दो बार के मुकाबले इस बार भाजपा अकेले बहुमत के 272 के आंकड़े से काफी दूर है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जहां 240 सीटें जीती थीं। वह बहुमत के आंकड़े से वह 32 अंक दूर रह गई थी। नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार टीडीपी और जदयू के सहयोग से सरकार बनाई है। भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन एनडीए ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी की लोकसभा चुनाव में जीती 16 सीटों और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जदयू की 12 सीटों के दम पर सरकार बनाई है। बहुमत के आंकड़ों से दूर भाजपा के लिए इसीलिए स्पीकर का पद काफी मायने रखता है। यह पद कितना मायने रखता है, इसे समझते हैं। बीते दो लोकसभा में भाजपा की सुमित्रा महाजन और ओम बिरला ही स्पीकर थे।

कितना ताकतवर होता है स्पीकर का पद

लोकसभा का प्रमुख और पीठासीन अधिकारी स्पीकर ही होता है। लोकसभा कैसे चलेगी, इसकी पूरी जिम्मेदारी स्पीकर की होती है। संविधान के अनुच्छेद 108 के तहत स्पीकर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है। स्पीकर ही संसदीय बैठकों का एजेंडा तय करता है। वही स्थगन प्रस्ताव या अविश्वास प्रस्ताव जैसे प्रस्तावों को अनुमति प्रदान करता है। सदन के किसी नियम पर अगर कोई विवाद होता है तो वह इस संबंध में उस नियम की व्याख्या करता है और उस नियम को सदन में लागू कराता है, जिसे किसी कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती है। स्पीकर का पद पक्षपात रहित होना चाहिए। मयार्दा का उल्लंघन करने वाले सांसदों को भी स्पीकर निलंबित कर सकते हैं। स्पीकर का मुख्य काम सरकार के हितों की रक्षा करना है। अगर वह सरकार से असहमत हो जाए तो समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। 1999 का इंहिहास आ रहा याद... मोदी 3.0 में क्यों लगी है स्पीकर पद पर निगाहें?

स्पीकर के पास ये भी होती है पावर

संसद में किसी बिल या अहम मुद्दों पर कौन सदस्य वोट कर सकता है कौन नहीं। सदन कब चलेगा और कब स्थगित करना है। कानूनी रूप से ये सभी फैसला लोकसभा स्पीकर ही तय करते हैं। किसी सांसद को एक दल से दूसरे दल में जाने से रोकने के लिए राजीव गांधी सरकार 1985 में दल-बदल कानून लेकर आई। पाला बदलने वाले सदस्यों की अयोग्यता पर भी स्पीकर दल-बदल कानून के तहत फैसला करते हैं। हालांकि, 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में साफ कर दिया था कि स्पीकर के फैसले को अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

दोनों सहयोगियों का क्या कहना है

लोकसभा स्पीकर के लिए टीडीपी नेताओं का कहना है कि स्पीकर के प्रत्याशी के लिए चुनाव एनडीए के सहयोगी दलों की सहमति से ही किया जाएगा। वहीं, जदयू नेता केसी त्यागी ने संकेत दिया है कि भाजपा जो भी प्रत्याशी चुनेगी, जदयू उसका हर हाल में समर्थन करेगी। संविधान के अनुच्छेद 93 में कहा गया है कि सदन जितनी जल्दी हो सके अपने दो सदस्यों को स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के रूप में चुनेंगे।

पूर्णिमा पर पूजा-पाठ और नदी स्नान के साथ ही सत्यनारायण भगवान की कथा सुनने की है परंपरा

अभी ज्येष्ठ मास चल रहा है और इस माह की पूर्णिमा दो दिन (21-22 जून) रहेगी। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर संत कबीर दास जी की जयंती (22 जून) भी मनाई जाती है। ये पूर्णिमा धर्म-कर्म के नजरिए से बहुत खास है। इस दिन पूजा-पाठ, नदी स्नान के साथ ही भगवान सत्यनारायण की कथा पढ़ने और सुनने की भी परंपरा है।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, ज्येष्ठ पूर्णिमा पर किए गए धर्म-कर्म से अक्षय पुण्य मिलता है। ऐसा पुण्य जिसका असर जीवनभर बना रहता है। हिन्दी पंचांग में एक साल में 12 पूर्णिमा होती हैं। पूर्णिमा पर ही महीना खत्म होता है। इस तिथि पर जो नक्षत्र रहता है, उसी के आधार पर महीनों के नाम रखे गए हैं। जैसे ज्येष्ठ पूर्णिमा पर ज्येष्ठा नक्षत्र रहता है। जानिए ज्येष्ठ पूर्णिमा पर कौन-कौन से शुभ काम किए जा सकते हैं...

हिन्दी पंचांग की सभी पूर्णिमा पर गंगा, यमुना, अलकनंदा, नर्मदा, शिप्रा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। जो लोग नदी में स्नान करने नहीं जा पा रहे हैं, उन्हें घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। स्नान करते समय नदियों का और तीर्थों का ध्यान करना चाहिए।

पूर्णिमा पर दिन की शुरुआत सूर्य पूजा के साथ करनी चाहिए। सूर्य देव को तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं और ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करें।

भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का अभिषेक दक्षिणावर्ती शंख से करें। दूध में केसर मिलाएं और फिर भगवान का अभिषेक करें। दूध के बाद जल से अभिषेक करें। पीले चमकीले वस्त्र अर्पित करें। फूलों से श्रृंगार करें। मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाएं और ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करते हुए आरती करें। पूजा के बाद प्रसाद बांटें और खुद भी लें।

घर के मंदिर में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप बाल गोपाल का भी अभिषेक करें। नए वस्त्र अर्पित करें। फूलों से श्रृंगार करें। कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें। माखन-मिश्री का भोग लगाएं। धूप-जलाएं। आरती करें।

हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें। अगर समय अभाव न हो तो सुंदरकांड का पाठ करें।

किसी गोशाला में हरी घास का दान करें। गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें। किसी मंदिर पूजन सामग्री का दान करें। जरूरतमंद लोगों को धन, कपड़े, अनाज, जूते-चप्पल का दान करना चाहिए।

स्वतंत्र चेतना
प्रकाशक, मुद्रक आर.सी.गुप्त द्वारा डी.ए.चेतना प्रकाशन प्रा.लि. के लिए 8-ए हेस्टिंग्स रोड, इलाहाबाद से मुद्रित तथा प्रकाशित
फोन नं. 0532-2423438
आर.एन.आई. संख्या 54328/91

सम्पादक : आर.सी.गुप्त

दिल्ली कार्यालय : ए-29, द्वितीय तल, विक्रम नगर, फिरोजशाह कोटला/फोन नं. 011-23724374
गोरखपुर कार्यालय
शाहमारूफ, हिन्दी बाजार, गोरखपुर
फोन-0551-2341010
लखनऊ कार्यालय
15, ए.पी.सेन रोड, चारबाग, लखनऊ
फोन-0522-4101353
कानपुर कार्यालय
16/17 सिविल लाइन्स कानपुर
फोन-0512-2304107
आजमगढ़ कार्यालय
चेतना भवन, एलवल (निकट आर्य समाज मन्दिर) फोन-05462-223430 फैक्स-05462-223431
फैजाबाद कार्यालय
2/1/51/ए-4 बड़ा डाकखाना के बगल में सिविल लाइन्स,फैजाबाद
फोन : 05278-223035
वाराणसी कार्यालय:
18/2पू.बी.1/11 इमलीक कालोनी प्रथम तल चेतना भवन अनन्ता कालोनी, नदेसर, वाराणसी। फोनः 0542-2502011
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंर्तगत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन ही होंगे।
Email-anandchetnanews@gmail.com

अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का ट्रेलररिलीज हो गया है। अक्षय कुमार भारतीय सिनेमा के बहुमुखी अभिनेताओं में से एक हैं , और अब वे अपनी आगामी फिल्म ह्यसरफिराह्न के जरिये बड़े पर्दे पर एक अनोखी कहानी लाने के लिए पुरो तरह तैयार हैं, जो स्टार्ट-अप और एविएशन के डायनामिक वर्ल्ड पर आधारित है। 12 जुलाई को दुनिया भर में के सिनेमाघरों में सरफिरा अपनी दमदार कहानी से लोगों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सरफिरा का ट्रेलर रिलीज हो गया है ।

स्वतंत्र चेतना
www.swatantrachetnanews.com
12 प्रयागराज,बुधवार, 19 जून 2024

प्रधानमंत्री मोदी काशी की भव्य गंगा आरती में हुये शामिल, मां गंगा का किया पूजन-अर्चन

मां गंगा का आचमन कर दिखाई उनके प्रति अपार श्रद्धा, उतारी मां गंगा की आरती

स्वतंत्र चेतना

वाराणसी । केन्द्र में लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार शाम को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आभार यात्रा पर आए। मेहदीगंज में पचास हजार से अधिक किसानों से संवाद के बाद प्रधानमंत्री सीधे दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा के तट पर पहुंचे। दुल्हन की तरह फूलों से सजे घाट पर गंगा सेवा निधि के विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल होने के पूर्व प्रधानमंत्री ने घाट पर बने जेटी से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा का आचमन किया। विधि विधान से मां गंगा का पूजन कर उनकी आरती उतारी और पूरे देश को जल संरक्षण का बड़ा संदेश दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री गंगा सेवा निधि के गंगा आरती में शामिल हुए।

डमरू और घंटियों की धुन के बीच पांचवीं बार गंगा आरती में शामिल प्रधानमंत्री ने मां गंगा के प्रति अपार श्रद्धा दिखाई। मां गंगा की विशेष म्हाआरती, लयबद्ध भजन गायन के बीच परंपरागत वेशभूषा में नौ अर्चकों को मां गंगा की आरती और 18 कन्याओं को ऋद्धि-सिद्धि के रूप में मां को चवंर डुलाते देख प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आह्लादित नजर आये। खास बात यह रही कि मां गंगा के भजनों को प्रधानमंत्री भी गुनगुनाते दिखे। लगभग 55 मिनट तक प्रधानमंत्री विशेष आरती के साथ घाट पर गंगा स्त्रोत, शिव तांडव का विहंगम गान पूरे श्रद्धाभाव से हाथ जोड़ कर सुनते रहे। इस दौरान घाट पर अध्यात्म की नैसर्गिक सुंदरता देखते ही बन रही थी। फूलों के वन्दनवार से दुल्हन की तरह सजे घाट की मढ़ियों पर रखी कुर्सियों पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बैठे रहे। गंगा आरती ज्योतिषाचार्य पं. चंद्रमौलि उपाध्याय के देखरेख में हुई।

इसके पहले घाट पर जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे वहां पहले से मौजूद हजारों श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के परम्परागत गगनभेदी उद्घोष से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने भी लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। लोगों का अपने प्रति प्यार देख प्रधानमंत्री अभिभूत दिखे। फूलों की सजावट, रेड कारपेट और रात के अंधेरे में भी सुबह जैसी रोशनी से दमकते घाट पर इस दौरान सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। इस दौरान गंगा घाट दीपावली पर्व की जगह जगमगाती नजर आई। घाट को 10 क्विंटल से अधिक फूलो सूरजमुखी, रजनीगंधा, बेला और गेंदा की माला से सजाया गया था।

एक नजर

स्वाति मालीवाल ने राहुल, उद्धव, अखिलेश व शरद पवार से मिलने का मांगा समय

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर अपने साथ हुए दुर्व्यवहार पर चर्चा के लिए आम आदमी पार्टी की राज्य सभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और शरद पवार से मिलने के लिए समय मांगा है। इसके लिए इन नेताओं को पत्र लिखा है। स्वाति मालीवाल ने आज मंगलवार (18 जून) को लिखे गए पत्र में कहा है कि वह जवाब और प्रतिक्रिया का इंतजार करेंगी। सांसद स्वाति मालीवाल ने अपने साथ हुए मारपीट मामले को लेकर एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को पत्र लिखते हुए उम्मीद जताई कि उन्हें भी जल्द न्याय मिलेगा।

कांग्रेस को हिंदुओं पर भरोसा नहीं : प्रमोद कृष्णम

गाजियाबाद। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से ही सांसद बने रहेंगे। वहीं वायनाड की उनकी खाली की गई सीट से प्रियंका गांधी उपचुनाव लड़ेंगी। प्रियंका इस चुनाव के बहाने लोकतंत्र में चुनावी राजनीति का आगाज करेंगी। कांग्रेस के पूर्व नेता प्रमोद कृष्णम ने अब इस फैसले को लेकर तंज कसा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा,ह्लप्रियंका गांधी कांग्रेस में सबसे अधिक लोकप्रिय चेहरा हैं। उन्हें तो कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। लेकिन वह नई पारी की शुरूआत कर रही हैं। उपचुनाव में टिकट देकर उनके कद को छोटा करने की कोशिश की गई है।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंजूर की भवानी रेवन्ना की जमानत

बेंगलुरु,वार्ता। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत दी। उन पर महिला के अपहरण का आरोप है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की एकल पीठ ने मंगलवार को यहां कहा, पुलिस को आरोपी से यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि वह उस तरह से जवाब देगा जिस तरह से पुलिस चाहती है। यह कानून नहीं है। न्यायालय ने अपहरण के आरोपों के बीच पूर्व सांसद की मां भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत भी दे दी।न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा, मैंने महिला को अनावश्यक या टालने योग्य हिरासत से बचाने में कदम आगे बढ़ाया है। हमारे सामाजिक ढांचे में वे परिवार का केंद्र हैं।

रोहित पवार का दावा, हमारे संपर्क में एनसीपी के 19 विधायक

महाराष्ट्र। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के नेता रोहित पवार ने दावा किया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व में सत्तारूढ़ राकांपा के 18 से 19 विधायक राज्य विधानमंडल के आगामी मानसून सत्र के बाद उनके पक्ष में आ जाएंगे। पत्रकारों से बात करते हुए, रोहित पवार ने कहा कि ऐसे कई एनसीपी विधायक हैं जिन्होंने जुलाई 2023 में संगठन में विभाजन के बाद पार्टी के संस्थापक शरद पवार और अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ कभी भी बुरा नहीं बोला। अहमदनगर जिले के कर्जत-जामखेड से विधायक ने कहा कि शरद पवार और अन्य राकांपा (सपा) नेता इस बात पर फैसला करेंगे कि किसे वापस लेना है।

सेना के आरआर अस्पताल ने त्वचा बैंक सुविधा शुरू की

नई दिल्ली,वार्ता। सेना के रिसर्च और रेफरल अस्पताल (आर एंड आर) ने एक अत्याधुनिक त्वचा बैंक सुविधा केन्द्र की शुरूआत की है।सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में यह अपनी तरह की पहली सुविधा है। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को आग में जलने के कारण शरीर में गंभीर बीमारी और त्वचा से संबंधित अन्य बीमारियों के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।यह त्वचा बैंक स्किन ग्राफ्ट के संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में काम करेगा। इस तरह यह देश भर में सैन्य चिकित्सा केंद्रों को महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करेगा। इस सुविधा केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को सबसे उन्नत स्किन रिप्लेसमेंट उपचार सुविधा प्रदान करना है।

असम में बाढ़ से बिगड़े हालात

एक लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई और आठ जिलों में 1.05 लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में आ गए। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, बक्सा, बारपेटा, दरांग, धेमाजी, गोलपारा, करीमगंज, नागांव और नलबाड़ी जिलों में बाढ़ के कारण 1,05,700 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया है कि करीमगंज सबसे बुरी तरह प्रभावित है, जहां 95,300 से अधिक लोग पीड़ित हैं, इसके बाद नागांव है जहां लगभग 5,000 लोग प्रभावित हुए हैं और धेमाजी में 3,600 से अधिक लोग बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं।

राज्य के केवल चार जिलों में लगभग 6,000 लोग बाढ़ के पानी से पीड़ित थे। इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 34 है। प्रशासन एक जिले में 11 राहत शिविर चला रहा है, जहां 3,168 लोगों ने शरण ली है, और एक जिले में तीन राहत वितरण केंद्र चला रहा है। प्राधिकरण ने पिछले 24 घंटे के दौरान बाढ़ पीड़ितों के बीच 21.5 क्विंटल चावल, 3.81 क्विंटल दाल, 1.14 क्विंटल नमक और 114 लीटर सरसों तेल वितरित किया है।

एएसडीएमए ने कहा कि वर्तमान में, 309 गांव पानी में डूबे हुए हैं और राज्य भर में 1,005.7 हेक्टेयर फसल क्षेत्र क्षतिग्रस्त हो गया है। बोंगाईगांव, चिरांग, धेमाजी, गोलपारा, होजई, नागांव, तामुलपुर, दरांग, नलबाड़ी, लखीमपुर और उदलगुरी में बाढ़ के पानी से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एएसडीएमए ने कहा कि वर्तमान में, कामपुर में कोपिली नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। व्यापक बाढ़ के कारण, राज्य भर में 62,173 से अधिक घरेलू जानवर और मुर्गे प्रभावित हुए हैं।

ओडिशा के बालेश्वर में गोहत्या के संदेह में दो समुदायों में झड़प

भुवनेश्वर। ओडिशा के बालेश्वर में गोहत्या के संदेह में दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद भड़की हिंसा और आगजनी की घटनाओं के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया। यह फैसला सोमवार दोपहर से देरशत तक हुए उपद्रव के बाद बिगड़े हालात के मद्देनजर लिया गया।

प्रशासन ने शहर के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया है। अगले आदेश तक सभी दुकानें, बाजार, स्कूल और कॉलेज बंद रहने के आदेश दिए गए हैं।।

एसपी (बालेश्वर) सागरिका नाथ का कहना है कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाया गया है। उन्होंने नागरिकों से घरों से बाहर न निकलने की अपील की। एक-दूसरे को मारने-काटने पर आमादा भीड़ ने गोलापोखरी, मोतीगंज और सिनेमा चौक में जमकर हिंसा की है।

कृषि और किसान का कल्याण प्रधानमंत्री,भाजपा व एनडीए सरकार की प्राथमिकता : शिवराज

स्वतंत्र चेतना

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में भाग लेने शहर में आए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई।

दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी आज पहली बार काशी आ रहे हैं। प्रधानमंत्री करीब 20 हजार करोड़

किसानों के खाते में डालेंगे। कृषि और किसान का कल्याण पीएम, भाजपा और एनडीए सरकार की प्राथमिकता रही है। इसलिए सबसे पहला फैसला प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि किसान के खाते में पहुंचाने का फैसला किया।बनारस आने के पहले कृषि मंत्री ने अपने सोशल मीडिया के एक्स अकाउंट पर लिखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित है। आज प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ह्यपीएम किसान सम्मान निधिह्न की 17वीं किस्त के तहत 9.26 करोड़ किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित करेंगे। अब तक ह्यपीएम किसान सम्मान निधिह्न से करोड़ों किसान लाभान्वित हुए हैं, यह योजना किसानों के जीवन को आसान व कृषि को प्रोत्साहित करने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुई है। पत्रकारों से वार्ता के दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे।

दिल्ली में झुलसाने वाली गर्मी का कहर जारी

नयी दिल्ली,वार्ता। राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में लोगों को फिलहाल झुलसाने वाली गर्मी के कहर और लू के थपेड़ों से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम विभाग ने राजधानी में सोमवार को भीषण गर्मी के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया था, जो आज भी जारी है। राजधानी और आसपास के इलाकों में दिन और रात के तापमान में उछाल देखा गया है। सोमवार की रात इस मौसम की सबसे गर्म रात थी, जिसने पिछले छह सालों का रिकॉर्ड टूट तोड़ दिया। दिल्ली में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री तक पहुंच गया और अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। दिल्ली में दिन में लू के थपेड़ों से लोग परेशान है।

हिमाचल में कांस्टेबल के 1226 पदों पर भर्ती

● उम्मीदवारों को आयु में एक वर्ष छूट

शिमला,वार्ता। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में पुलिस विभाग में आरक्षी (कांस्टेबल) के 1226 पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतमत आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने को स्वीकृति प्रदान की गई।

इस छूट के साथ अब सामान्य वर्ग के उम्मीदवार 18 से 26 वर्ष की आयु तक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, गोरखा, प्रतिष्ठित खिलाड़ी 18 से 28 वर्ष तक और होमगार्ड 20 से 29 वर्ष की आयु तक पुलिस विभाग में कांस्टेबल पद की भर्ती के लिए पात्र होंगे। मंत्रिमंडल ने नौनिहालों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग में 6297 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति सहित विभिन्न सरकारी विभागों में 6630 से अधिक पद सृजित कर इन्हें भरने को स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 200 पद सृजित करने और भरने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, मंत्रिमण्डल ने राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोशिएट प्रोफेसर तथा सहायक प्रोफेसर के 22 पद भरने को मंजूरी प्रदान की। लोगों को घर-द्वार के निकट बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन में प्रोफेसर के तीन तथा एसोशिएट प्रोफेसर के दो पद, श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नैरचौक, मंडी में प्रोफेसर के दो तथा एसोशिएट प्रोफेसर का एक पद, पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा में विभिन्न विभागों में प्रोफेसर के चार तथा एसोशिएट एवं सहायक प्रोफेसर के पांच-पांच पद भरे जाएंगे।

चुनावी हिंसा पर बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट में सौंपी रिपोर्ट

● 560 शिकायतें मिली हैं

कोलकाता। राज्य सरकार ने चुनाव बाद हिंसा मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय को रिपोर्ट सौंपी है। राज्य पुलिस के डीजी संजय मुखर्जी की तरफ से सौंपी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि अब तक कितनी एफआईआर दर्ज की गई है और क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार की तरफ से बताया गया है कि अब तक 560 शिकायतें मिली हैं। राज्य के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी और एक संगठन ने चुनाव बाद हिंसा को लेकर हाई कोर्ट में मामला दायर किया है। यह रिपोर्ट उन दो मामलों को लेकर 14 जून को हाई कोर्ट के आदेश के मद्देनजर राज्य पुलिस के डीजी ने सौंपी है। मामले की सुनवाई अगले गुरुवार को होगी। गत छह जून को हाई कोर्ट ने कहा था कि हिंसा रोकने के लिए केंद्र और राज्य को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उच्च न्यायालय ने राज्य पुलिस महानिदेशक संजय मुखर्जी को चुनाव बाद हिंसा के संबंध में ईमेल के माध्यम से शिकायतें दर्ज करने को कहा है। शिकायतों की गंभीरता को समझने के बाद डीजी इसे संबंधित थाने को भेजेंगे। पुलिस को उसके आधार पर एफआईआर दर्ज करनी होगी। कोर्ट ने प्रत्येक मामले में कानून के मुताबिक त्वरित और उचित कार्रवाई करने को कहा है। यह मामला ह्लह्लराष्ट्रवादी वकीलह्लह्न नामक संगठन द्वारा दायर किया गया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि राज्य में चुनाव के बाद विपक्षी कार्यकताओं को निशाना बनाया जा रहा है और पुलिस मुक दर्शक बनी हुई है।

श्रीनगर में होगा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह

नयी दिल्ली,वार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में होगा।

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव गणपतराव जाधव ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय - स्वयं और समाज के लिए है जो व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका को उजागर करता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने प्रत्येक ग्राम प्रधान को एक पत्र भेजा है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रसार और जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह 45 मिनट का होगा और इसमें विभिन्न योगासन किये जाएगें। पूरे समारोह का प्रसारण 22 भारतीय भाषाओं, छह संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त भाषाओं और नौ अन्य प्रमुख विदेशी भाषाओं में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया में भारतीय राजदूतावास में योग के कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा 170 देशों में योग के कार्यक्रम आयोजित करने की पुष्टि हुई है।



केंद्रीय मंत्री ने बताया कि श्रीनगर में योग दिवस समारोह स्थल पर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में कश्मीर की स्थानीय औषधियों और जुड़ी बूटियों तथा स्टार्टअप के स्टाल लगाये जाएगे।

श्री जाधव ने योग दिवस से संबंधित कार्यक्रमों का ब्यौरा देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को चिह्नित करने के लिए आयुष मंत्रालय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के साथ मिलकर ह्यस्पेस के लिए योगह्न नामक एक अनूठी पहल का आयोजन कर रहा है। इसरो के सभी वैज्ञानिक और अधिकारी कॉमन योग प्रोटोकॉल के दिशानिर्देशों के अनुसार एक साथ योग करेंगे। गगनयान परियोजना की टीम भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के वैश्विक अभियान में योगाभ्यास कर भाग लेगी।

इस अवसर पर आयुष राज्य मंत्री ने दृष्टिबाधितों के लिए योग को आसानी से सीखने और अभ्यास करने के लिए सामान्य योग प्रोटोकॉल पुस्तक ब्रेल और बच्चों के लिए प्रोफेसर आयुष्मान नामक एक कॉमिक पुस्तक का लोकार्पण किया गया।

योग के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए, आयुष मंत्रालय ने योग टेक चैलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उन स्टार्टअप्स या व्यक्तियों की पहचान करना और उन्हें बढ़ावा देना है जिन्होंने योग से संबंधित उपकरण, विकसित सॉफ्टवेयर और संबंधित उत्पाद बनाए हैं।दिल्ली में, आयुष मंत्रालय ने 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ समझौते किए हैं। मंत्रालय को ब्रह्मकुमारी, आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि, गायत्री परिवार, ईशा योग केंद्र, इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंसेज, हार्टफुलनेस और अन्य जैसी सामाजिक संगठनों से भी सहयोग मिल रहा है। जनता को शामिल करने के लिए, आयुष मंत्रालय ने कई प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का शुभारंभ किया है। एक पहल परिवार के साथ योग वीडियो प्रतियोगिता है, जिसे भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के साथ मिलकर आयोजित किया गया है। यह प्रतियोगिता दुनियाभर के परिवारों को योग समारोहों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती है। वीडियो जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून है।

श्री मोदी के सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा को दिए गए प्रस्ताव के बाद 11 दिसंबर 2014 को सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।